RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 179
फरीदाबाद, शनिवार, 08 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सिंधु, प्रणीत और सिक्की चार महीने बाद कोर्ट पर लौटे

स्पोर्ट्स - 11

## कोरोना मीटर

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 19,141,627 |
| मौतें | 715,802 |
| ठीक | 11,597,912 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 2,069,883 |
| मौतें | 42,335 |
| ठीक | 1,415,748 |

स्रोत: www.covid19india.org

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 39.05°C
न्यूनतम 28.09°C

## न्यूयार्क फेस्टिवल में सनराइज डाक्यूमेंट्री को मिला बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**जींद** जिले के गांव बीबीपुर के पूर्व सरपंच सुनील जागलान की सामाजिक गतिविधियों पर केंद्रित फिल्म सनराइज को न्यूयार्क फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डाक्यूमेंट्री का अवॉर्ड मिला है। इससे पहले राष्ट्रपति द्वारा इस डाक्यूमेंट्री को दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। न्यूयार्क फिल्म फेस्टिवल के लिए करीब तीन हजार फिल्मों ने आवेदन किया था, जिसमें से 60 फिल्म इस फेस्टिवल के लिए चयनित की गई थीं।



- जींद के बीबीपुर गांव के पूर्व सरपंच सुनील जागलान पर आधारित है डाक्यूमेंट्री
- फिल्म फेस्टिवल के लिए तीन हजार फिल्मों ने किया था आवेदन, साठ फिल्मों का हुआ चयन



सनसाइज फिल्म की डायरेक्टर विभा बख्शी हैं, जबकि एडीटर हेमंती सरकार हैं। सुनील जागलान सेल्फी विद डाटर फाउंडेशन एंड कंपेन के संयोजक हैं और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी फाउंडेशन के सलाहकार के तौर पर कार्य कर रहे हैं। बीबीपुर ग्राम पंचायत ऐसी है, जो देश में सबसे पहले डिजिटल हुई। इस पंचायत को अब हरियाणा सरकार डिजिटल ग्राम सभाओं के लिए मॉडल के रूप में अपनाने जा रही है। साथ ही सुनील के प्रस्ताव पर सरकार विकास एवं पंचायत विभाग की अपनी एप बनाने पर भी विचार कर रही है, ताकि इस एप पर समस्त योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी मिलने के साथ ही ग्राम सभाओं की बैठकें भी इसी के जरिए की जा सकें।

विभा बख्शी की डाक्यूमेंट्री सनराइज में सुनील जागलान के सरपंच पद से लेकर महिला सशक्तीकरण की यात्रा और राष्ट्रपति द्वारा गोद लिए गए गांवों में बीबीपुर मॉडल ऑफ वूमेन एंपावरमेंट एंड विलेज डेवलेपमेंट तक हर कार्य को दिखाया गया है। जागलान द्वारा खाप पंचायतों में महिलाओं को शामिल करने का संघर्ष तथा मेवात में किए जा रहे महिला सशक्तीकरण के कामों को भी विशेष तौर पर दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति से प्रशंसा पा चुके जागलान के द्वारा किए गए महिला सशक्तीकरण पर किए गए काम अब धारावाहिक के रूप में भी देखने को मिलेंगे। इसमें सुनील को महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ते हुए दिखाया गया है।

## ओवैसी के खिलाफ न्यायालय में अवमानना याचिका

**नई दिल्ली।** अयोध्या प्रकरण में उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर शीर्ष अदालत को कथित रूप से बदनाम करने और उस पर आक्षेप लगाने के कारण एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ अवमानना कार्यवाही के लिए शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई। न्यायालय की अवमानना याचिका अधिवक्ता और एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि ओवैसी ने अयोध्या में इस सप्ताह भूमि पूजन से पहले एक समाचार चैनल पर शीर्ष अदालत की शुचिता और विवेक के बारे में कथित रूप से बदनाम करने वाले बयान दिए।

## क्विक न्यूज

### पुंछ में सुरक्षाबलों ने ध्वस्त किया आतंकी ठिकाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के लिए सुरक्षाबल लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं। इसी क्रम में पुंछ जिले के शशितार वन क्षेत्र में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान एक आतंकी ठिकाना मिला, जिसे सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। इस आतंकी ठिकाने से दो एके-47 और चार मैगजीन बरामद हुई हैं। इस सफल ऑपरेशन ने आतंकियों द्वारा क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक कोशिश को नाकाम कर दिया है।

### पश्चिमी अफ्रीका के तट पर नौका पलटने से 27 की मौत

**डकार ( सेनेगल )।** पश्चिमी अफ्रीका में मॉरिटानिया और पश्चिमी सहारा के बीच तट पर एक नौका के पटलने से उसमें सवार कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार बृहस्पतिवार को हुई इस दुर्घटना में 40 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है।

### विस अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री चौटाला को लिखी चिट्ठी

**चंडीगढ़।** सार्वजनिक नीति निर्माण में विधायकों की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सक्रिय हो गए हैं। प्रदेश में जल्द बनने वाली उद्यम प्रोत्साहन नीति में विधायकों के सुझाव शामिल करने के लिए शुक्रवार को उन्होंने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को पत्र लिखा। उन्होंने कहा है कि उद्यम प्रोत्साहन नीति प्रदेश के बड़े वर्ग को प्रभावित करेगी, इसलिए इसमें चुने हुए जनप्रतिनिधियों की सहभागिता जरूरी है। गौरतलब है कि विस अध्यक्ष ने एक दिन पहले विधायकों के लिए प्रशिक्षण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया था।

### रेवाड़ी में अवैध शराब की 1180 पेटी बरामद

**चंडीगढ।** अवैध शराब की तस्करी को रोकने के अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने रेवाड़ी जिले से एक ट्रक में लाए जा रहे अवैध देशी शराब के 1,180 डिब्बों को बरामद किया है। राज्य पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि गुप्त जानकारी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक नाके पर ट्रक को रोककर माल बरामद किया और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

11 राज्यों के स्टूडेंट्स की सुप्रीम कोर्ट में गुहार, हालात सामान्य होने तक

# जेईई-नीट की परीक्षा स्थगित की जाएं

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देशभर** में कोरोना के कारण स्थगित हुई कई परीक्षाएं रद्द और स्थगित की जा चुकी हैं। ऐसे में जेईई और नीट कैंडिडेट्स भी लगातार परीक्षा स्थगित करने की मांग कर रहे हैं। अब 11 राज्यों के स्टूडेंट्स ने सुप्रीम कोर्ट में दोनों प्रवेश परीक्षाओं को स्थगित करने के लिए याचिका दायर की है। याचिका में स्टूडेंट्स ने 1 से 6 सितंबर को होने वाली दोनों परीक्षाओं को फिलहाल टालने की अपील की है। स्टूडेंट्स का कहना है कि स्थितियां सामान्य होने के बाद ही परीक्षा कराई जाएं।



- 01 से 06 सितंबर को होनी है परीक्षाएं
- परीक्षा केंद्रों में बढोतरी करने की भी अपील की
- उम्मीदवारों के नए आवेदन और परीक्षा केंद्रों का चयन करने की सुविधा की मांग

एडवोकेट अलख आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि हमने याचिका के जरिए सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि कोविड-19 संकट खत्म होने के बाद ही परीक्षाएं करवाई जाएं। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों में बढ़ोतरी की बात भी अपील में है। कहा गया है कि देश के हर जिले में कम से कम एक एग्जाम सेंटर बनाया जाए। जेईई और नीट के उम्मीदवारों के नए आवेदन पत्र देने और परीक्षा केंद्रों का चयन करने की सुविधा भी दी जाए। कोरोना के कारण बनी स्थिति के बाद अप्रैल में होने वाली जेईई (मेन) 2020 की परीक्षा 1-6 सितंबर तक होगी। जबकि नीट-यूजी की परीक्षा 13 सितंबर को होनी है। स्टूडेंट्स लगातार इसे स्थगित करने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर स्टूडेंट्स सोशल मीडिया पर भी अपनी लगातार विरोध कर रहे हैं। इससे पहले भी यह परीक्षाएं स्थगित की गई थीं, जिसके बाद अब फिर जारी हुए फाइनल शेड्यूल के मुताबिक यह परीक्षाएं सितंबर में आयोजित होनी हैं।

बारिश के कारण एयर इंडिया का विमान लैंडिंग के वक्त दुर्घटनाग्रस्त, 195 थे सवार

# दो हिस्सों में बंटा विमान, पायलट की मौत, कई जख्मी

**एजेंसी।** कोझिकोड

**केरल** के कोझिकोड में करीपुर एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान शुक्रवार रात को करीब 8 बजे के आसपास लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। विमान फिसलकर रनवे के साथ बनी खाई में जा गिरा और दो हिस्सों में बिखर गया। इस विमान में 10 नवजात समेत 189 यात्री सवार थे। छह क्रू मेंबर समेत इनकी संख्या 195 बताई जा रही है। इस हादसे में एक पायलट की मौत हो चुकी है, जबकि को-पायलट गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। इसके अलावा 100 से अधिक यात्रियों को भी गंभीर चोट पहुंची, जिन्हें उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



कोंडोट्टी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया की दुबई-कोझिकोड उड़ान (आईएक्स-1344) शुक्रवार की शाम 7.45 बजे लैंडिंग करते वक्त फिसल गई। जानकारी के अनुसार यह हादसा बारिश की वजह से रनवे गीला होने के चलते हुआ। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मामले की विस्तृत जांच का आदेश दिया है। फिसलने के बाद विमान करीब 30 फीट गहरी खाई में जा गिरा। यात्रियों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। बता दें कि कोझिकोड का हवाई अड्डा भौगोलिक रूप से टेबल टॉप है, मतलब हवाई पट्टी के इर्द-गिर्द खाई है। इसी कारण रनवे चूकने के बाद विमान फिसलकर खाई में जा गिरा। हादसे में अभी किसी यात्री के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

## इडुक्की में भूस्खलन से 15 की मौत, 57 लापता

**इडुक्की।** भारी बारिश और बाढ़ के चलते केरल के इडुक्की जिले के राजमला इलाके में भूस्खलन हो गया। हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 10 लोगों को बचाया गया है वहीं 57 अभी लापता हैं। बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की टीम को तैनात किया है। वन अधिकारी और अन्य आपातकालीन सेवा के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं।

हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब भूस्खलन हुआ तो उन्होंने बहुत जोर की आवाज सुनी। एक व्यक्ति ने कहा कि लोग बचने के लिए भाग रहे थे और पानी चला आ रहा था। केरल के राजस्व मंत्री ई चंद्रशेखरन ने कहा है कि चार श्रमिक शिविरों में लगभग 82 लोग रह रहे थे। हमें मालूम नहीं है कि भूस्खलन के समय वहां कितने लोग मौजूद थे। एनडीआरएफ की टीम अभी तक मौके पर नहीं पहुंची है। खराब मौसम के कारण फिलहाल लोगों एयरलिफ्ट कर बचाना संभव नहीं है।

## कर्नाटक में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति

**बेंगलूरू।** कर्नाटक के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बनने और भूस्खलन होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के मलनाड, तटीय और उत्तर आंतरिक क्षेत्रों में कई स्थान बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इन क्षेत्रों की अधिकतर नदियों का जलस्तर बढ़ गया हैं, वहीं कोडागु और चिक्कमगलुरु के पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के कारण भूस्खलन की खबरें आ रही हैं। बेलगावी जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है वहीं महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में हुई बारिश और वहां के बांधों से पानी छोड़े जाने से कृष्णा नदी और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है।

## अमरिंदर ने कहा, किसी को बख्शा नहीं जाएगा

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने जहरीली शराब त्रासदी के पीड़ितों के परिवारों से तरन तारन जिले में शुक्रवार को मुलाकात की और कहा कि यह दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या है और इसके लिए दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षम्य कृत्य करने वालों की संपत्ति भी जब्त की जाएगी। सिंह ने कहा कि तरन तारन में जहरीली शराब की वजह से आठ और लोगों की मौत के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 121 हो गई। जिले में अब तक इससे 92 लोगों की मौत हो चुकी है।

## इटली मछुआरों के परिवारों को मुआवजा दे, केस तभी बंद होगा : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि इटली के 2 नौसैनिकों के खिलाफ चल रहा 2 भारतीय मछुआरों की हत्या का केस अभी बंद नहीं होगा। केस तभी बंद किया जाएगा जब इटली मारे गए मछुआरों के परिजनों को मुआवजा देगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह मछुआरों के परिवार वालों का रुख जाने बिना कोई फैसला भी नहीं सुनाएगा।



करीब एक महीने पहले इंटरनेशनल कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यह मामला भारतीय कानून के दायरे से बाहर है। हालांकि, इंटरनेशनल कोर्ट ने इटली से नुकसान की भरपाई करने को कहा था। इस फैसले के बाद केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से दोनों नौसैनिकों के खिलाफ केस बंद करने की अपील की थी। बता दें, 15 फरवरी 2012 को इटली के नौसैनिक सैलवाटोर गिरोन और मैसीमिलानो लैटोरे ने केरल के पास समुद्र में 2 भारतीय मछुआरों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भारत ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। इटली का कहना था कि यह घटना भारतीय समुद्री सीमा से बाहर हुई, इसलिए भारत कार्रवाई नहीं कर सकता। भारत का कहना था कि मारे गए मछुआरे भारतीय हैं तो कार्रवाई भी भारत करेगा।

## एनडीआरएफ की वर्दी पर अब तिरंगा लगा दिखेगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के बचावकर्मियों द्वारा बचाव अभियान के दौरान पहनी जाने वाली नारंगी वर्दी पर अब तिरंगा लगा हुआ दिखाई देगा। अधिकारियों ने कहा कि इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पिछले साल अगस्त में हुई राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की बैठक में यह फैसला लिया गया था। एनडीआरएफ ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा है कि अभियानों के दौरान पहनी जाने वाली बल की वर्दी में सीने के बाईं ओर तिरंगा लगा होगा।

## प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी यूपीएससी के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** शिक्षाविद प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी को शुक्रवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यूपीएससी भारत के नौकरशाहों एवं राजनयिकों समेत अहम पदों पर नियुक्ति के लिए सिविल सेवा परीक्षा का आयोजन करता है।

जोशी अभी तक आयोग के सदस्य थे। छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के लोक सेवा आयोगों के अध्यक्ष रहे जोशी मई 2015 में यूपीएससी के सदस्य बने थे। एक आधिकारिक



बयान के मुताबिक जोशी को यूपीएससी के निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद सक्सेना ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जोशी 12 मई 2015 को आयोग के सदस्य के रूप में शामिल हुए थे।

सुरक्षा में सेंध

# एके-47 से लैस तीन युवा ट्रंप के रिसॉर्ट में घुसे

**एजेंसी।** फ्लोरिडा

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। फ्लोरिडा स्थित ट्रंप के रिसॉर्ट में शुक्रवार को तीन युवा एके-47 राइफल के साथ घुस गए। हालांकि पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पाम बीच पुलिस ने बताया कि कि ट्रंप उस वक्त वहां नहीं थे, रिसॉर्ट फिलहाल बंद है। ट्रंप का यह आलीशान रिसॉर्ट फोर्ट लाउडेरडेल में है। इसका नाम मार-ए-लेगो है।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह मार-ए-लेगो से करीब तीन किलोमीटर दूर एक संदिग्ध कार देखी गई। पुलिस जैसे ही इसके करीब



पहुंची तो कार ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ा दी। कार मार-ए-लेगो के करीब पहुंची। इसमें से तीन युवक निकले और रिसॉर्ट की तरफ भागे। तीनों ने रिसॉर्ट की दीवार फांदी और गार्डन तक पहुंच गए। हेलिकॉप्टर और स्निफर डॉग की मदद से इन्हें खोजा गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि इन लोगों ने राइफल खरीदी नहीं बल्कि चोरी की थी।

# गृहमंत्री ने जिस आईएएस को दागी बताया दुष्यंत ने उसे दी क्लीन चिट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में लॉकडाउन के दौरान हुए कथित शराब घोटाले पर एसईटी की जांच रिपोर्ट को लेकर गृहमंत्री अनिल विज और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आमने-सामने हो गए हैं। अनिल विज ने अपनी सिफारिश में जिस आईएएस अधिकारी पर सवाल उठाए थे उसे दुष्यंत चौटाला ने क्लीन चिट दे डाली। मनोहर के दो बड़े मंत्रियों के इस मुद्दे पर आमने-सामने होने के बाद यह साफ हो गया है कि शराब घोटाले में कार्रवाई की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं।

हरियाणा में लॉकडाउन के दौरान हुए कथित शराब घोटाले की जांच के लिए आईएएस टीसी गुप्ता की अध्यक्षता में बनाई गई तीन सदस्यों वाली एसईटी ने पिछले सप्ताह अपनी रिपोर्ट दी थी। इस रिपोर्ट का अध्यन करने के बाद गृहमंत्री विज ने गुरुवार को इस मामले में आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त आईएएस शेखर विद्यार्थी तथा सोनीपत की तत्कालीन एसपी प्रतीक्षा गोदारा को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए और मामला विजिलेंस ब्यूरो को सौंप दिया। विज के तमाम दावों और एसईटी की जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एसईटी की रिपोर्ट अपने आप में सवालों के घेरे में हैं। उपमुख्यमंत्री (जिनके पास आबकारी एवं कराधान विभाग है) ने बताया कि लॉकडाउन के बाद 26 मार्च को उन्होंने खुद सभी जिलों में शराब ठेके बंद करने के निर्देश जारी किए थे। 27 मार्च को इस संबंध में कंपलाइंस रिपोर्ट आ गई।

आईएएस शेखर विद्यार्थी को बेहतर प्रशासक बताते हुए दुष्यंत ने कहा कि उन्हें जो निर्देश दिए गए हैं उन्होंने उनका पालन करते हुए कार्य किया है। दुष्यंत ने परोक्ष रूप से पुलिस की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पुलिस की खामियों को आबकारी विभाग पर थोपना उचित नहीं है।



- शराब घोटाले में एसईटी की रिपोर्ट पर आमने-सामने हुए दुष्यंत और विज
- उपमुख्यमंत्री ने एसईटी की रिपोर्ट को नकारा, बोले पुलिस की जांच में रही कदम-कदम पर खामियां



### पहले से दर्ज एफआईआर में पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

उपमुख्यमंत्री चौटाला ने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व समय के दौरान आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा वर्ष 2019 में 14 मामले दर्ज करवाए गए थे। इन केसों में पुलिस की जांच बेहद ढीली रही। पुलिस की जांच ट्रक चालकों से आगे नहीं बढ़ सकी। इन केसों में पुलिस का रवैया बेहद आपत्तिजनक रहा है। इन मामलों पर भी पुलिस विभाग को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।


### एसईटी ने जो सिफारिशें की वह पहले से लागू

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एसईटी की जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा है कि रिपोर्ट देने से पहले उन्हें वर्तमान प्रक्रिया का भी अध्यन करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अपनी रिपोर्ट में एसईटी ने कुल 12 सिफारिशें की हैं। जिनमें सीसीटीवी कैमरे आदि लगाना मुख्य रूप से शामिल है। दुष्यंत ने दावा किया कि आबकारी व कराधान विभाग अपनी आबकारी नीति में पहले ही यह संशोधन किए जा चुके हैं। प्रदेश के सभी शराब कारखानों में यह सिफारिशें पहले से ही अमल में आ चुकी हैं।

-राइट विजन-

## सिर्फ अपना बचाव करके ही दे सकते हैं कोरोना को मात : गुप्ता

अभी तक कोरोना की वैक्सीन नहीं बन पाई है। ऐसे में हमें यह मानकर चलना होगा कि फिलहाल हमें कोरोना के साथ ही जीना है। पहले ही देश को काफी आर्थिक नुकसान हो चुका है। ऐसे में हम ज्यादा दिनों तक लॉकडाउन होकर भी नहीं रह सकते। हमें अपने काम नियमित रूप से करने होंगे। प्रत्येक व्यक्ति को डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए अपनी, परिवार और समाज की सुरक्षा करनी होगी। यह कहना है कि सुधा रस्तोगी डेंटल मेडिकल कॉलेज के सचिव दीपक गुप्ता का। श्रीगुप्ता शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और दीपक गुप्ता की बातचीत के अंश :-**



**जीवन परिचय**

**नाम** : दीपक गुप्ता
**जन्मदिन** : 27 अगस्त
**पिता** : धर्मवीर गुप्ता
**माता** : संतोष गुप्ता
**पत्नी** : डॉ. गरीमा गुप्ता
**परिवार** : एक बेटा व एक बेटी
**स्कूल** : 12 वीं : सेंट जॉन्स स्कूल, सेक्टर 7
**उच्चशिक्षा** : बीकॉम-दिल्ली विश्वविद्यालय, एमबीए - लंदन
**रूचि** : म्युजिक सुनना व क्रिकेट खेलना

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने कॅरियर की शुरूआत कैसे की।**
**जवाब** : पानीपत में वर्ष 1997 से हमारे परिवार का एनसी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग चल रहा था। वर्ष 2001 में बीकॉम करने के बाद मैने फरीदाबाद स्थित कॉलेज के कार्यालय में काम करना शुरू कर दिया। करीब दो साल अनुभव लेने के बाद वर्ष 2004 में एमबीए करने लंदन चला गया। वर्ष 2006 में लौटकर मैने पूरी तरह अपने संस्थानों का काम सम्भाल लिया।

**सवाल : आपके परिवार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्यों कदम रखा।**
**जवाब** : मेरे दादाजी नेमचंद गुप्ता स्वतंत्रता सेनानी थे। देश की आजादी के लिए वे कई बार जेल भी गए थे। वे जेल में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जेलसिंह के साथ रहे थे। उनके द्वारा समाज में बनायी गई परिवार की अच्छी छवि को बरकार रखने के लिए हमने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कदम रखा।

**सवाल : आपके कौन-कौन से शिक्षण संस्थान चल रहे हैं।**
**जवाब** : हमने दादाजी के नाम पर पानीपत में वर्ष 1997 में एनसी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग शुरू किया। वर्ष 1998 में पानीपत में ही एनसी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, वर्ष 2000 में ग्रेटर फरीदाबाद में सुधा रस्तोगी डेंटल मेडिकल कॉलेज, वर्ष 2010 दादी जी शांतिदेवी के नाम पर डेंटल कॉलेज परिसर में 120 बैड का मल्टीस्पेशिलिटी जरनल अस्पताल और वर्ष 2014 में पानीपत में 500 बैड का एनसी मेडिकल कॉलेज शुरू किया। प्रदेश सरकार ने मेडिकल कॉलेज को एमडी के लिए एनओसी दी है। केंद्र सरकार के पास आवेदन किया हुआ है।

**सवाल : ग्रेटर फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल खोलने का निर्णय क्यों लिया।**
**जवाब** : इस इलाके में स्वास्थ्य सुविधाओं का काफी अभाव था। इलाज के लिए जाना पड़ता था। इलाके के लोगों की मांग पर हमने सभी सुविधाओं से युक्त अस्पताल की शुरूआत की। अस्पताल में सिर्फ 10 रुपये के ओपीडी कार्ड पर जांच की जाती है। अन्य अस्पतालों के मुकाबले यहां बेहद कम कीमत पर इलाज किया जाता है।

**सवाल : लॉकडाउन में विद्यार्थियों को पढ़ने की क्या व्यवस्था है।**
**जवाब** : लॉकडाउन में संस्थान के सभी विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी से ऑनलाइन पढ़ाया जा रहा है।

**सवाल : लॉकडाउन में फीस न आने पर आपने स्टाफ की कैसे मदद की।**
**जवाब** : हमने 30 हजार रुपये तक लेने वाले सभी कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया। वरिष्ठ अधिकारियों को उनकी सहमति से थोड़ी बहुत कटौती कर वेतन दिया।

**सवाल : कोरोनाकाल में आपके संस्थान ने क्या योगदान दिया।**
**जवाब** : हमने दो लाख रुपये सीएम रिलीफ फंड और एक लाख रुपये साईधाम संस्थान को दिए हैं। पानीपत स्थित मेडिकल कॉलेज को सरकार ने कोविड अस्पताल बना है। जहां मरीजों का निशुल्क इलाज हो रहा है। अभी तक सरकार की तरफ से हमें कोई राशि नहीं दी गई है।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**
**जवाब** : सरकार ने ठीक समय पर लॉकडाउन किया था। लॉकडाउन नहीं होता तो स्थिति बिगड़ सकती थी।

### संक्षिप्त समाचार

#### प्रथम चरण में दस हजार पौधे लगाने का लक्ष्य



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधा लगाने की मुहिम जारी की हुई है। जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने प्रथम चरण में 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा हुआ है। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस कड़ी के अंदर प्राधिकरण द्वारा आज जुडिशल एनक्लेव सेक्टर-15, फरीदाबाद में 50 फलदार पौधों का रोपण किया गया। जिनमें आम अमरूद नींबू कड़ी पत्ता बैगन बुलिया अन्य फलदार पौधे लगाए गए। पौधों के रोपण की शुरुआत राजेश गर्ग अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने की। नरेंद्र शर्मा, केपी सिंह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, कुमुद गुगनानी डीजे परिवारिक न्यायालय फरीदाबाद व संदीप चौहान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व विवेक चौधरी, किमी सिंगला, मोहम्मद सगीर जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आदि ने भी अलग-अलग पौधारोपण करके प्राधिकरण के इस कार्यक्रम को सफल बनाया। राजेश गर्ग ने कहा कि पौधा लगाना अलग बात है। उनकी देखभाल करते हुए उन्हें बड़ा करना व उनका लालन पोषण करना उससे भी बड़ा कार्य है। इस मौके पर प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता गण रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम, रामवीर तंवर, ओम प्रकाश सैनी आदि उपस्थित रहे।

#### रोटरी क्लब आईएमटी ने श्रमिकों का करवाया कोविड टेस्ट



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आईएमटी ने एचएसआईआईडीसी के सहयोग से श्रमिकों का कोविड टेस्ट करवाया। रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पृथला के विधायक नयनपाल रावत के बड़े भाई यशपाल रावत मौजूद रहे। जबकि सम्मानीय अतिथि के रूप में एचएसआईआईडीसी के इस्टेट ऑफिसर विकास चौधरी व क्लब के असिस्टेंट गर्वनर अमरजीत सिंह लांबा मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व डिस्ट्रिक गर्वनर विनय भाटिया, डिस्ट्रिक सेकेटरी अमित जुनेजा, क्लब के चार्टर प्रेसीडेंट रोटेरियन मनोज आहूजा, चीफ पैटर्न पप्पूजीत सिंह सरना, चार्टर सेक्रेटरी विकास टांटिया, चार्टर कोषाध्यक्ष अमित जुनेजा, वाइस प्रैसीडेंट मोहिंद्र अरोड़ा, ज्वाइंट सैकेटरी समीर सपरा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। क्लब के अन्य सदस्य रोटेरियन राजेश शर्मा, राजेश महेंद्रु, वीपी गोयल, साहिल मेहता, कुनाल बवेजा, राजीव गुप्ता, हेमंत शर्मा, आशु कुमार, अनूप दमानी, सतीश सिंघल, साहिब सिंह, डा. मनी आहुजा, नीलकंठ मैर आदि उपस्थित रहे। जबकि रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के प्रधान रोटेरियन वेद अदलक्खा व रोटेरियन गुलशन नारंग मौजूद रहे। वहीं फिम्टा से प्रधान वीरभान शर्मा, जीएस दहिया, सुभाष चंद्र भी मौजूद रहे। रोटेरियन पीजेएस सरना व मनोज आहुजा ने बताया कि क्लब के गठन के पहले प्रोजेक्ट के तौर पर आईएमटी के 140 श्रमिकों का कोविड टेस्ट करवाया गया। जिसमें से 8 लोग पॉजिटिव निकले। वहीं रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित यशपाल रावत ने रोटरी क्लब आईएमटी के प्रयासों की सराहना की।

#### हर खुशी के मौके पर लगाए जा रहे हैं पौधे : जसवंत



**फरीदाबाद।** युवा समाज सेवी जसवंत पंवार की सांसें मुहीम के अंतर्गत लोगों का पर्यावरण के प्रति लगाव बढ़ता जा रहा है और जिसे लोग अपने पारिवारिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनाते जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत कोई अपने जन्मदिवस के अवसर पर पौधे लगा रहा है तो कोई अपनी शादी की वर्षगांठ के शुभ अवसर पर तो कोई पारिवारिक कार्यक्रमों के दौरान, जो कि एक अच्छी बात है। लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत हीरापुर के सिद्ध बाबा मंदिर के प्रागण में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सांसे मुहिम के संयोजक जसवंत पंवार ने बताया की ये पौधा रोपण कार्यक्रम दीपक आजाद जन सेवक के सहयोग उनके छोटे भाई निखिल कौशिक के जन्मदिन के उपलक्ष में किया गया है। इस अवसर पर युवाओं ने शपथ ली कि वह भी अपने जन्मदिन और खुशी के मौके पर पौधे अवश्य लगाएंगे। ग्राम पंचायतों के युवाओं के पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए अब यह मुहिम ग्राम पंचायतों के सहयोग से गांव-गांव तक पहुंचने का कार्य कर रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत हीरापुर के युवाओं के सहयोग से भाई के जन्मदिन के उपलक्ष में गांव के मंदिर प्रांगण में युवा साथी दीपक आजाद के सहयोग से 101 पौधा त्रिवेणी (नीम, पीपल, बढ़, चांदनी, अमरुद, जामुन, गुड़हल, सिस्स, बालम खीरा) के पौधे लगाए गए।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 35.26 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.09 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- डबुआ सब्जी मंडी आढ़ती व विक्रेताओं के लिए खुलने समय: रात 12 से सुबह 5 बजे
- शहर की डिस्पेंसरियों में सैनिटाइजेशन सुबह 9 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना ओपीडी की शुरूआत : सुबह 8 बजे
- आवश्यक बस्तुओं की दुकानें खुलेगी: सुबह 9 से शाम 7 बजे तक

### निवेश गुरु

#### 10 हजार लगाकर बनाए 20 हजार करोड़

शेयर बाजार से पैसे कमाना कोई आसान खेल नहीं है. लेकिन भारत में एक इस शख्स ने इस बात को गलत साबित कर दिया है. इस शख्स की कहानी कुछ ऐसी है कि इन्होंने शेयर बाजार में 10 हजार रुपये से शुरुआत करके 20 हजार करोड़ रुपये के मालिक बन गया। आइए आपको बताते हैं कौन हैं यह शख्स ? ये शख्स कोई और नहीं बल्कि स्टॉक मार्केट के ट्रेडर और इन्वेस्टर राकेश झुनझुनवाला हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

#### रवीन्द्रनाथ टैगोर को नमन

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के निर्देश में वर्चुअल शिक्षण के अन्तर्गत बच्चों को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके साहित्यिक जीवन से अध्यापकों तथा बच्चों को परिचित करवाया। बच्चों को बताया कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता में हुआ था। रवींद्रनाथ टैगोर एक उपन्यासकार, कवि, नाटककार, चित्रकार, गीतकार और दार्शनिक थे। रवींद्रनाथ टैगोर एशिया के प्रथम व्यक्ति थे, जिन्हें नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की आज पुण्यतिथि है, महान विचारक और कवि गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर ने देश के राष्ट्गान 'जन गण मन' और बांग्लादेश के राष्ट्गान 'आमार सोनार बांग्ला' की रचना की थी। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवीन्द्र नाथ टैगोर ने कई बेहतरीन और प्रेरणादायक विचार दिए।

### क्विक न्यूज

#### जान से मारने की धमकी का आरोप

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के जनरल सैकेट्री मुकेश मिस्त्री खैरालिया ने सेक्टर-22 स्थित कार्यालय पर निगम कर्मचारी की बैठक की। इस दौरान मिस्त्री खैरालिया ने निगम कर्मचारी यूनियन के नेता नरेश कुमार शास्त्री, सुनील चिण्डालिया, गुरूचरण खाण्डिया, नानकचंद खैरालिया, बलवीर सिंह बालगुहेर, महेन्द्र कुण्डिया, रघुबीर चौटाला, प्रेमपाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि विगत 10 जून 2020 को निगम मुख्यालय बीके चौक स्थित ईओ ब्रांच में उनकी यूनियन अखिल भारतीय संघ के अध्यक्ष मण्डल के साथ अभद्र व्यवहार किया व रास्ता रोका, गाली-गलौच की व जान से मारने की धमकी दी व मारने करने पर उतारू हो गए।

## तोड़फोड़ के नाम पर निगम का हाईवोल्टेज ड्रामा

### तोड़फोड़ में भेदभाव और सीलिंग के नाम पर दिया अभयदान

**राजेश दास। फरीदाबाद**

**हर बार** की तरफ इस बार भी तोड़फोड़ के नाम पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा शहर में सिर्फ हाईवोल्टेज ड्रामा ही दिखाया गया। निगम ने तीन दिवसीय तोड़फोड़ अभियान शुरू किया था, लेकिन दो दिनों तक तोड़फोड़ और सीलिंग के नाम पर नगर निगम की तरफ से खानापूर्ति की गई।

लेकिन तीसरे दिन शुक्रवार को निगम के ड्यूटी मजिस्ट्रेट के बीमार हो जाने वजह से तोड़फोड़ की कार्रवाई रद्द कर दी गई। शनिवार और रविवार को निगम कार्यालय की छुट्टी है। सोमवार को निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी या नहीं यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। वैसे भी तोड़फोड़ और सीलिंग के नाम पर निगम द्वारा सिर्फ दिखावे के लिए खानापूर्ति ही की गई है। दो



दिनों में निगम द्वारा एनएच-1 और 5 में सिर्फ छांट-छांट कर खानापूर्ति के लिए तोड़फोड़ की गई है। वहीं कुछ अवैध निर्माणों को तोड़ने की बजाए दिखावे के लिए सीलिंग की गई है। वहीं जिन बाजारों में निगम द्वारा दिखावे का अतिक्रमण हटाया गया था। वहां अब फिर पहले की तरह कब्जे हो गए हैं।

#### फिर हो गया अतिक्रमण

शहर के बाजारों में दुकानदारों द्वारा किए जाने वाले अतिक्रमण की वजह से हर रोज लोगों को परेशानी हो रही है। दुकानदारों ने बाहर कई फुट आगे तक सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। वहीं शहर के कुछ बाजारों में दुकानदारों द्वारा सामने फड़ लगाने वालों से किराया वसूला जा रहा। अतिक्रमण की वजह से इन बाजारों में जाम लगा रहता है। जिससे छूटकारा दिलवाने के लिए पिछले दिनों नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने एनएच पांच और एनएच एक की मार्केट में पूरे दलबल के साथ अतिक्रमण हटाने के दावे किए थे। यहां भी अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई थी। तोड़फोड़ दस्ते के बाजार से जाते ही दुकानदारों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया है।

#### सीलिंग के नाम पर अभयदान तो नहीं

नगर निगम का तोड़फोड़ दस्ता जिस तरह से एनएच-5 में पहुंचा तो लोगों को लगा इस बार बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जाएगी, लेकिन इस बार भी निगम की तोड़फोड़ सिर्फ हाईवोल्टेज ड्रामा ही साबित हुई। दिखावे की तोड़फोड़ के बाद निगम के दस्ते ने अवैध रूप से बनी इमारतों को सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान डीसीपी कार्यालय के पास बनी एक इमारत और अन्य को सील किया गया। ऐसे में स्थानीय लोग सवाल खड़े कर रहे थे कि निगम ने यहां तोड़फोड़ करने की बजाए सीलिंग की कार्रवाई की। इससे स्पष्ट हो जाता है कि निगम ने सीलिंग कर इन अवैध इमारतों को एक तरह से अभयदान दे दिया है, क्योंकि शहर के एनआईटी इलाके में निगम इससे पहले भी दर्जनों अवैध निर्माणों को सील कर चुका है, लेकिन यह कुछ दिनों बाद ही खोल ली जाती है और इनमें फिर से निर्माण कार्य शुरू हो जाता है। सीलिंग खुलने के बाद निगम अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं देते हैं।

#### तोड़फोड़ में भेदभाव का आरोप

एनएच-1 , 2, 3 और 5 में सैंकड़ों की संख्या में नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण बने हुए हैं। इनमें ज्यादातर स्थानों में रिहायशी प्लॉट पर व्यवसायिक इमारतें बनाई गई हैं। दर्जनों स्थानों पर अभी भी लगातार अवैध रूप से निर्माण कार्य चल रहा है। अवैध निर्माणों को गिराने के लिए हाईकोर्ट पहले कई बार आदेश दे चुका है। कोर्ट का आदेश आने पर भी निगम द्वारा दिखावे के लिए तोड़फोड़ कर अपना कर्तव्य पूरा किया जाता है। शहर में अतिक्रमण अवैध निर्माण की शिकायत आने पर निगम ने बुधवार और बृहस्पतिवार को तोड़फोड़ कर कार्रवाई सिर्फ दिखावे के लिए ही की है। निगम ने बुधवार को बाटा चौक के नजदीक से अपना अभियान शुरू किया था। यहां थोड़ा बहुत अतिक्रमण हटाने के बाद कुछ दूरी पर स्थित एक निर्माणाधीन दुकानों को गिराया। अन्य अवैध निर्माणों को छोड़ एनएच एक मार्केट पहुंच गए। एनएच पांच में निगम एक चार मंजिला अवैध इमारत के तीन कॉलम तोड़ कर खतरा पैदा कर दिया। कॉलम टूटने से इमारत कभी गिर सकती है। इसके अलावा एक आध जगह तोड़फोड़ कर अपना काम पूरा कर दिया।

सिटी इश्यू



फोटो : राजेश पुंजानी

#### सील तोड़ने पर नहीं होता मुकदमा

एनआईटी इलाके में सक्रिय भूमाफिया निगम के अधिकारियों से मिलीभगत कर धड़ाधड़ अवैध निर्माण कर रहे हैं, लेकिन इनके खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अदालत या सरकार की तरफ आदेश आने पर निगम द्वारा सीलिंग की कार्रवाई अब तक दर्जनों बार की जा चुकी है। भूमाफिया कुछ दिनों बाद मामला ठंडा होने पर खुद ही सील खोलकर काम शुरू कर देते हैं। दोबारा निर्माण कार्य शुरू होने पर निगम अधिकारी अपनी आंखें मूंद कर बैठ जाते है। सील खुलने पर मुकदमा दर्ज करवाना तो दूर नगर निगम द्वारा निर्माण कार्य रोकने की जरूरत भी महसूस नहीं की जाती। चिमनीबाई धर्मशाला, डीएवी कॉलेज और तिकोना पार्क तक के रास्ते पर निगम ने अनेक अवैध निर्माणों को सील किया था। इन सभी जगह सील खोल कर निर्माण कार्य किया जा चुका है। निगम के प्रत्येक जोन में संयुक्त आयुक्त, एससी, एक्सईएन, एसडीओ और जेई तैनात है। अवैध निर्माण रोकने की जिम्मेदारी भी इन्हीं की होती। लेकिन निर्माण हो जाने के बाद इन अधिकारियों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं होती। कार्रवाई का डर न होने की वजह से ही अधिकारी अवैध निर्माण की छूट देते हैं।

## धूम्रपान की सूचना न देना डायरेक्टर हैल्थ को पड़ा भारी

### आरटीआई

#### 25 हजार रुपये जुर्माना वेतन से काटने और आवेदनकर्ता को दो हजार रुपये हर्जाना देने के जारी किए हैं आदेश

**कविता। फरीदाबाद**

प्रदेशभर में खुली सिगरेट की बिक्री पर 22 अगस्त 2016 में हरियाणा के गर्वनर ने पाबंदी लगा दी थी। दो वर्ष बाद चार अप्रैल 2018 को सेक्टर-9 निवासी आरटीआई कार्यकर्ता आरपी शर्मा ने धूम्रपान निषेध कानून की अनुपालन की सूचना देने के लिए आरटीआई लगाई। लेकिन सूचना आयुक्त के समक्ष डारेक्टर जनरल स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा ने जानकारी नहीं दी। जिस पर सूचना आयुक्त ने 25 हजार रुपये जुर्माना वेतन से काटने और आवेदनकर्ता को दो हजार रुपये हर्जाना देने के आदेश जारी किए हैं।




#### धूम्रपान देता है कैंसर को बढ़ावा

आरपी शर्मा का कहना है लूज सिगरेट और खुलेआम बिक रहे तम्बाकू से जिले में कैंसर को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन विभाग यदि दस हजार करोड़ रुपये कैंसर पर खर्च कर रहा है, तो इससे बेहतर वह किरयाने, परचून और पनवाड़ी की दुकानों पर खुले में बिक रही सिगरेट और तम्बाकू की बिक्री पर पाबंदी लगा दें। इससे कैंसर को बढ़ावा मिल रहा है, अगर खुले में बिक रही सिगरेट की बिक्री बंद होती है तो कैंसर की बीमारी पर करोड़ों रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे।

#### यह है पूरा मामला

वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्ता आरपी शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त 2016 में हरियाणा के गर्वनर ने लूज सिगरेट की बिक्री पर पाबंदी लगा दी थी। लेकिन प्रदेशभर में अब भी 80 प्रतिशत से ज्यादा लूज सिगरेट धड़ल्ले से बिक रही हैं। जिस पर चार अगस्त 2018 को उन्होंने एक आरटीआई चीफ सेक्रेटरी कार्यालय में लगाई। उन्होंने आरटीआई को डायरेक्टर जनरल हेल्थ को भेज दिया और जबाब देने को कहा, लेकिन डायरेक्टर जनरल हेल्थ की तरफ से आरटीआई का न तो जवाब ही दिया गया और न ही प्रथम अपील के बाद कोर्ट में केस की सुनवाई पर ही हाजिर हो सके। जिस पर कमिश्नर ने डायरेक्टर जनरल हेल्थ पर जुर्माना और हर्जाना लगा दिया। जुर्माने की 25 हजार की रकम हरियाणा सरकार के खाते में जमा होगी और दो हजार रुपये का हर्जाना आरटीआई कार्यकर्ता को दो साल बाद भी जवाब न मिलने पर दिया जाएगा।

#### कोरोना को बढ़ावा



शर्मा की माने तो धूम्रपान करने वाले कोरोना वाइरस के संक्रमण के चपेट में आसानी से आ रहे हैं। क्योंकि वे सिगरेट को उंगलियों के बीच पकड़ते हैं और उनकी उंगलियों से उनके मुंह में वायरस आसानी से प्रवेश कर जाता है। वहीं धूम्रपान करने वाला व्यक्ति पहले ही कमजोर फेंफड़ों या फेंफड़े के रोगों का शिकार होता है जोकि उनमें गंभीर बीमारी के जोखिम को और बढ़ा देता है।

स्लेजहैमर समूह की एक और बड़ी पहल

फ्री एम्बुलेंस सेवा



इस सेवा का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय लोगों को दिया जा रहा है।

जरूरतमंद फ्री एम्बुलेंस के लिए फोन करें।

9899885190
9899882050

SledgeHammer | SLEDGEHAMMER CRICKET ACADEMY | पायनियर

# जिला स्वास्थ्य विभाग खुद ही दे रहा कोरोना को बढ़ावा

## पॉजिटिव के सम्पर्क में आने वाले का नहीं लिया सैम्पल

### लिफ्ट ऑपरेटर न होने से सोशल डिस्टेंसिंग की उड़ रहीं धज्जियां

**कविता। फरीदाबाद**

जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा बृहस्पतिवार की शाम को जिला उपायुक्त के साथ एक बैठक करके बताया कि अब जिले में पॉजिटिविटी रेट में कमी आ गई है। जिस पर उपायुक्त को अधिकारियों ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में कोरोना संक्रमण में तेजी से गिरावट आएगी। यह घोषणा जिला संकट समन्वय समिति की बैठक में की गई थी। लेकिन जिला स्वास्थ्य विभाग की इस बैठक के अगले ही दिन जब पायनियर की तरफ से इन सभी बातों की जांच करने का प्रयास किया गया तो हकीकत कुछ और ही सामने आई।



**ये है हकीकत**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिला उपायुक्त ने निर्देश जारी किए थे कि कोरोना पॉजिटिव मरीजों के सम्पर्क में आए लोगों को जल्द ही ट्रेस किया जाए, लेकिन शुक्रवार को बीके अस्पताल में मौजूद आईडीएसबी कोरोना लैब में पॉजिटिव के सम्पर्क में आए लोगों के सैम्पल ही लेने से मना कर दिया गया। अस्पताल में जांच करवाने पहुंचे एक व्यक्ति ने बताया कि वह दो दिन पहले पॉजिटिव हुए एक मित्र के सम्पर्क में आए हैं। उन्हें किसी तरह के कोई लक्षण नहीं है, लेकिन वह पॉजिटिव के सम्पर्क में आने के कारण अपनी कोरोना की जांच करवाने पहुंचे तो उनका कार्ड बन गया। लेकिन जांच करने से यह कहते हुए मना कर दिया कि जब आपमें किसी तरह के लक्षण नहीं है तो जांच करवाना व्यर्थ है। जिस पर उन्होंने जांच की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें बिना जांच किये ही एक घंटे तक चक्कर कटवाने के बाद वापस लौटा दिया। जिस पर वह दिल्ली के नांगलोई में जांच करवाने के लिए रवाना हो गए।

**सोशल डिस्टेंस नहीं**

वहीं बीके अस्पताल में कोरोना महामारी को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। शुक्रवार को यहां लिफ्ट में एक साथ भीड़ लगाकर मरीजों को जाते हुए देखा गया। लिफ्ट में न तो कोई लिफ्ट ऑपरेटर ड्यूटी पर तैनात था और न ही कोरोना से बचाव का कोई संदेश लोगों को दिया जा रहा था। पायनियर की तरफ से ली गई इस फोटो को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अस्पताल में किस तरह से कोविड-19 महामारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## कोरोना विस्फोट : 159 पॉजिटिव आने से आंकड़ा पहुंचा 9828



**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिले** में कोरोना महामारी का आतंक कम नहीं रहा है। शुक्रवार को 159 मरीजों की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। वहीं कोरोना को मात देने वाले 185 मरीज बताए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ विभाग ने सूचना जारी की है कि किसी को भी अपने आस-पास संदिग्ध मरीज की जानकारी मिले तो उसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग के हेल्पलाइन नंबर 0129-2415623 पर या जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 0129- 222 1000 व 1950, पर जानकारी दें। वहीं अपने मोबाइल में आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करने के निर्देश भी जारी किए है। ताकि अपने आस-पास के संदिग्ध मरीजों की सूचना प्राप्त होती रहे।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक सैंपल | 88389 |
| रिपोर्ट नेगेटिव आई | 78059 |
| रिपोर्ट आनी शेष बॉकी | 502 |
| अब तक पॉजिटिव | 9828 |
| अब तक ठीक | 8807 |
| अब तक मौत | 138 |
| क्रिटिकल हालत | 44 |
| आईसीयू में भर्ती | 08 |

**यहां से हैं पॉजिटिव**

पिछले 24 घंटे में विभाग ने 159 पॉजिटिव पाये जाने की पुष्टि की है। जिसमें बल्लभगढ़, एनआईटी, जवाहर कालोनी, एसी नगर, खेड़ी कलां, संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, सेक्टर-16, सेक्टर-23ए, सेक्टर-19, सेक्टर-तीन, सेक्टर-35, चावला कालोनी और सुभाष कालोनी के मरीज शामिल है।

## छीना-झपटी और चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 85 ने शहर में चोरी और छीना झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रफीक व वाजिद दोनों मूल रूप से एसजीएम नगर फरीदाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने आरोपियों के बारे में बताया कि आरोपियों को थाना एसजीएम नगर की छीना-झपटी की वारदात में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि दोनों नशे के आदी हैं। शहर में चोरी और छीना-झपटी की वारदात को अंजाम देते हैं। इससे पहले भी आरोपियों का पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड रहा है।



आरोपियों ने थाना सूरजकुंड एरिया में वर्ष 2019 में चोरी की पहली वारदात को अंजाम देकर अपराध शुरू किया था। उसके बाद आरोपियों ने वर्ष 2020 में थाना डबुआ एरिया में स्नैचिंग की एक वारदात और चोरी की एक वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना डबुआ में दर्ज है। आरोपियों से पुलिस ने वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की है।

## अब दादागिरी नहीं चलेगी, 348 आरोपी गिरफ्तार

### नो मोर दादागिरी इन फरीदाबाद अभियान में आई तेजी : पुलिस आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पिछले** एक महीने से अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने नो मोर दादागिरी इन फरीदाबाद अभियान चलवाया हुआ है। पुलिस कमिश्नर के मार्गदर्शन पर फरीदाबाद पुलिस ने पिछले एक महीने में अपराध पर अंकुश लगाते हुए कई अपराधियों पर नकेल कसकर उनको सलाखों के पीछे भेजा है। फरीदाबाद क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से 3 जुलाई से 2 अगस्त 2020 तक 348 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

**ये आरोपी पकड़े**

इस अभियान के तहत फरीदाबाद पुलिस ने 49 पीओ (भगोड़े अपराधी) को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा बेल जंपर के खिलाफ भी कार्यवाही करते हुए 56 गिरफ्तार किए गए। इस दौरान फरीदाबाद पुलिस ने एक मोस्ट वांटेड और एक पैरोल जंपर को गिरफ्तार किया।



शहर में एटीएम चोरी करने वाली गैंग पर शिकंजा कसते हुए एक गैंग का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस कामयाब रही। पुलिस ने दो लूट की वारदातों को सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 28 गृह भेदन के मामले सुलझाए गए हैं। जिसमें 30 आरोपी गिरफ्तार किए गए। वाहन चोरों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 56 वाहन चोर गिरफ्तार कर 53 वाहन चोरी की घटनाओं को सुलझाया गया। 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 सामान्य चोरी के मामले भी सुलझाए गए हैं। शहर में सक्रिय झपटमारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 23 आरोपियों को दबोच 17 वारदातों का पर्दाफाश किया। अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर 31 मामले दर्ज किए गए हैं। नशे के कारोबार पर भी फरीदाबाद पुलिस ने शिकंजा कसा है। पुलिस ने 7 मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए हैं। जिसमें 7 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए 83 मुकदमें दर्ज कर कार्यवाही करते हुए 81 आरोपियों को दबोचा।

**पुलिस आयुक्त का कथन**



ओपी सिंह ने कहा कि फरीदाबाद पुलिस एक्शन मोड में है। अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। फरीदाबाद शहर में किसी भी सूरत में अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधियों की एक ही जगह है जेल। उनको वहां पहुंचाने का काम पुलिस अच्छे से कर रही है।

## आशा वर्करों ने शुरू की अपने हक को दो दिवसीय हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**आशा** वर्करों ने अपने हक की मांग करते हुए दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने अपनी मांगों में कहा है कि उन्हें हेल्थ वर्कर का दर्जा दिया जाए। आशाओं को सरकार के पैनल के अस्पतालों में इलाज की सुविधा प्रदान करने एवं कोविड 19 में कार्यरत आशाओं को जोखिम भत्ते के तौर पर चार हजार रूपए दिए। जब तक पक्का नहीं किया जाता, तब तक हरियाणा सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन देने और वेतन को महंगाई के साथ जोड़ने का कार्य किया जाए। उनका कहना है कि शनिवार को भी हड़ताल जारी रहेगी।



हड़ताल के समर्थन में बादशाह खान अस्पताल के सम्मुख आशा वर्करों की विरोध सभा आयोजित की गई। इस सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान हेमलता ने और संचालन जिला सचिव सुधा पाल ने किया। इस अवसर पर सीटू के जिला प्रधान निरंतर पराशर, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल एवं जिला उप प्रधान विजय झा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## युवक की संदिग्ध मौत हत्या की आशंका

**फरीदाबाद।** सेक्टर 58 की राजीव कालोनी में बीती रात अपने घर में सो रहे एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक प्रिय कुमार शर्मा राजीव कालोनी की ओमवैली में परिवार के साथ रहते है और एक कंपनी में काम करते हैं। उनका 18 साल का बेटा विवेक डिस्टेंस से पढ़ाई कर रहा था। बीती रात प्रिय कुमार, उनकी पत्नी व छोटा बेटा छत पर सो रहे थे। जबकि विवेक नीचे कमरे में सो रहा था। सुबह वह उठ कर आए तो विवेक फर्श पर मृत हालत में पड़ा था। जबकि बैडशीट से बना फंदा उसके गले में बंधा था। पुलिस को संदेह है कि विवेक ने आत्महत्या की है। जबकि परिजन हत्या की आशंका जता रहे है।

## डीएवी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की वेबिनार का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**एनएच-3** स्थित डीएवी शताब्दी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर बांग्लादेश से शोहिदुल इस्लाम ने शिरकत की। भारत से देब्जीत दत्ता बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। वेबिनार का मुख्य विषय 'पर्यटन कैसे जिंदगी संवारता है' और 'पर्यटन क्षेत्र पर कोरोना वायरस के प्रभावों' को दर्शाना था। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने किया। डॉ सविता भगत ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत करते हुए पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारें में भी विचार रखे। वेबिनार में मौजूद मुख्य वक्ता ने चर्चा के दौरान बताया की पर्यटन क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमानों पर रोजगार के अवसर प्रदान करता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर लाखों लोग इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि कोविड-19 से पर्यटन क्षेत्र में आने वाले प्रभाव बहुत जल्दी अवसर में बदलेंगे। वेबिनार के संयोजक प्रोफेसर मुकेश बंसल ने अंत में सभी का धन्यवाद किया और विभागाद्यक्ष अमित कुमार को भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजन करवाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## आज करेंगे सीएम करोड़ों की परियोजनाओं का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को जिले में करोड़ों रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। उपायुक्त यशपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री बल्लभगढ़ में नवनिर्मित राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल के भवन का उद्घाटन करेंगे। यह द्वि-मंजिला भवन करीब 6 करोड़ रूपये की लागत से तैयार किया गया है, जिसमें 20 कमरे बनाए गए हैं। इसी प्रकार गांव चंदावली में मुख्यमंत्री करीब 54 लाख रूपये की लागत से बने प्रवेश द्वार तथा करीब एक करोड़ रूपये की लागत से बनाए गए एचएसआईआईडीसी आईएमटी पार्क का उद्घाटन करेंगे। इस पार्क में बच्चों के लिए ओपन जिम व करीब दो हजार पेड़-पौधे लगाए गए हैं।

## अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रहे : भाटिया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**व्यापार** मंडल ने एनआईटी क्षेत्र के बाजारों में होने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए दुकानदारों से अपील की है। व्यापार मंडल ने दुकानदारों से कहा है कि वह नुक्सान झेलने की बजाए खुद ही अपने अतिक्रमण हटा लें। व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भाटिया ने अतिक्रमण को लेकर नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर प्रशांत कुमार से भी बात की।



उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरतंर जारी रहनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सरकार एवं निगम प्रशासन से कहा है कि बाजारों में रेहडी, पटरी वालों को हटाकर उनके लिए स्थान निर्धारित किए जाने चाहिएं, ताकि उन्हें भी रोजगार मिलता रहे और बाजारों में उनकी वजह से भीड भी ना हो। व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भाटिया ने बड़खल विधानसभा क्षेत्र में होने वाले अवैध निर्माणों को लेकर भी सवाल उठाए। भाटिया ने कहा कि अवैध निर्माण तोड़ने के साथ साथ उन अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## मोहना से रेफर गर्भवती की रास्ते में मौत



**फरीदाबाद।** एक गर्भवती महिला को मोहना स्वास्थ्य केन्द्र से बेहोशी की हालत में दर्द निवारक इंजेक्शन लगाकर रेफर कर दिया गया। बीके अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कोई शिकायत नहीं की। पलवल के गांव झुप्पा निवासी सुरेन्द्र का कहना है आठ माह की उसकी गर्भवती पत्नी सुनीता को शुक्रवार की सुबह प्रसव पीड़ा होने पर उसे मोहना स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर पहुंच गए। जहां जांच के दौरान सुनीता बेहोश हो गई। जिस पर चिकित्सकों ने सुनीता को गंभीर बताते हुए एक इंजेक्शन लगा कर बीके सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वह सुनीता को लेकर बीके पहुंचे तो चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने जब सुनीता के कागज और आधार कार्ड मांगा तो परिजनों ने बताया कि सभी कागजात मोहना स्वास्थ्य केन्द्र वालों के पास है। जिस पर चिकित्सक और स्टाफ ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाही से मना कर दिया। शव को लेकर लौट गए।

## डीएवीआईएम: राष्ट्रीय वेब टॉक में हुआ गहन मंथन

### कोविड-19 ने शिक्षा के स्थानों को डिजिटल रूप से बदलने के लिए किया मजबूर

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**कोरोना** महामारी का दौर व्यक्तियों, संगठनों और अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतीपूर्ण समय है। कोविड-19 ने हमें अपने हितधारकों के साथ संबंध बनाए रखने में सक्षम होने के लिए कार्य और शिक्षा के हमारे स्थानों को डिजिटल रूप से बदलने के लिए मजबूर किया है। डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने एक इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म बनाया, जो छात्रों और



शिक्षाविदों को तीन दिवसीय वेब-टॉक सीरीज 'डीएवीआईएम मंथन ऑफ आइडियाज़' के माध्यम से उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत करने का मौका देगा। ताकि उद्योगों पर 'कोविड-19 के प्रभाव', वर्तमान और भविष्य के प्लेसमेंट परिदृश्य पर व्यवसायों ने कैसे वापसी की और संबंधित प्रभाव पर चर्चा की जा सके। डॉ. जूही कोहली (एफसीएस) ने उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री सोम प्रकाश कैठ मुख्य अतिथि, पद्म विभूषण, प्रो. मन मोहन शर्मा, भूतपूर्व निदेशक यूनिवर्सिटी ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई शिव रमन गौर, निदेशक उच्च शिक्षा, डीएवीसीएमसी, डॉ. संजीव शर्मा, प्रिंसिपल डायरेक्टर, डीएवीआईएम, डॉ. रितु गांधी अरोड़ा, वाइस प्रिंसिपल और दिन के सभी अनुमानित वक्ता का स्वागत किया। डीएवीआईएम के प्रधान निदेशक डॉ. संजीव शर्मा ने दिन के सभी प्रसिद्ध अतिथियों और पैनलिस्ट का स्वागत किया और उन्हें इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद दिया।

स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राईवेट लिमिटेड के एमडी प्रदीप मोहंती ने इस दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया कि आने वाले समय में कारोबारी और उद्यमियों को मेहनती और अनुशासित होना पड़ेगा। उसी के आधार पर इन चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया जा सकेगा। शिव रमन गौड़ ने कहा कि इस तरह के उद्योग अकादमिक इंटरफेस के आयोजन में संस्थान के प्रयास निश्चित रूप से देश में अधिक मांग वाले संस्थान में से एक बनेंगे। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के वरिंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि छात्रों को सीखने की क्षमता, चपलता और बदलाव के लिए अनुकूलनशीलता पर ध्यान देने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक



**फरीदाबाद।** एसडीएम बैलीना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के लिए बैठक का आयोजन एसडीएम कार्यालय में किया गया। एसडीएम ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस विभाग को उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए जो भी जिम्मेदारी मिले उसे निर्धारित समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनजर स्वतंत्रता दिवस समारोह में सोशल डिस्टेंस बनाए रखा जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में कोविड-19 के बचाव बारे में बेहतर कार्य करने वाले कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन एसडीएम कार्यालय परिसर में ही किया जाएगा। आगामी 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय ध्वजारोहण, शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, एसडीएम कार्यालय को सेनेटाइज करने, पेयजल व्यवस्था तथा शहीद परिवारों तथा सम्मानित किए जाने वाले नागरिकों के बैठने की व्यवस्था सहित स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। बैठक में एसीपी जयवीर सिंह राठी, तहसीलदार सुशील कुमार शर्मा, बीईओ अन्जु मदान, सीडीपीओ अनिता शर्मा सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### कोरोना महामारी के प्रति किया जागरूक



**फरीदाबाद।** उपायुक्त के दिशा निर्देशानुसार सेक्टर-सात स्थित राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में कोरोना वायरस से बचने के लिए प्रशिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कोविड-19 के कोऑर्डिनेटर विषय विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन डॉक्टर एमपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना वायरस से बचने के लिए सरकार की गाइडलाइंस अनुसरण करना बहुत जरूरी है। सभी विद्यार्थी और अध्यापकों को सामाजिक दूरी रखते हुए मास्क लगाना चाहिए तथा सैनिटाइजर करने के बाद ही कक्षा में प्रवेश करना चाहिए। डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि पढ़ने लिखने की कोई भी वस्तु किसी अन्य विद्यार्थी से नहीं लेनी चाहिए। किसी का रुमाल, मोबाइल, पेन, पेंसिल, कॉपी-किताब इत्यादि प्रयोग नहीं करना चाहिए। किसी भी बच्चे का भोजन शेयर नहीं करना चाहिए। अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए नींबू का पानी पीते रहना चाहिए। गरम पानी या काढ़ा का सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष ने बताया कि हम सभी मेज व कुर्सियों को विद्यार्थियों के आने से पहले सैनिटाइज कराते हैं। काउंसलिंग के बाद दोबारा से दूसरे विद्यार्थी के बैठने से पहले सैनिटाइज करा देते हैं दाखिले की फीस भी ऑनलाइन ले रहे हैं आने वाले सभी विद्यार्थियों का तापमान भी चेक कराते हैं। सरकार की सभी गाइडलाइन की पालना कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर छवि, शालिनी, सरिता, वेद कुमारी, पदम सिंह, संदीप कुमार, पंजाब सिंह, सोनिया, प्रीति भंडारी, फैकल्टी बीके ज्योति व अन्य नॉन टीचिंग स्टाफ भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मनोज बने टेबल टेनिस के प्रशिक्षक



**फरीदाबाद।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा द्वारा जिला फरीदाबाद मे टेबल टेनिस खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने हेतु काफी वर्षो के अंतराल के बाद सिरसा में नियुक्त टेबल टैनिस प्रशिक्षक मनोज यादव की नियुक्ति तुरन्त प्रभाव से फरीदाबाद मे कर दी गई है। प्रशिक्षक द्वारा 6 अगस्त को जिला में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है और अब वे खेल परिसर, सेक्टर 12 में खिलाडियों को टेबल टेनिस का प्रशिक्षण देंगे। टेबल टैनिस का प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक खिलाड़ी किसी भी कार्य दिवस मे प्रशिक्षक से खेल परिसर, सेक्टर 12, फरीदाबाद मे संपर्क कर सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को विभागीय योजनानुसार प्रशिक्षक द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। ये जानकारी जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी मैरी मसीह ने दी।

### आशिमा ने किया शहर का नाम रोशन : सुमित



**फरीदबाद।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड ने यूपीएससी परीक्षा में 65वीं रैंक हासिल करने वाली आशिमा गोयल को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से उनके घर जाकर गुलदस्ता भेंट किया। मिठाई खिलाकर उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर सुमित गौड के साथ मुख्य रूप से सूरज मनी, ओमपाल शर्मा, रामपाल, वरूण आदि मौजूद रहे। सुमित गौड़ ने कहा कि आशिमा ने अपनी मेहनत और लग्न से यह मुकाम हासिल करके युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है और अगर दिल में जुनून हो तो मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। गौड़ ने बताया कि आशिमा गोयल बल्लभगढ़ के विजय नगर के 75 गज के मकान में रहती है और बिना कोचिंग के उन्होंने यूपीएससी में मुकाम हासिल किया। आशिमा गोयल ने बताया की माता-पिता की प्रेरणा और उसके साथ आईआईटी दिल्ली में पढ़ने वाले साथियों से भी प्रेरणा मिली। वहीं उन्होंने एक साल मुंबई में भी जॉब की थी। उसके बाद एक साल तक घर में रहकर कि 10 से 12 घंटे पढ़ाई की। आशिमा की इस उपलब्धि पर पिता मित्र सेन गोयल व माता मीणा गोयल सहित पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड ने कहा बल्लभगढ़ की कॉलोनी में रहने वाले बेटी ने यूपीएससी मैं 65 वी रैंक लेकर धमाल मचाया है। इस उपलब्धि पर उन्होंने आशिमा के परिवार के सदस्यों को भी बधाई दी है।

### वृक्षाबंधन अभियान के तहत लगाए पौधे



**फरीदाबाद।** नचौली स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में वृक्षाबंधन अभियान की शुरूआत की। हरियाणा सरकार के हरित हरियाणा उन्नत हरियाणा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया। प्राचार्या डॉ. सुनिधि के साथ टीचिंग-एवं नान-टीचिंग स्टाफ के सदस्यों ने मिलकर फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे महाविद्यालय परिसर में रोपे। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने हरियाणा सरकार के इस अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग ने वृक्षाबंधन अभियान के तहत तीन से 15 अगस्त तक महाविद्यालय परिवार का प्रत्येक सदस्य पौधा लगातार प्रदेश सरकार के हरित हरियाणा उन्नत हरियाणा के अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग देने के लिए बचनवद्ध है। इस अवसर पर महाविद्यालय के टीचिंग स्टाफ सदस्यों में डॉ. सुशील कुमार वर्मा एसोसिएट प्रोफेटर, डॉ. दिनेश कुमार जून, डॉ. शालिनी तुली, डॉ. एसएस गुलिया, डॉ. राकेश कुकार ने भी एक-एक पौधा लगाकर इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। नॉन टीचिंग स्टाफ ने भी अलग-अलग पौधे लगाकर सहयोग दिया।

# तावडू व सोहना में बनेगा एक-एक संस्कृति मॉडल स्कूल : संजय सिंह

## अभिभावकों और अध्यापकों में खुशी की लहर

## संस्कृति मॉडल स्कूलों से बच्चों के उत्थान को लगेंगे पंख

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**सोहना** विधानसभा में दो संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल बनेंगे। इनमें एक स्कूल तावडू व दूसरा सोहना में बनेगा। मुख्यमंत्री ने अभी हाल में हुई विधायक दल की बैठक में इस संदर्भ में स्वीकृति दे दी है। संस्कृति मॉडल स्कूल बनने से निस्संदेह यहां शैक्षणिक दृष्टि से नए आयाम विकसित होंगे।

विधायक दल की मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में नई शिक्षा नीति पर गहन चर्चा हुई। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलावों को लेकर और नए प्रावधानों पर भी मंथन हुआ। बैठक में प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने संस्कृति मॉडल स्कूलों की संख्या 98 से बढ़ाकर 104 करने का निणज़्य लिया। इसके अलावा छह ऐसी विधानसभा हैं यहां एक भी संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल नहीं है वहां विधायकों की मांग पर संस्कृति मॉडल स्कूल खोलने का निणज़्य लिया गया। विधायक संजय सिंह ने बताया कि उनकी मांग पर सोहना विधानसभा में दो संस्कृति मॉडल स्कूल बनाने को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री ने स्वीकृति दे दी। विधायक ने कहा कि तावडू व सोहना शहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल बनाया जाएगा। संस्कृति मॉडल स्कूलों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। इनमें पढ़ाने वाले अध्यापकों का भी अलग से चयन किया जाता है।

### क्या कहते हैं विधायक संजय सिंह



**विधायक** संजय सिंह का कहना है कि तावडू व सोहना में 1-1 संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल बनेगा। मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री ने इस संदर्भ में स्वीकृति दे दी है। तावडू व सोहना शहर के ब्वॉयज स्कूल का इसके लिए चयन किया है। बहुत ही जल्द इन स्कूलों को संस्कृति मॉडल स्कूलों में बदलने का कार्य शुरू होगा।





तावडू शहर का ब्वॉयज स्कूल, जोकि संस्कृति मॉडल स्कूल बनेगा।

### अभिभावकों व अध्यापकों में हर्ष

**तावडू** में संस्कृति मॉडल स्कूल बनने की सूचना पर अभिभावकों व अध्यापकों में हर्ष है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य मुकेश शास्त्री ने इस संदर्भ में विधायक का आभार व्यक्त किया है।

वहीं दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने वाले संसाधन अध्यापक अराधना, अरविंद व बलबीर ने संयुक्त रूप से कहा है कि इस स्कूल के संस्कृति मॉडल स्कूल बनने से यहां दिव्यांग बच्चों के भविष्य को भी पंख लगेंगे।

### क्या कहते हैं डीईओ



**डीईओ** अनूप सिंह जाखड़ का कहना है कि विधायक संजय सिंह ने तावडू के एक स्कूल को संस्कृति मॉडल स्कूल में बदलने के लिए जो प्रयास किए उसके लिए जिला शिक्षा विभाग उनका आभारी है। इस सूचना पर अभिभावकों में भी खुशी की लहर है।

# नगर निगम की कार्यप्रणाली सुचारू रखने को अधिकारियों का समायोजन

## नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने जारी किए आदेश

## विभिन्न कार्यों के लिए नोडल अधिकारी भी किए गए नियुक्त

**गुरुग्राम।** नगर निगम की कार्यप्रणाली को सुचारू रखने के लिए नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह द्वारा अधिकारियों का समायोजन किया गया है।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशों में संयुक्त आयुक्त-2 जितेन्द्र कुमार को संयुक्त आयुक्त-1 की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार डीआरओ एवं संयुक्त आयुक्त-3 हरीओम अत्री को संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय) का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। कार्यकारी अभियंता (बागवानी) देवेन्द्र कुमार भड़ाना को जोन-2 व 3 में पार्कों एवं ग्रीन बैल्टों की मरम्मत एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी के साथ ही तालाबों के कायाकल्प, रेन वाटर हारवेस्टिंग, इलैक्ट्रिक थ्री व्हीलर प्रोजेक्ट तथा माइक्रो एसटीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारी अभियंता (बागवानी) अमरजीत बिस्ला जोन-1 और जोन-4 में पार्कों एवं ग्रीन बैल्टों की मरम्मत एवं रख-रखाव, वेस्ट टू आर्ट प्रोजेक्ट, मैनेजमेंट ऑफ अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क (एबीडीपी) एंड स्टेट बायोडायवर्सिटी प्रोजेक्ट (एसबीडीपी), अर्बन आर्ट प्रोजेक्ट, ट्रीटिड वेस्ट वाटर का पुन: उपयोग तथा प्लास्टिक वेस्ट टू रोड प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई है।

निगमायुक्त द्वारा अतिरिक्त निगमायुक्त-4 जसप्रीत कौर को बायोडायवर्सिटी पार्क संबंधी मामलों तथा रिसाइकिल्ड पानी का पुन: प्रयोग के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त निगमायुक्त-1 सुरेन्द्र कुमार को वाटर एवं सीवरेज बिलिंग मामलों, आयुध डिपो के प्रतिबंधित क्षेत्र संबंधी मामलों तथा प्रॉपर्टी टैक्स संबंधी मामलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर रोहताश बिश्नोई को ई-माध्यमों से प्राप्त होने वाली सभी प्रकार की शिकायतों के लिए नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है तथा स्ट्रीट लाईटिंग प्रबंधन संबंधी मामलों की जिम्मेदारी निगमायुक्त ने अपने पास रखी है। निगमायुक्त डीएचबीवीएनएल व एचवीपीएनएल के साथ तालमेल बनाने का कार्य भी करेंगे। ये आदेश तुरंत प्रभाव से लागू किए गए हैं।

# कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने की दर में कमी आई

**गुरुग्राम।** जिला में अब कोरोना का संक्रमण कम होता जा रहा है। कोरोना मरीजों का जो डबलिंग रेट 27 जुलाई को 52.88 था, वह अब बढ़कर 108.67 दिन हो गया है। इसका मतलब है कि गुरुग्राम में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने की दर में कमी आई है। पहले जहां लगभग 52 दिन में मरीजों की संख्या दोगुनी हो रही थी, उसकी अवधि अब बढ़कर 108 दिन से अधिक हो गई है।

जिला प्रशासन का दावा है कि स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों और गुरुग्रामवासियों के सहयोग से कोरोना संक्रमण की रफतार पर जिला में ब्रेक लगे हैं। अब मरीजों की संख्या उतनी जल्दी नहीं बढ़ रही जितनी तेजी से पहले बढ़ रही थी। उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि जिला में कोरोना मरीजों का ग्रोथ रेट कम होकर 0.87 प्रतिशत हो गया है, जो 27 जुलाई को 1.40 प्रतिशत थी।

उन्होंने कहा कि जिला में लोगों की जागरुकता के कारण ही ग्रोथ रेट में कमी हुई है, जोकि जिलावासियों के लिए खुशी की बात है। परंतु साथ ही उपायुक्त ने सभी जिलावासियों को आगाह किया है कि वे सतर्कता बरतना न छोड़ें, क्योंकि अभी कोरोना का संक्रमण जड़मूल से खत्म नहीं हुआ है। सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने बताया कि गुरुग्राम जिला में जिला प्रशासन के सहयोग से टेस्टिंग बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि अब तक जिला में लगभग 116000 सैंपल लिए जा चुके हैं। सिविल सर्जन ने दावा किया कि प्रदेश में सबसे ज्यादा टेस्टिंग गुरुग्राम जिला में की जा रही है।

# कोरोना वॉरियर स्टाफ नर्सों का किया स्वागत व सम्मान

## नागरिक अस्पताल में कोरोना नेगेटिव होकर लौटीं तीन स्टाफ नर्स

## हम होंगे कामयाब गीत गाया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



नागरिक अस्पताल में कोरोना को हराकर लौटीं तीन स्टाफ नर्सों का स्वागत करतीं सहकर्मी।

**कोरोना** नेगेटिव होकर लौटीं तीन नर्सों का सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में स्वागत किया। अपने स्वागत से गदगद स्टाफ नर्सों ने पूरे स्टाफ का धन्यवाद किया। कोरोना वॉरियर नर्सों के स्वागत के गवाह यहां मरीज और उनके तीमारदार भी बने।

नागरिक अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्स ऋतु मलिक, नेहा और कमलेश ड्यूटी के दौरान कोरोना पॉजिटिव हुई थीं। अब वे कोरोना को मात देकर ड्यूटी पर लौटी हैं। शुक्रवार को जब तीनों कोरोना वॉरियर ड्यूटी पर पहुंची तो उनके स्वागत में स्टाफ फूलमालाएं व गिफ्ट लेकर गेट नंबर-2 पर एकत्रित हुई। जैसे ही कोरोना वॉरियर स्टाफ नर्सें ऋतु मलिक, नेहा और कमलेश वहां पहुंची तो पुष्प वर्षा करके उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मैटर्न सरला देवी, संतोष देवी, असिस्टेंट मैटर्न ऊषा मेहता, नर्सिंग सिस्टर कमलेश गहलोत, इंदिरा, वर्षा, नीरू, स्टाफ नर्स कमलेश नेहरा, पूनम सहराय, सरोज, शुभलता, निशा, मोनिका, ज्योति की ओर से तीनों का स्वागत करते हुए हम होंगे कामयाब गीत गाया। इस गीत के साथ ही उन पर पुष्प वर्षा सभी सहयोगियों व सीनियर्स द्वारा किया। कोरोना पॉजिटिव से नेगेटिव होकर लौटी स्टाफ नर्सेज ने एक-दूसरे को गले मिलकर भी खुशी का इजहार किया। मैटर्न सरला देवी ने कहा कि कोरोना महामारी से लड़ते हुए जिस तरह से स्टाफ नर्सें पहली पंक्ति में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की सेवा करती हैं, वह काबिले तारीफ है। इस सेवा के साथ वे खुद भी पॉजिटिव हो रही हैं। गुरुग्राम ही नहीं, बल्कि देश-दुनिया में स्टाफ नर्सों ने इस महामारी काल में अपनी बेहतरीन सेवाएं दी हैं। नर्सेज अपने आप में सेवा की एक मिसाल हैं।

मैटर्न संतोष देवी ने भी सभी नर्सेज को बधाई देते हुए कहा कि उनके कार्यों को समाज का हर वर्ग सेल्यूट करता है। किसी भी अस्पताल में नर्सेज रीढ़ होती हैं। उनके बिना अस्पताल का संचालन संभव नहीं। कोरोना महामारी में नर्सिंग स्टाफ बहुत अधिक कोरोना पॉजिटिव हुई हैं। फिर भी वे अपनी सेवा से पीछे नहीं हट रही।

# शादी से मना करने पर युवती के पिता को घोंपा चाकू

## कई सालों से लड़की पक्ष पर रिश्ते के लिए बना रहे थे दबाव

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



बबलू की पत्नी बेहोश की हालत में। इंसेट में मृतक बबलू की फाइल फोटो।

**सोहना** में एक व्यक्ति ने बेटी की शादी करने से इंकार किया तो लड़का पक्ष की ओर से लड़की के पिता के पेट में चाकू घोंपकर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी राजस्थान मूल के व्यक्ति पर पिछले तीन वर्ष से जबरन बेटे की शादी के लिए दबाव डाल रहा था। पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। सभी आरोपी मौके से फरार हैं।

मृतक बबलू के बेटे अजय ने बताया कि पप्पू उर्फ चूहा उसकी बहन का रिश्ता अपने बेटे से करने के लिए दबाव बनाता आ रहा है। जबकि उसके परिवार का एक भी सदस्य पप्पू के बेटे से रिश्ता जोड़ना नहीं चाह रहा है।

बताया कि गुरुवार शाम सात बजे सोहना के वार्ड-20 की बांध कॉलोनी के एक कृषि फार्म हाउस में मजदूर करने वाले 48 वर्षीय बबलू को उत्तर प्रदेश का जिला मेरठ निवासी पप्पू उर्फ चूहा ने फोन करके अपने रिश्तेदार के घर पर बुलाया। बबलू के साथ उसकी पत्नी व दो बेटे साथ थे। अजय ने बताया कि पप्पू ने अपने बेटे के लिए उसकी बहन के रिश्ते की बात कही थी जिसपर उसके पिता ने पप्पू से साफ मना कर दिया। इस दौरान पप्पू ने उसके पिता से हाथापाई भी की।

उन्होंने विरोध किया तो सुमन और गुड्डी ने उन्हें पकड़ लिया। पप्पू ने आग बबूला होते हुए पास रखा चाकू उसके पिता के पेट में घोंप दिया। बाद में उन्हें नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां पर उपचार के दौरान बबलू ने दमतोड़ दिया।

### पुलिस ने किया हत्या का मामला दर्ज

**सोहना** सिटी चौकी प्रभारी एसआई सुन्दरपाल ने बताया कि मृतक के बेटे अजय की शिकायत पर पप्पू उर्फ चूहा, सुमन पत्नी रिशालू, रिशालू, गुड्डी पत्नी अशोक और अशोक समेत चार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। गुरुग्राम से आई क्राइम टीम और स्थानीय पुलिस ने घटना स्थल से सुबूत जुटाने के प्रयास किए, लेकिन पुलिस अभी तक चाकू बरामद नहीं कर सकी है।

# कंपनी में पूर्व सहकर्मी पर युवती ने लगाया बदसलूकी का आरोप

**गुरुग्राम।** यहां एक कंपनी में नौकरी कर रही एक युवती ने अपने सहकर्मी पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि वह कई दिनों से उसे फोन पर बदसलूकी कर रहा था और मैसेज से गाली-गलौच कर रहा था। इसकी शिकायत उसने हरियाणा महिला आयोग में भी की। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने शुक्रवार को बताया कि युवती के बयान दर्ज करने का प्रयास किया जा रहा है।

डीएलएफ फेज-3 यू ब्लॉक में रहने वाली एक युवती यहां एक कंपनी में नौकरी करती है। युवती ने एक युवक के खिलाफ शिकायत देकर कहा कि कुछ समय पहले दिल्ली के मालवीय नगर निवासी माधव जैन उसके साथ कंपनी में काम करता था। इस दौरान उनकी बातचीत होती थी।

युवती ने कंपनी से नौकरी छोड़ दी। लेकिन उसका सहकर्मी उसके पास कॉल करता रहता। जब उसे फोन करने से मना किया तो आरोपी उसे फोन पर बदसलूकी की। आरोपी ने वाट्सएप मैसेज करके भी उसे परेशान किया। युवती ने इसकी शिकायत हरियाणा महिला आयोग को भी दी। आयोग की सिफारिश पर गुरुवार को गुरुग्राम पुलिस ने केस दर्ज किया।

# कूड़े से भरे डंपर से कुचलकर दो नर्सिंग स्टाफ की मौत

**गुरुग्राम।** शुक्रवार की सुबह यहां इफको चौक के पास तेज रफ्तार कूड़े के डंपर से कुचलकर मोटरसाइकिल पर सवार दो नर्सिंग स्टाफ की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना होते ही डंपर चालक मौके से फरार हो गया। शुक्रवार को सेक्टर-29 थाना प्रभारी निरीक्षक जसबीर ने बताया कि डंपर चालक की पहचान हो गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह डंपर इको ग्रीन कंपनी में कूड़ा उठाने के लिए लगाया गया था।

मूलरूप से उत्तरप्रदेश के चित्तावली गांव का रहने वाला 20 वर्षीय विमल होम नर्सिंग स्टाफ का काम करता था। वह सेक्टर-8 स्थित कंपनी के पीजी में रहता था। शुक्रवार की सुबह करीब 8:30 बजे युवक अपनी साथी नर्सिंग स्टाफ यूपी के झांसी निवासी 19 वर्षीय हरदेवी की ड्यूटी खत्म होने पर उसे मोटरसाइकिल पर बिठाकर पीजी लेकर रहा था। जैसे ही वे इफको चौक पर पहुंचे तो तेज रफ्तार कूड़े से भरे डंपर की चपेट में वे आ गए। डंपर ने दोनों को कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। डंपर का चालक मौके से तुरंत फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर डंपर को जब्त कर लिया। जांचकर्ता एएसआई विनोद ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है।

## इको ग्रीन कंपनी में आउटसोर्स पर लगाया गया था डंपर

# रविंद्रनाथ टैगोर की मनाई पुण्यतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में रविंद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि देते लोग।

**विश्वविख्यात** कवि, साहित्यकार, दार्शनिक व भारतीय साहित्य के नोबेल पुरुस्कार विजेता रविंद्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने शुक्रवार को मनाई और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए।

इसी क्रम में राजेंद्रा पार्क के समाजसेवियों ने रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक राजेश पटेल ने कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर को गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंकने वाले युगदृष्टा थे। वह एशिया के प्रथम नोबेल पुरुस्कार से सम्मानित किए गए थे।

वह एकमात्र ऐसे कवि हैं, जिनकी 2 रचनाएं 2 देशों का राष्ट्रगान बनी। भारत का राष्ट्रगान जन-गण-मन और बांगलादेश का राष्ट्रगान अमार सोनार बांगला गुरुदेव की ही रचनाएं हैं।

उन्होंने बताया कि रविंद्रनाथ टैगोर का जन्म कलकत्ता में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कलकत्ता के सेंट जेबियर स्कूल में हुई थी। उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया, लेकिन बिना डिग्री प्राप्त किए ही वह स्वदेश लौट आए थे। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि रविंद्रनाथ टैगोर के बताए रास्ते पर चलकर ही देश व समाज का भला हो सकता है।

# जेबीटी-एचटेट पास अभ्यर्थियों ने शुरू किया विरोध-प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** जेबीटी-एचटेट उत्तीर्ण किए हुए युवाओं ने आखिरकार जेबीटी भर्तियां निकालने की मांग को लेकर मोर्चा खोल ही दिखा है। प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर एचटेट पास किए हुए अभ्यर्थी प्रदर्शनों का आयोजन भी कर रहे हैं। उनकी मांग व प्रदर्शन को सर्वकर्मचारी संघ और राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ भी समर्थन दे रहा है। गुरुग्राम में भी इन अभ्यर्थियों ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। ये अभ्यर्थी जेबीटी-एचटेट पास एसोसिएशन के बैनर तले प्रदर्शन आदि कर रहे हैं। बताया जाता है कि प्रदेश के 22 जिलों के जेबीटी-एचटेट पास अभ्यर्थियों ने उपायुक्तों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपे हैं, जिसमें प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की गुहार लगाई है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस का सहयोग बहुत जरूरी, समझे समाज : डॉ. गौतम तंवर



**गुरुग्राम।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. रमेश वर्मा के सौजन्य से बिलासपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों को रोग प्रतिरोधक दवा (इम्यूनिटी बूस्टर) जिला पार्षद सुशील चौहान के हाथों नि:शुल्क दवा वितरित की गई। डॉ. गौतम सिंह ने कहा कि कोरोना काल में पुलिसकर्मी कोरोना योद्धा के रूप में कार्य कर रहे हैं। दिन रात अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें संक्रमित होने का ज्यादा खतरा रहता है। इस बीमारी की कोई विशेष दवा नहीं है। हर हाल में हमें अपनी इम्यूनिटी को मजबूत रखना है। डॉ. रमेश वर्मा ने बताया इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवा पूर्ण रूप से हर्बल है, जो पेड़ पौधों के अर्क से बनी है। इसका शरीर पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता और इम्यूनिटी पावर को बढ़ाती है। पार्षद सुशील ने कहा कि डॉ. गौतम और उनकी टीम का यह सराहनीय कार्य है, जो कोरोना काल में स्वास्थ्य कर्मी पुलिसकर्मी और सफाई कर्मियों को इम्यूनिटी बूस्ट वितरित कर रहे हैं। डाक्टर गौतम सिंह समाज कार्य में तत्पर रही (एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया) मास्टर सुरेंद्र चौहान के नेतृत्व में भ्रष्टाचार जागरूक अभियान संस्था आदि से जुड़े हैं। जो देश में जागरुकता का कार्य कर रही है।

## देवीलाल स्टेडियम में 80 यूनिट रक्त एकत्रित




**गुरुग्राम।** शुक्रवार को यहां सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण व रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 80 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर का शुभारंभ जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव वीएस कुंडू व रेडक्रॉस की चेयरपर्सन शुभि ने किया। नागरिक अस्पताल की टीम ने रक्त लिया। रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता, जीएमडीए के चीफ इंजीनियर प्रदीप कुमार, प्रोजेक्ट कॉडिनेटर केसी शर्मा, एसई राजेश बंसल, देवीलाल स्टेडियम के मैनेजर सुखबीर सिंह, हेड जीआईएस सुल्तान सिंह, एमसीजी से हेल्थ सुपरवाईजर प्रेम प्रकाश भी मौजूद रहे। खास बात यह रही कि चीफ इंजीनियर प्रदीप कुमार, एसई राजेश बंसल और मैनेजर सुखबीर सिंह ने भी रक्तदान किया। यहां स्टेडियम के स्पोर्ट्स के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। चेयरपर्सन शुभि ने कहा कि रक्तदान करके हमें अधिक से अधिक लोगों को जीवनदान देना चाहिए। क्योंकि रक्त के अभाव रोजाना अनेक जिंदगियां खत्म हो जाती हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान के लिए औरों को भी प्रेरित करें और खुद भी समय-समय पर रक्तदान करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव वीएस कुंडू ने कहा कि रक्तदान को लेकर हम सबको जागरूक होना चाहिए। शिविर में रेडक्रॉस की ओर से सुरेश गुप्ता, रिटायर कर्नल पीके भल्ला, अतुल पराशर, कविता सरकार, पंकज, सरोज, रामचंद्र, जयभगवान का अहम योगदान रहा।

## चेन स्नेचर जेल भेजा

**सोहना।** चेन स्नेचिंग के मामले में रिमांड पर आया बदमाश के खिलाफ राजस्थान और हरियाणा में लूट के 19 मामले दर्ज हैं। अदालत ने आरोपी को जेल में भेज दिया। सोहना सिटी थाना पुलिस ने राजस्थान के जिला अलवर निवासी चेन स्नेचर सुनील को दो दिन की रिमांड के बाद शुक्रवार को अदालत के आदेश पर भोंडसी जिला जेल भेज दिया। एएसआई राजेश ने बताया कि सुनील ने रिमांड के दौरान बताया कि उसके खिलाफ राजस्थान और हरियाणा में 19 मामले दर्ज हैं। एएसआई राजेश ने बताया कि सुनील चेन स्नेचिंग करने के लिए नये-नये लड़कों को ट्रेनिंग देता था। उसका साथी गांव बहादुरी जिला अलवर निवासी गफ्फार बाइक चलाने में मास्टर है। गफ्फार बाइक चलाता था और वह महिलाओं के गले से सोने की चेन झपट लेता था। एएसआई ने बताया कि गफ्फार अपने घर से फरार है।

## आशा कार्यकर्ता धरना पर बैठीं



**सोहना।** सोहना के नागरिक अस्पताल में आशा वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर सीटीयू के आह्वान पर दो दिन का धरना दिया। आशा वर्कर्स ने दो दिन में मांगें पूरी न होने पर रविवार को जेल भरो आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार सुबह सोहना के नागरिक अस्पताल में आशा कार्यकर्ताओं ने खंड स्तर पर एकजुट होते हुए अपनी मांगों को लेकर खुले आसमान के नीचे धरना दिया। धरना में करीब 150 आशा वर्कर्स मौजूद थीं। आशा कार्यकर्ता सुदेश शर्मा ने बताया कि सीटीयू के आह्वान पर रविवार को जिला स्तर पर सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। तब तक उनका कार्य ठप रहेगा। आशा वर्कर्स किसी प्रकार की रिपोर्ट या डाटा तैयार नहीं करेंगी।

## किशोरी के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**सोहना।** सोहना सदर थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुरुवार को सोहना सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में कक्षा 9वीं की छात्रा अपने घर पर अकेली थी। सुबह करीब 11 बजे अपनी छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। वहां पहले से मौजूद पड़ोसी युवक सुन्दर ने अचानक से छात्रा को पीछे से पकड़ लिया। सुन्दर छात्रा से अश्लील हरकत करने लगा। जैसे-तैसे छात्रा आरोपी से अपने आपको छुड़ाकर अपने चाचा के घर भागी। वहां अपनी चाची को आप बीती बताई। कुछ समय पीड़िता का भाई घर पहुंचने पर अपनी बहन को लेकर सोहना में महिला पुलिस चौकी में पहुंचा। महिला पुलिस चौकी ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

## शराबी बेटे ने पैसे न देने पर वृद्ध मां को कुल्हाडी से काटा

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र का गांव रायसीना की सिहरौल की ढाणी में शराब के नशे में धुत बेटे ने मानसिक रूप से परेशान मां पर कुल्हाड़ी से सात बार बेरहमी से हमला करके मौत के घाट उतार दिया। मां की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अभी तक आरोपी बेटे को गिरफ्तार नहीं कर सकी। गुरुवार शाम आठ बजे सिहरौल की ढाणी निवासी 45 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र रामकिशन ने शराब के नशे में अपनी मां से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। 65 वर्षीय भतेरी ने प्रेमपाल को पैसे देने से मना कर दिया। मां के मना करने से गुस्साए प्रेमपाल ने घर में रखी कुल्हाड़ी से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार मृतक भतेरी को चंद दिन पहले ही वृद्धा पेंशन मिली थी। मृतक भतेरी के दो बेटे हैं। छोटा बेटा अपनी परिवार के साथ अलग साथ वाले घर में रहता है। एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि मृतक वृद्ध के भतीजे गांव टीकली निवासी नवीन पुत्र मांगेराम की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# केंद्र के अध्यादेशों के विरोध में सांसद के आवास पर भाकियू करेगी प्रदर्शन

## तीनों अध्यादेशों के खिलाफ किसानों ने नारेबाजी कर केंद्र के खिलाफ जताया आक्रोश

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



भाकियू कार्यकर्ता तीनों अध्यादेशों के खिलाफ नारेबाजी कर हुंकार भरते हुए।

**भारतीय** किसान यूनियन के तत्वाधान में केंद्र के कृषि से संबंधित तीनों अध्यादेशों के विरोध में लिए गए निर्णय के अनुसार नौ अगस्त को करनाल के सांसद संजय भाटिया को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके साथ ही पानीपत शहर की सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विकास खंड घरोंडा की इकाई की बैठक का आयोजन जिला सलाहकार धनेत्तर राणा व खंड प्रधान विनोद राणा की अध्यक्षता में कैमला रोड स्थित भाकियू कार्यालय में किया गया। केंद्र सरकार के तीनों अध्यादेशों के खिलाफ बैठक में आक्रोष जताते हुए भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन ने बताया कि संसद व विधानसभा के आगामी सत्र शुरू होंने से पूर्व प्रदेश के सभी लोकसभा व राज्यसभा के सांसदों और विपक्षी पार्टियों के नेताओं के घरों के आगे जोरदार प्रदर्शन करने का 28 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में पानीपत में निर्णय लिया जा चुका है। इसी कड़ी में नौ अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस पर करनाल के सांसद संजय भाटिया के पानीपत स्थित आवास पर करनाल व पानीपत के किसान पानीपत स्थित किसान भवन में एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन करने के उपरांत ज्ञापन सौंपेंगे। भाकियू के जिला सलाहकार धनेत्तर राणा ने प्रदर्शन को कामयाब बनाने हेतू कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने बताया कि नौ अगस्त को घरोंडा से सभी कार्यकर्ता अपने अपने साधनों से पानीपत की ओर कूच करेंगे। राणा ने कहा कि केंद्र के तीनों अध्यादेश किसानों के हित में नहीं है।

इन अध्यादेशों के लागू हो जाने से किसान बर्बाद हो जाएंगे। सरकार किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए समर्थन मूल्य पर खरीद गारंटी का कानून बना कर फसल भुगतान की गारंटी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह घुम्मन, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम सिंह मान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, जिला सलाहकार धनेत्तर राणा, घरोंडा खंड अध्यक्ष विनोद राणा, भाकियू सलाहकार डॉ. सत्यवीर तौमर, युवा नेता सुरेंद्र बैनीवाल, खादर क्षेत्र प्रधान लछमन राणा, कोषाध्यक्ष वासुदेव सचदेवा, शहरी प्रधान कुलदीप राणा, प्रधान बलवान बदरान, राम सिंह कैमला, सुनील राणा, नकली राणा केरवाली, अजमेर सिंह, तारा सिंह मलिकपुर, राजेंद्र राणा आदि अन्य किसान मौजूद थे।

### अध्यादेश किसान हितैषी है तो मुख्यमंत्री बुलाए सर्वदलीय बैठक

**भाकियू** नेताओं ने कहा कि अगर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल तीनों अध्यादेशों की हिमायती है, तो 15 अगस्त से पूर्व प्रदेश की सभी विपक्षी दलों के नेताओं व कृषि विशेषज्ञों सहित प्रदेश के सभी किसान संगठनों की सांझी बैठक बुला कर विशेष चर्चा करवाएं। चर्चा के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इसके साथ ही किसानों का भ्रम भी दूर हो जाएगा।

# सरकार ने राजकीय स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल बनाने पर लगाई मोहर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के बच्चे अब राजकीय स्कूल में भी इंग्लिश मीडियम में शिक्षा ग्रहण करेंगे और एक ही स्कूल में पहली से बारहवीं कक्षा तक लड़के और लड़कियां एक साथ पढ़ाई भी कर सकेंगे। इन बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की भी नियुक्ति की जाएगी। इन शिक्षकों का चयन मुख्यालय की कमेटी द्वारा किया जाएगा। इस जिले में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वितीय गेट के पास स्थित राजकीय स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल बनाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी मोहर लगा दी है।

अहम पहलू यह है कि शिक्षा विभाग निदेशालय से पत्र आते ही इस स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल के रूप में स्थापित कर दिया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग की तरफ से पूरी तैयारियां कर ली गई है। विधायक सुभाष सुधा गत्त दिवस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के द्वितीय गेट पर स्थित राजकीय स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल बनाने के प्रस्ताव को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिले।

## मॉडल संस्कृति स्कूल में इंग्लिश मीडियम में करेंगे बच्चे पढ़ाई

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राजकीय स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल बनाने पर अपनी मोहर लगा दी है। इस प्रस्ताव को जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री द्वारा तैयार किया गया था। विधायक ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि बच्चों को अब से पहले भारी-भरकम फीस देकर इंग्लिश मीडियम विषय पढ़ने के लिए निजी स्कूलों में दाखिला लेना पड़ता था, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से अब बच्चों को राजकीय स्कूल में ही इंग्लिश मीडियम में शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा मिल पाएंगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मॉडल संस्कृति स्कूल बनने से कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों को राजकीय स्कूल में अच्छी शिक्षा मिल पाएगी। इस स्कूल को इंग्लिश मीडियम बनाया जाएगा और यह स्कूल को-ऐजूकेशन का होगा।

# क्षेत्र की समस्याओं का प्रमुखता से किया जाएगा हल : साहिल गुप्ता

**असंध।** नगर पालिका चेयरमैन दीपक छाबडा व पार्षद राम अवतार जिदंल ने एसडीएम साहिल गुप्ता आईएएस का स्वागत किया। उन्होंने उपण्डल अधिकारी को असंध में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।



नपा चेयरमैन दीपक छाबड़ा एसडीएम साहिल गुप्ता का स्वागत करते हुए।

एसडीएम साहिल गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता के साथ हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर में करनाल रोड पर बन रही सड़क का निर्माण कार्य बारिशों के कारण धीमा चल रहा है। बारिशों के थमने के पश्चात निर्माण कार्य तीव्र गति से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की जो भी समस्या हो वो उनसे मिल सकते हैं ताकि उनकी समस्याओं को हल किया जा सके। एसडीएम ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के संकट के दौर सरकार व प्रशासन द्वारा जारी हिदायतों का पालन करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और मास्क का प्रयोग करें। नगरपालिका चेयरमैन दीपक छाबडा ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए शहर के वार्डों में लोगों को जागरूक कि जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्डों को सैनेटाइजर कराया गया है ताकि कोरोना वायरस के संकमण से बचाव हो सके।

# कोरोना योद्धा कहने से पेट नहीं भरता : आशा वर्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** इंद्री



**सरकारी** अस्पताल में शुक्रवार को आशा वर्कर यूनियन हरियाणा की सदस्यों ने सरकार द्वारा उनकी मांगें न माने जाने को लेकर रोष प्रदर्शन किया। आशा वर्करों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर अपनी भड़ास निकाली। काफी संख्या में जमा हुई आशा वर्करों ने अपनी काफी समय से मांगी जा रही छह मांगों को पूरा करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो पूरे हरियाणा की आशा वर्कर नौ अगस्त को जेल भरने का काम करेंगी और उसी दिन उनकी यूनियन सरकार के खिलाफ कोई और बड़ा आंदोलन चलाने के बारे में घोषणा कर सकती है। आशा वर्कर जिला प्रधान सुदेश ने बताया कि सरकार पिछले काफी समय से उनकी छह जायज मांगों को पूरा नहीं कर रही है। इन मांगों को लेकर अभी हाल ही में उनकी यूनियन की सरकार के अधिकारियों से मुलाकात भी हुई थी, लेकिन कोई हल अभी तक नहीं निकल पाया है। सुदेश ने कहा कि सरकार ने कोरोना महामारी के चलते आशा वर्करों को मान-सम्मान देते हुए ताली बजाई, फूल बरसाए और कोरोना योद्धा की उपाधि दी लेकिन इन सब बातों से हमारे परिवार का पेट तो नहीं भरेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने आशा वर्करों को फील्ड में काम करने के लिये मोबाइल फोन देने का वायदा किया था लेकिन अभी तक हमें केवल सिम ही दिया है और मोबाइल फोन नहीं।

वर्करों का कहना है कि हम अकेले सिम का क्या करें। हमारे पास इतने साधन नहीं है कि हम मोबाइल फोन और इंटरनेट अपने खर्चे से चला सकें। वहीं सरकार द्वारा आशा वर्करों को अपना सामान रजिस्टर या कोई अन्य सामग्री रखने के लिये अलमारी देने का वायदा किया था जोकि आज तक पूरा नहीं हो पा रहा है। सुदेश ने बताया कि आशा वर्करों को जोखिम भत्ता व कोरोना का सर्वे करने पर पैसे देने की बात कही गई लेकिन उसकों भी पूरा नहीं किया। हमारी मांग है कि आशा वर्कर के बीमार होने पर उसको पैनल वाले अस्पतालों में इलाज करवाने की सुविधा, पक्के कर्मचारियों के समान 24000 रुपये वेतन देने व मंहगाई व इसआई भत्ते दिये जाने चाहिये।

सुदेश ने कहा कि अब सरकार आंगनबाड़ी का काम भी आशा वर्करों को सौंपने की बात कह रही है। हमारी मांग है कि हमारे बच्चों को भी यहां शिक्षा लेने की सुविधा मिले। सुदेश ने कहा कि सरकार एक तरफ तो महिलाओं को काम देने की बात कहती है और वहीं काम के बदले पैसे तो दे नहीं रही है। इस मौके पर सुनीता, ममतेश, गुरमीत, संतोष, कृष्णा, ममता, कमलेश, रेखा, सतीश, शीला, शारदा, सुलोचना, गीता और ऊषा सहित कई आशा वर्कर मौजूद रहीं।

# पुराने औद्योगिक क्षेत्र में तुरंत प्रभाव से अवैध कब्जे हटाएं : उपायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



उद्योगपतियों की समस्याएं सुनते डीसी।

**उद्योगपतियों** की समस्याओं के निवारण व मांगों की सुनवाई के लिए उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने डीएलसीसी की बैठक में विशेष दिशा-निर्देश दिए। लघु सचिवालय में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से पुराना औद्योगिक क्षेत्र (सोनीपत शहर) में जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में अवैध कब्जों को भी हटवाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त पूनिया ने उद्योगपति श्रीभगवान गुप्ता के नेतृत्व में पुराना औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की बेहतरीन व्यवस्था की जाए। साथ ही पानी की निकासी के पर्याप्त प्रबंध करें। उन्होंने रोहतक रोड स्थित फ्लाईओवर पर पानी के ठहराव की समस्या के भी स्थाई समाधान के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अवैध रूप से बनाये कट (मार्ग) को भी तुरंत प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए, ताकि यहां दुर्घटना की संभावनाओं पर लगाम लग सकें। उपायुक्त ने डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर के अंतर्गत दी जाने वाली सीएलयू की पड़ताल की। उपायुक्त ने स्थानीय निकाय के तहत फायर की एनओसी के मामलों की जानकारी ली, जिनमें से एक आवेदन को रिजैक्ट किया गया है। रिजैक्ट करने का कारण सिस्टम का पूर्ण न होना रहा।

# कुरुक्षेत्र विवि ने जारी की पीएचडी में ऑनलाइन दाखिले के लिए अधिसूचना

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न विषयों में पीएचडी कोर्स में ऑनलाईन दाखिले के लिए अधिसूचना जारी की है। लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय ने बताया कि यूजीसी, सीएसआईआर नेट, जेआरएफ, गेट और जीपैट परीक्षा में उतीर्ण योग्य अभ्यर्थी पीएचडी कोर्स में सम्बन्धित विभाग/संस्थान में 15 अगस्त तक सायं चार बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र, पीएचडी अध्यादेश, शुल्क संरचना, रिक्त सीटों की संख्या (श्रेणीवार), निर्देश आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# अब डाकघर में करा सकेंगे बीएसएनएल के रिचार्ज

**कुरुक्षेत्र।** डाकघर में लोगों की सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। अब डाकघर में बिजली बिल व बीएसएनएल के रिचार्ज भी करवा सकेंगे। इसके लिए व्यवस्था लागू किए जाने के साथ कार्य भी शुरू हो गया है। इसके लिए दो स्तर पर समझौते हुए हैं जिसमें बीएसएनएल से लेकर बिजली निगम के साथ समझौता हुआ है।

अधिकारियों का कहना है कि यह सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। रेलवे रोड स्थित मुख्य डाकघर के पोस्टमास्टर दिलीप शर्मा ने बताया कि बिजली निगम द्वारा जारी बिजली बिल भी डाकघरों में जमा हो सकेंगे। अभी 20 हजार रुपये तक के बिल जमा करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यहां बिजली कनेक्शन खाता संख्या बता कर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के सर्वर से संबंधित बिल के सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता है। ग्राहक द्वारा बिल भुगतान करने पर भुगतान विवरण भी निगम के सर्वर पर तुरंत अपडेट कर दिए जाएंगे। ग्राहक को भुगतान रसीद भी जारी की जाएगी। अभी तक बिजली बिल ऑनलाइन जमा कराने के लिए बैंक खाता होना जरूरी था, लेकिन यूएचबीवीएन ने अपने ग्राहकों को सुविधा देने के लिए डाक विभाग से अनुबंध किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरिद्वार में अनजान व बेसहारा अस्थियों को मिली मुक्ति



**सोनीपत।** मुक्तिधाम के महासचिव डा. दर्शन लाल मल्होत्रा ने बताया शुक्रवार को मुक्तिधाम की कार्यकारिणी टीम के नेतृत्व में 12 प्रमुख समाजसेवी ने हरिद्वार में अनजान व बेसहारा अस्थियों को मां गंगा में प्रवाहित कर मुक्ति दिलाई। पहले उन्होंने हरिद्वार और फिर कनखल में जाकर पूर्ण विधि द्वारा परवाह किया। उसके बाद हर की पौड़ी पर जाकर अस्थियों को गंगा मैया के चरणों में स्थान दिया। इसके उपरांत भैरव मंदिर में जाकर इन अस्थियों के लिए पंडितों द्वारा हवन आदि कराया। तत्पश्चात साधु-संतों के आश्रम में जाकर भोजन की दक्षिणा दी। गंगा मैया से प्रार्थना की जिनकी हम अस्थियों लेकर आए हैं, उन्हें अपने चरणों में स्थान दे और इनके परिवार को शांति प्रदान करें। मुक्तिधाम की कार्यकारिणी टीम पिछले 21 वर्षों से लगातार यह फर्ज निभा रहे हैं। कार्यकारिणी के साथ प्रधान डा. रतनलाल रॉयल, भारत कपूर, नरेंद्र भूटानी, मोहनलाल नासा, अशोक मदान, ओमप्रकाश मुखी, चरणजीत चावला, बिटटू चावला, रमेश बत्रा, नरेश सैनी, विजेंद्र किशन मिड्डा, रमेश आदि प्रमुख समाज सेवी मौजूद थे। शिव मुक्ति धाम के महासचिव डा. दर्शन लाल मल्होत्रा ने बताया कि शुक्रवार को हरिद्वार में टीम ने अस्थियों को मां गंगा में पूरे विधि विधान के साथ प्रवाहित किया है।

### इंद्रपुरी में सीवर समस्या से लोग परेशान



**सोनीपत।** युवा समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत शहर को नगर निगम बने 5 साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही और सरकार की अनदेखी के चलते पूरे शहर की सीवर व्यवस्था चरमरा चुकी है। निखिल मदान शुक्रवार को सोनीपत के ओल्ड डीसी रोड़ पर इंद्रपुरी में जलपान कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने निखिल मदान के सामने गली के सीवर जाम होने की समस्या रखी। जिस पर निखिल मदान ने तुरंत अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान करवाया। लोगों को संबोधित करते हुए निखिल मदान ने कहा कि शहर की मुख्य तौर पर सभी जन समस्याए नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आती है और पिछले 5 साल से नगर निगम चुनाव न होने के चलते सारी समस्याएं जस की तस है। आमजन की समस्याओं को लेकर वे लगातार लोगों के बीच है और उनकी हरसंभव मदद कर रहे है। लेकिन अब जल्द ही नगर निगम चुनाव होने है। उसके बाद सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। इस दौरान बलबीर सिंह, जसविंद्र सिंह, लाल चंद, हवा सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुलशन, हवा सिंह कामरेड आदि लोग मौजूद रहे।

### युवा संगठन ने इंद्री थाना में मास्क व सैनेटाइजर बांटे



**इंद्री।** युवा संगठन बीबीपुर जाटान की ओर से संस्था के प्रधान कमल सैनी की अगुवाई में इंद्री पुलिस थाना में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को एन 95 मास्क व सैनेटाइजर वितरित किये। इंद्री के डीएसपी रमेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते युवा संगठन द्वारा यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मैं इसके लिये युवा संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इंद्री थाने के सभी पुलिस कर्मचारियों को अच्छी किस्म के मास्क व सैनेटाईजर वितरित किये जा रहे हैं। हरियाणा पुलिस द्वारा भी लोगों को जागरूक करने के लिये समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। मौके पर थाना प्रभारी सतपाल सिंह, एएसआई गुरजीत सिंह, शमशेर सिंह, एसआई जय नारायण, गुरचरण सिंह, दयानंद, मनजीत सिंह, एसआई शमशेर सिंह, जसपाल, जगदीश एस ए, उमेश कांबोज, राकेश कुमार, करमबीर कश्यप बन, हंसराज कश्यप, जय भगवान सीकरी, रामेश्वर दास, प्रवीण ड़ाबरथला, महिन्द्र कारसा सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### लोन देने के नाम पर महिलाओं से ठगे 50 हजार

**रेवाड़ी।** उपमंडल कोसली के गांव लिलोढ़ में एक फर्जी कंपनी के कर्मचारी लोन देने के नाम पर कुछ महिलाओं से लगभग 50 हजार रुपये की ठगी करके फरार हो गए। एक कर्मचारी की पत्नी द्वारा पैसे वापस दिए जाने के आश्वासन के कारण मामला अभी तक पुलिस के पास नहीं पहुंचा है। जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले गांव लिलोढ़ में कुछ युवक आए और उन्होंने अपने आप को एक फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनकी कंपनी भैंस, ऑटो अथवा अन्य किसी भी काम के लिए 50 हजार रुपये तक का लोन देती है। लोन लेने के लिए पहले कंपनी का सदस्य बनना होगा, जिसके लिए उन्हें एक हजार रुपये देने होंगे। कर्मचारियों की बातों में आकर महिलाओं ने उन्हें एक-एक हजार रुपये दे दिए। कर्मचारियों ने बाकायदा उन्हें रसीद भी दी। कर्मचारियों ने उनसे यह कहकर आधार कार्ड की फोटो कॉपी व बैंक खाता नंबर लिए कि अगले पांच दिनों में उनके खाते में लोन की 50 हजार रुपये आ जाएंगे। महिलाओं में उस समय हड़कंप मच गया, जब निर्धारित दिन खाते में पैसे नहीं आए और जब उनके द्वारा दिए गए नंबरों पर फोन किया तो वह बंद मिला। उन्होंने एक हजार रुपये देने से पहले कर्मचारियों से उनके आईडी प्रूफ भी देखे थे। उन्होंने बताया कि वे लोग गांव से करीब 50 हजार रुपये ले गए हैं और अब उनका फोन बंद आ रहा है। एक महिला ने बताया कि एक युवक की पहचान हुई है, उसने कहा है कि वे अगले दो दिनों में पैसे दे देंगे। महिला ने कहा कि यदि दो दिनों में पैसा नहीं मिला तो वे पुलिस में शिकायत करेंगी।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ बेदखली सूचना ◆

हमके, राजेश पुत्र जलदीप व रामा पत्नी राजेश निवासीगण गांव नरहाबली तह0 बल्लबगढ़ जिला फरीदाबाद ने अपने पुत्र करन व उसकी पत्नि सोनम जो हमारे कहने से बाहर है को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध समाप्त कर लिया है। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाले स्वंय जिम्मेदार होंगे।

मैं, राजेंदर कुमार डांग पुत्र सुंदरदास डांग निवासी मकान न. 603/18, न्यू तारा नगर, सोनीपत ने अपने पुत्र अनीश व उसकी पत्नी मनप्रीत कौर जोकि मेरे व मेरी पत्नी आशा किरण डांग के कहने-सुनने से बाहर है को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सभी संबंध समाप्त कर लिया है। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाले स्वंय जिम्मेदार होंगे।

मैं, कैलाश चन्द्र पुत्र श्री किशोरी लाल शर्मा निवासी 820/26ए गली न.2, वैस्ट राम नगर, सोनीपत ने अपने बेटे पवन व उसकी पत्नी श्वेता जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**कि तय करता है अब तो मीड़िया सबसे बड़ा मुद्दा**
**उसे जनता ने भी अपना लिया सबसे बड़ा मुद्दा**
**नहीं मुद्दे अभी बेरोजगारी, बाढ़, कोरोना**
**वतन में आज है शायद 'रिया' सबसे बड़ा मुद्दा**

# अंतरिक्ष शिल्प निबंध लेखन प्रतियोगिता में पार्थ को मिला चौथा स्थान


**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के 10वीं कक्षा के विद्यार्थी पार्थ गोयल ने अंतरिक्ष शिल्प निबंध लेखन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए चतुर्थ स्थान प्राप्त करके अपना, अपने माता-पिता और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष में से 15,20,53,206 छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। इसरो और भारत सरकार द्वारा पार्थ की इस अनुकरणीय उपलब्धि पर सराहना की गई। इस वैश्विक आपदा के दमन के पश्चात पार्थ को इसरो की यात्रा करने का सुअवसर प्राप्त होगा। विद्यालय की प्रबंध समिति, प्राचार्य एवं पूरे विद्यालय परिवार ने उसकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

# पंचायती राज के जेई के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें एडीसी : सुनहेड़ी

## जिला परिषद चेयरमैन ने 114वीं सामान्य बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



पंचायत भवन में जिला परिषद की बैठक को संबोधित करते जिप चेयरमैन गुरदयाल सुनहेडी।


**जिला** परिषद के चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी ने कहा कि गांव पिहोवा के भट्टमाजरा गांव में अम्बेडकर भवन का निर्माण करने के लिए ग्रांट जारी की थी। मामले में सम्बंधित क्षेत्र के जेई ने निर्धारित स्थान पर अम्बेडकर भवन न बनाकर एक किलोमीटर दूर भवन बनाने की कार्रवाई को अंजाम दिया, लेकिन जेई से बार-बार जवाब मांगने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए जेई के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को अनुशंसा की है।

जिला परिषद के चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी शुक्रवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला परिषद की 114वीं बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले जिला परिषद के चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी ने हाउस के समक्ष 15वें वित्त आयोगी ग्रांट वितरण और अन्य मुद्दों पर चर्चा की और ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ फीडबैक रिपोर्ट भी हासिल की है। जिप चेयरमैन ने कहा कि पंचायती राज संस्था द्वारा गांव भट्टमाजरा में एक अम्बेडकर भवन का निर्माण किया जाना था, इस भवन के लिए डेढ़ साल पहले राशि भी जारी कर दी गई थी, लेकिन डेढ़ साल तक निर्धारित जगह पर अम्बेडकर भवन का निर्माण नहीं किया और सम्बन्धित जेई ने निर्धारित स्थल से एक किलोमीटर दूर कार्य किया। लापरवाही पर जेई से कई बार जवाब तलबी की गई, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसलिए इस जेई के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए एडीसी को लिखा गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कश्मीर के नए उप राज्यपाल

## मनोज सिन्हा को महत्वपूर्ण भूमिका



**कश्मीर** में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के एक साल बाद भी जनता में एक सीमा तक गुस्सा बना हुआ है, आतंकी गतिविधियां लगातार जारी हैं तथा लक्षित हत्यायें हो रही हैं। जमीनी स्तर पर विकास व आर्थिक पुनरुत्थान में सिविल सोसाइटी पूरी तरह जुड़ कर मुख्यधारा में शामिल नहीं हो पाई है। भाजपा नेताओं तथा केन्द्र सरकार के पदाधिकारियों की लक्षित हत्यायें चिन्ता का विषय हैं। हाल ही में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिला भाजपा अध्यक्ष वसीम बारी की हत्या हुई, जबकि पिछले महीने ही उनके माता-पिता की हत्या उग्रवादियों ने की थी। इसके पहले पिछले महीनों में भाजपा से जुड़े पंचायत सदस्य आरिफअहमद खान की हत्या हुई थी। जून में अनन्तनाग जिले में कांग्रेस सरपंच अजय कुमार पंडिता की हत्या हुई थी। 2018 में कश्मीर में पंच व सरपंच के 19,582 पदों में से केवल 7,582 पर चुनाव हुए थे। इसके बावजूद अधिकांश निर्वाचित हमले के भय से श्रीनगर के होटलों में रह रहे हैं। भाजपा को उम्मीद थी कि स्थानीय स्तर पर सत्ता के हस्तांतरण से वे वैकल्पिक राजनीतिक संरचना बनाने में सफल होगी। लेकिन यह काम बहुत सरल नहीं है। पंचायतों में लगभग 12,000 खाली पदों के कारण स्थानीय प्रशासन प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही अनेक जमीनी नेताओं की छवि जनता में अच्छी नहीं है। इस प्रकार एक सीमा तक बनी हुई भय की स्थिति से चरमपंथियों को मौका मिल रहा है। शायद इसी कारण सरकार ने परिपक्व राजनेता मनोज सिन्हा को केन्द्रशासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर के नए उप राज्यपाल के रूप में भेजा है। संभवत: खामोशी से काम करने वाले इस राजनेता को जमीनी स्थितियों का पता लगाने तथा घाटी में भाजपा के प्रति भावना सुधारने के लिए भेजा गया है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से वे अपनी प्रशासनिक क्षमताओं व अनुभव का प्रयोग घाटी में राजनीतिक स्पेस भरने के लिए कर सकते हैं। उनके पूर्ववर्ती जी.सी. मुर्मू अनुभवी प्रशासक थे, लेकिन नौकरशाह के रूप में उनका केन्द्र राजनीति के बजाय नीतियां थीं। शायद वे स्थानीय नौकरशाहों से समुचित संपर्क नहीं बना सके। घाटी में 4जी इंटरनेट बहाली पर उनकी टिप्पणी सरकार को पसंद नहीं आई। उन्होंने घाटी में जल्दी चुनाव कराने की पैरवी की जिससे सरकार व निर्वाचन आयोग हतप्रभ थे क्योंकि वे सुनियोजित तरीके से यह प्रक्रिया अपने द्वारा निर्धारित समय पर शुरू करना चाहते थे। उनका यह बयान भी सरकार को बिल्कुल पसंद नहीं आया। मनोज सिन्हा निश्चित रूप से दक्ष राजनेता हैं और वे कश्मीर में संवेदनशील स्थितियों से अच्छी तरह निपट सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन पर विश्वास करते हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय महत्वपूर्ण है जब स्थानीय नेताओं की रिहाई से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। इनमें से कुछ नेताओं का दृष्टिकोण थोड़ा अलग है। नेशनल कान्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने सेफुद्दीन सोज़ से मुलाकात कर मीडिया के सामने अपनी बात रखी है। ऐसे समय सिन्हा कम से कम उन तत्वों को अपने साथ ला सकते हैं जो ज्यादा कट्टरपंथी दृष्टिकोण न अपना रहे हों। लेकिन सरकार को अपने कामकाज में भी परिवर्तन करना होगा। हालांकि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी-पीडीपी व नेशनल कान्फ्रेंस के असंतुष्ट तत्वों ने मिल कर जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी-जेकेएपी बनाई है, पर उसकी विश्वसनीयता बहुत ज्यादा नहीं है। ऐसे में मनोज सिन्हा जनता के प्रतिनिधियों से मिल कर एक वार्ताकार की तरह काम कर उनको सरकार के निकट ला सकते हैं। इससे पाकिस्तानी चालों को भी गहरा धक्का लगेगा। उमर अब्दुल्ला के साथ मिल कर वे समान आधार तैयार कर सकते हैं। हालांकि, इसके पहले केन्द्र सरकार को इंटरनेट कनेक्टिविटी को सामान्य बना कर जनता में सामान्य स्थिति का भाव पैदा करना होगा। घाटी के नौजवान डिजिटल क्रान्ति से वंचित हो रहे हैं और ऐसे में वे सरकार से दूर जा सकते हैं। कश्मीर की अर्थव्यवस्था बदहाल है तथा सप्लाई श्रृंखला व सेवा क्षेत्र पर लाकडाउन का भयानक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अत: कश्मीर में उपयुक्त माहौल बनाना जरूरी है।


# कोरोना प्रबंधन में भारत-इस्राइल सहयोग

दोनों देश इस समय वायरस संक्रमण के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में इस्राइल ने लीक से हट कर भारत को वेंटीलेटर निर्यात करने की अनुमति दी है। इस्राइल का यह स्वागत योग्य कदम एक प्रकार से भारत के प्रति 'धन्यवाद ज्ञापन' है।



गिलार्ड कोहेन

**भारत**-इस्राइल के बीच द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हो रहे हैं जिनका प्रभाव जनता के जीवन पर जमीनी स्तर पर पड़ता है। कृषि में सहयोग के बाद अब दोनों देश कोविड प्रबंधन में सहयोग कर रहे हैं। पिछले सप्ताह तेलअबीब से एक विशेष विमान से चिकित्सा उपकरण तथा उत्कृष्ट तकनीकी उपकरण भारत में कोरोनावायरस नियंत्रण के लिए भेजे गए। विमान में इस्राइली रक्षा एवं सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ ही इस्राइली राजनयिक भी थे जो इस क्षेत्र में अपने दूतावासों व वाणिज्य दूतावासों को जा रहे थे। इस्राइली समूह भारत में शोधकर्ताओं के साथ मिल कर कोविड-19 के लिए एक रैपिड टेस्टिंग समाधान विकसित करेगा। उड़ान के पहले इस विशेष विमान में दर्जनों संवेदनशील वेंटीलेटर चढ़ाए गए जो मिशन 'ब्रीथिंग स्पेस' के अंतर्गत भारत भेजे जा रहे हैं। इस प्रकार इस मिशन का नाम सार्थक हुआ है। दोनों देश इस समय वायरस संक्रमण के खिलाफसंघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में इस्राइल ने लीक से हट कर भारत को वेंटीलेटर निर्यात करने की अनुमति दी है। इस्राइल का यह स्वागत योग्य कदम एक प्रकार से भारत के प्रति 'धन्यवाद ज्ञापन' है जिसने कुछ महीने पहले उस समय वैश्विक स्तर पर सप्लाई मिलने में गंभीर संकट का सामना कर रहे इस्राइल को दवाइयां व आवश्यक निदान उपकरण भेजे थे। इस प्रकार इस्राइल और भारत ने सफलतापूर्वक अभूतपूर्व वैश्विक महामारी से निपटने में सहयोग करते हुए आपदा को अवसर में बदला है। वे एक दूसरे की सहायता कर संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं। पिछले कई साल से इस्राइल-भारत संबंधों में नाटकीय गति से सुधार हो रहा है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह विश्वास करना कठिन है कि केवल तीन दशक पहले भारतीय पासपोर्ट 'इस्राइल को छोड़ कर सभी देशों के लिए' वैध होते थे। वर्तमान समय में भारत इस्राइल का एशिया क्षेत्र में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मित्र बन गया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ कर 2018 में 4 बिलियन डालर पहुंच गया जो 1992 में लगभग 200 मिलियन डालर था। इस्राइल के पूर्व प्रधानमंत्री एरियल शैरों ने 2003 में भारत की ऐतिहासिक यात्रा की थी। इसके बाद से इस्राइली व भारतीय राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों व विदेश मंत्रियों की अनेक द्विपक्षीय यात्रायें व चर्चायें हो चुकी हैं। विदेश मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद इस्राइली विदेश मंत्री गैबी आश्केन्जाई और उनके भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच महत्वपूर्ण चर्चा हुई है।



**इस्राइल के वैकल्पिक प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री बेनी ग्रांट्ज़ ने भी भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की है। दोनों नेताओं ने उम्मीद जताई है कि भारत और इस्राइल के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों से कोविड-19 महामारी के खिलाफ वैश्विक संघर्ष में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। दोनों नेताओं के बीच महत्वपूर्ण वार्ता इस बात का संकेत है कि 1992 में स्थापना के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय राजनयिक संबंध बहुत तेज गति से आगे बढ़े हैं।**

इस्राइल के वैकल्पिक प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री बेनी ग्रांट्ज़ ने भी भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की है। दोनों नेताओं ने उम्मीद जताई है कि भारत और इस्राइल के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों से कोविड-19 महामारी के खिलाफ वैश्विक संघर्ष में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। दोनों नेताओं के बीच महत्वपूर्ण वार्ता इस बात का संकेत है कि 1992 में स्थापना के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय राजनयिक संबंध बहुत तेज गति से आगे बढ़े हैं। भारत-इस्राइल के बीच द्विपक्षीय संबंधों को अनेक अन्य क्षेत्रों में भी सफलता मिली है। हालांकि, कोविड-19 की बढ़ती समस्या के कारण सीधी उड़ानों की कल्पना अभी करना कठिन है, पर दो साल पहले नई दिल्ली व तेलअबीब के बीच एयर इंडिया की सीधी उड़ान ने सऊदी अरब तक उड़ान का समय न्यूनतम कर दिया है। इस उड़ान से अरब दुनिया के साथ भी इस्राइल के सबंधों को गति मिली है। इस्राइल इस क्षेत्र में अपने संबंधों में लगातार सुधार का रणनीतिक लक्ष्य सामने रख कर आगे बढ़ रहा है।

इस्राइल और भारत के बीच अन्य उड़ानों ने दोनों देशों के बीच संबंधों को उच्च स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनमें मुंबई को ईआईएआई तथा गोवा व कोचीन को अरकिया उड़ानें महत्वपूर्ण हैं। भारतीय नागरिकों को वीसा राहत सहायता से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। इस नीति के कारण इस्राइल जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इस्राइल जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या 2018 में बढ़ कर 70,000 हो गई, जबकि यह वर्ष 2000 में केवल 16,000 थी। इस्राइल व भारत के बीच सहयोग में कृषि क्षेत्र में सहयोग का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के सामने एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय चुनौती अपनी विशाल जनसंख्या के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने अनेक वर्षों से अपनी एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट्स-मशहाव के बजट का दसवां हिस्सा भारत में निवेश किया है। इसने भारत के अनेक राज्यों में 28 से अधिक 'उत्कृष्टता केन्द्रों' की स्थापना में वित्तीय सहयोग दिया है। ये केन्द्र भारत की प्रगति में उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं। ये केन्द्र कृषि 'प्रदर्शन' केन्द्रों के रूप में काम करते हैं। इनके माध्यम से इस्राइली विशेषज्ञों ने अनेक खोजी व विशिष्ट तकनीकें भारतीय किसानों तक पहुंचाई हैं। जनवरी, 2018 को अपनी अंतिम भारत यात्रा के समय इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने गृह राज्य गुजरात ले गए। एक असाधारा भावनात्मक स्थिति प्रदर्शित करते हुए सैकड़ों किसान दोनों नेताओं से मिलने आए और अपने कामकाज की जानकारी उनको दी। अनेक किसानों ने बताया कि इस्राइल के 'उत्कृष्टता केन्द्रों' की सहायता से उनकी फसलों के उत्पादन में दूनी वृद्धि हुई है। इस्राइल और भारत के बीच संबंध न केवल दोनों देशों के बीच, बल्कि इस्राइल व भारतीय समाजों के बीच संबंध हैं। इस्राइल-भारत संबंधों का विस्तार भारतीय समाज के सभी भागों तक हुआ है। इनमें वे 650 मिलियन भारतीय नागरिक शामिल हैं जिनकी आजीविका खेती पर निर्भर है और वे भारत के कुल कार्यबल में 50 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस्राइल भारत की स्वास्थ्य, सुरक्षा, उद्योग व अनेक अन्य क्षेत्रों में प्रगति में योगदान करता है। दोनों देशों के साझा एजेंडे में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पानी संबंधी क्षेत्रों में सहयोग है। इस्राइल महत्वपूर्ण जल भंडारण मामलों में विशिष्ट समाधान पेश करने में अग्रणी देश है। भारत में पानी की कमी की गंभीर समस्या है। दोनों देश इस संकट से निपटने के लिए सामुदायिक स्तर पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं के माध्यम से उल्लेखनीय सहयोग करते हैं जिसके अनेक उत्साहवर्धक परिणाम सामने आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनयिक रूप से इस्राइल के साथ मजबूत संबंधों से भारत को वैश्विक स्तर पर अनेक लाभ प्राप्त हुए हैं। इस्राइल का विदेश मंत्रालय भारत के साथ संबंध मजबूत करने के प्रयास में लगातार योगदान कर रहा है। वह यह सुनिश्चित करने के सारे प्रयास कर रहा है कि भारत-इस्राइल संबंध भविष्य में लगातार फलते-फूलते रहें।

**(लेखक, इस्राइली विदेश मंत्रालय में एशिया-प्रशांत के उप महानिदेशक हैं।)**

# तेज हुई अंतरिक्ष की दौड़

**"स्टार्स वार्स के नए अध्याय में तेजी आ रही है। पहले चाहे जो पहुंचे दुनिया के घोषित लक्ष्य स्पष्ट हैं। वह एक 'अत्यधिक संघर्ष वाले, निगरानी करने वाले तथा अंतरिक्ष खोज में खरबों डालर खर्च करने वाली दुनिया' है।"**



कुमारदीप बनर्जी

(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)

**दीर्घकालीन** अंतरिक्ष कार्यक्रमों में निवेश के लिए रणनीतिक परिवर्तन तथा दूरगामी दृष्टिकोण जरूरी है, लेकिन यह दुर्भाग्य से राजनीति से प्रभावित होता है। विज्ञान साहित्य लेखक जेम्स व ग्रेगरी बेनफोर्ड ने लिखा, 'हम सितारों पर क्यों जाते हैं? क्योंकि हम उन आदि मानवों के वंशज हैं जो हमेशा अगली पहाड़ी पर नजर रखते थे और क्योंकि हम हमेशा यहां अनन्त काल तक नहीं रह सकते हैं।' थोड़ी देर के लिए कोविड-19 संकट से ध्यान हटा कर ऊपर देखें तो पता चलेगा कि तैरते बादलों वाले अगस्त के इस आकाश में क्या छिपा है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की 'अंतरिक्ष राजनय' इसी क्षेत्र में सक्रिय होती है। जब हम वैश्विक महामारी के प्रभाव के आंकलन में व्यस्त थे, बहुत से लोगों ने गौर नहीं किया कि तीन अंतर-ग्रहीय खोजी मिशन दुनिया में भेजे गए हैं। इनमें से पहला संयुक्त अरब अमीरात-यूएई द्वारा भेजा गया होप आर्बिटर था। इसके अलावा चीन ने तियेनवन-1 तथा अमेरिका ने एक मिशन भेजा। ये तीनों अपने लक्ष्य मंगल तक फरवरी, 2021 में पहुंचेंगे। इस प्रकार स्टार्स वार्स के नए अध्याय में तेजी आ रही है। पहले चाहे जो पहुंचे दुनिया के घोषित लक्ष्य स्पष्ट हैं। वह एक 'अत्यधिक संघर्ष वाले, निगरानी करने वाले तथा अंतरिक्ष खोज में खरबों डालर खर्च करने वाली दुनिया' है। दुनिया पर प्रभुत्व बनाने का संघर्ष तेज हो कर अब अंतरिक्ष में पहुंच गया है। चीन अंतर-ग्रहीय दौड़ में आगे है। उसने खुलेआम घोषणा की है कि वह स्वयं द्वारा निर्मित राकेटों, उपग्रहों व दूरबीनों के माध्यम से 2049 तक विशिष्ट अंतरिक्ष क्लब में शामिल होना चाहता है। मार्स मिशन एक बड़ी योजना का हिस्सा है जिसका लक्ष्य अगले दो वर्ष में धरती के चक्कर लगाने वाला एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना है। चीन ने पहले ही 2018 में 'संदिग्ध महत्वाकांक्षाओं' के साथ सबसे ज्यादा राकेट अंतरिक्ष में भेजे हैं। उसकी बेईडाऊ-2 नौवहन व्यवस्था में अनेक उपग्रह शामिल हैं जो दुनिया के हर कोने की मैपिंग करते रहते हैं। वह इसे यूरोपीय व अमेरिकी नौवहन प्रणाली का विकल्प बताता है। चीन ने चंद्रमा मिशन को गंभीरता से लेते हुए वहां अगले दशक में एक चंद्र शोध केन्द्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस दौड़ का कारण यह है कि बाहरी अंतरिक्ष पर कब्जा कर वैश्विक प्रभुत्व स्थापित किया जा सकता है। शीतयुद्ध में महाशक्तियों के बीच चंद्रमा की दौड़ शुरू हुई थी। आज अनेक नागरिक सेवाओं के लिए जीपीएस के माध्यम से नौवहन महत्वपूर्ण हो गया है। इनमें इंटरनेट, बिजली, सैनिक निगरानी तथा मिसाइल व टारपीडो नौवहन शामिल हैं जिनके लिए उपग्रहों का प्रयोग किया जाता है। हम चीन के क्षेत्रीय उपनिवेशवाद से परिचित हैं जिसे वह कर्जों व ढांचागत विकास परियोजनाओं के मुखौटे में छिपाता है। बेईडाऊ-2 नौवहन वयवस्था इस बात का उदाहरण है कि चीन रणनीतिक रूप से दुनिया पर नजर खना चाहता है। वह जानता है कि भविष्य के युद्ध अंतरिक्ष में लड़े जाएंगे। वह जानता है कि अंतरिक्ष में खरबों डालर के खनिज, कीमती धातुएं व विरल धातुएं धरती से थोड़ी दूर पर हैं। ये अंतरिक्ष में टुकड़ों के रूप में तैरती रहती हैं। यदि खनिजों से समृद्ध छुद्रग्रहों या एस्टीरायडों को धरती पर लाया जा सके तो इससे मिलने वाली खरबों रुपयों की धनराशि अंतरिक्ष अभियान का खर्च पूरा कर देगी। भारत ने भी अंतरिक्ष कार्यक्रमों में निजी क्षेत्र की भागीदारी का रास्ता खोजा है और वह नए क्षेत्रों में उड़ान भरने को तैयार है। भारत ब्लू ओरिजिन, विर्जिन गैलिक्टिक व स्पेस एक्स जैसी स्वदेशी कंपनियां बनाना चाहता है जिनमें दुनिया के खरबपति पैसा लगा सकें। अंतरिक्ष कार्यक्रमों में दीर्घकालीन निवेश के लिए गहरी रणनीति व दूरगामी सोच की जरूरत है, लेकिन दुर्भाग्य से यह राजनीति से प्रभावित होती है। भारत में भट्टाचार्य, आर्यभट्ट व सी.वी. रमन जैसे महान भौतिकविद व गणितज्ञ हुए, पर उनको समुचित अवसर व वैज्ञानिक माहौल नहीं मिला। भारत को औपनिवेशिक शासकों ने खूब लूटा था। इसलिए स्वतंत्रता के 50 साल बाद ही भारत प्राचीन ज्ञान और आधुनिक क्वांटम सिद्धान्तों के बीच समन्वय स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सका। भारत को 'भारतीय शताब्दी' के लिए देश के सभी मानव व आर्थिक संसाधनों का प्रयोग अंतरिक्ष अध्ययनों को महिमामंडित करने तथा रचनात्मक शोध का केन्द्र बनाने के लिए करना चाहिए। वैज्ञानिक ज्ञान को बढ़ावा देने का काम हम स्कूलों से शुरू कर सकते हैं। आखिरकार भारत की भावी अंतर-ग्रहीय उड़ानें भी अभी शुरुआती चरण में हैं। खरबों रुपयों के दीर्घकालीन निवेश से समुचित मुनाफा भी मिलना चाहिए। यह काम करदाताओं व निजी क्षेत्र के पैसे के समुचित समन्वय द्वारा ही संभव है। नासा की आलोचना भले ही दुनिया के सर्वाधिक खर्चीले अंतरिक्ष संगठन के रूप में होती हो, पर उसने दुनिया में अनेक चीजें संभव बनाई हैं। मार्क ट्वेन ने कहा था, 'विज्ञान में कुछ अत्यधिक आकर्षक है। वहां अनेक तथ्यों के समावेश से एक समग्र ज्ञान प्राप्त होता है।'



## आप की बात

### खुले रोजगार के अवसर

वैश्विक महामारी कोरोना ने सभी को बेरोजगार कर दिया था, लेकिन अब फिर से रोजगार की मंडी तैयार हो रही है। अपने अपने हुनर के अनुसार, लोगों को रोजगार मिलने लगा है। हाल ही में अयोध्या कि साज सज्जा में पेंटर, कलाकार, माली, सभी को कुछ न कुछ रोजगार करने का अवसर मिला। इसी प्रकार से रोजगार के अनेकों अवसर खुलते रहे, लोग अपने कामों के लिए फैक्टरियों की और वापस लौटे। सरकार को इस विषय को अति गंभीरता से लेना चाहिए, जिससे गरीब मजदूर को एहसास और विश्वास हो सके कि जिस शहर को उन्होंने अपने खून पसीने से बनाया वो उसे नजरअंदाज नहीं करेगा, उन्हें अपने से अलग नहीं मानेगा। पैदल लौटने वाले मजदूर, टूट चुके हैं लेकिन अब परिस्थिति बदल रही दिल्ली सरकार ने भी रोजगार एप के जरिए, मजदूर और कंपनियों को एक मंच प्रदान किया है। यही नहीं लॉक डाउन के बाद प्रवासियों के सामने जो संकट सामने आया था वह भी अब टलता हुआ सा लग रहा है। धीरे-धीरे जीवन पटरी पर लौट रहा है। लोग कोविड-19 के साथ जीना सीख रहे हैं और उसी के अनुसार अपने व्यवसाय को बढ़ा रहे हैं।

**-अमन जायसवाल**
दिल्ली विश्वविद्यालय

### चिंता का विषय बन रहा राष्ट्रीय अभयारण्य

**जिम** कॉर्बेट पार्क मैं बाघों के रहने का दायरा लगातार सीमेंट का दिख रहा है।जिम कॉर्बेट पार्क में महज 5 से 6 वर्ग किलोमीटर के दायरे में ही बाघ रह रहे हैं। जो कि एक चिंता का विषय है।यह चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि अगर बाग एक सीमित दायरे में रहेंगे तो भविष्य में उनके संरक्षण हेतु कई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं और हम उनका संरक्षण सही से भी नहीं कर सकते। बताते चलें कि कॉर्बेट पार्क में कुल 1288 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र है।इसमें से भाग सिर्फ6 वर्ग किलोमीटर के दायरे में ही रह रहे हैं। अगर गन्ना की बात करें तो यहां पर 250 के लगभग या इससे अधिक बाघ है परंतु अगर एक बाघ का घूमने का दायरा देखें तो वह लगभग 15 से 20 वर्ग किलोमीटर होना चाहिए परंतु यहां तो सिर्फ पांच से 6 वर्ग किलोमीटर ही है। राष्ट्रीय अभ्यारण जानवरों के संरक्षण हेतु और उनको एक घर जैसा माहौल देने के लिए होते हैं परंतु अगर इन अभयारण्यों में ही भाग एक सीमित दायरे में रहेंगे तो यह कहीं ना कहीं एक चिंता का विषय है। अब बाघों का आपसी संघर्ष दायरा कम होने से बहुत बढ़ रहा है।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, पार्वती प्रेमा जगाती
सरस्वती विहार, नैनीताल

### फिर सीमा पर दिखती सैनिक हलचल


**महीने** भर की खामोशी के बाद एक बार फिर भारत चीन सीमा पर सैनिक हलचल तेज होती दिख रही है। चीन की चालाकी सामने भी आ रही है जिसके प्रतिरोध स्वरुप भारत भी अपना शिकंजा कसता जा रहा हैण्चीन के सैनिकों के जमावड़े का भारत ने मुंह तोड़ जवाब दिया है और सैनिकों के साथ ही टैंकों की भी बड़ी संख्या में तैनाती की है।

चीन की धोखेबाजी एक बार फिर सामने आई है शर्तों के मुताबिक पीछे हटने के बाद भी चीन का सीमा पर डटे रहना उसकी खोटी नियत का संकेत हैण्धोखे में रखकर सैनिकों पर हुए हमले का उसका चरित्र फिर कभी भी सामने आ सकता है इसी के मद्देनजर तिब्बत के दौलत बेग ओल्डी और डेप सॉन्ग क्षेत्र के सामने समतल क्षेत्र में 15 हजार सैनिकों के साथ ही 90 टैंक रेजीमेंट तैनात कर उसे माकूल जवाब देने की तैयारी की हैण्इस बार अगर चीन ने गलती की तो उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

**-अमृतलाल मारू रवि**
192,शनि चौराहा दसई
जिला धार (मध्यप्रदेश)

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"मोदी सरकार बुनकर समुदाय के समग्र विकास के प्रति कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी का वोकल फॉर लोकल का मंत्र निश्चित रूप से हथकरघा क्षेत्र के मनोबल को बढ़ावा देगा।

**-अमित शाह,** केन्द्रीय गृह मंत्री



आरबीआई ने देश के असली मिजाज को जाहिर कर दिया है। लोगों का विश्वास अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। भय और असुरक्षा अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर और अधिक बुरी खबरों का अंदेशा है।

**-राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता



उच्चतम न्यायालय भी चीन की सरकार के साथ कांग्रेस पार्टी के सहमति पत्र (एमओयू) से हैरान है। श्रीमती गांधी और उनके बेटे, जिनकी अगुवाई में एमओयू पर दस्तखत किए गए, को सफाई देनी चाहिए।

**-जेपी नड्डा**
भाजपा, अध्यक्ष"

# एसईटी रिपोर्ट से उजागर हुआ शराब माफिया व खट्टर सरकार का गठजोड़

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला व कांग्रेस हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान हरियाणा प्रदेश में खुलेआम शराब घोटाला हुआ और चोर दरवाजे से औने-पौने दाम पर शराब की बेहिसाब बिक्री कर तस्करी हुई। शराब माफिया के तार सीधे-सीधे उच्च पदों पर बैठे राजनीतिज्ञों और आला अधिकारियों से जुड़े थे।

कांग्रेस पार्टी और जागरूक पत्रकारों-नागरिकों द्वारा शराब माफिया व खट्टर सरकार के गठजोड़ बारे सवाल उठाने पर स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन हुआ, पर मुख्यमंत्री ने आनन फानन में 11 मई, 2020 को एसआईटी को खारिज कर स्पेशल इंक्वायरी टीम (एसईटी) का गठन कर

**कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर लगाए खुलेआम शराब घोटाला करने के आरोप**

**मांग-हाई कोर्ट जज की मॉनिटरिंग में जांच से ही पकड़े जाएंगे शराब घोटाले के असली किंगपिन**



दिया। कमाल की बात यह है कि इस एसईटी को इंवेस्टिगेशन यानि तफतीश का अधिकार ही नहीं था और न ही कानूनी वैधता थी।

अब एसईटी ने 30 जुलाई, 2020 को आधी-अधूरी जांच रिपोर्ट दी, पर इसमें भी घोटाला उजागर हो गया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि एक बात साफ है कि ऑपरेशन कवरअप के तहत अब एसईटी की जांच के ऊपर एक और विजिलेंस जांच बैठाई जाएगी। यानि जांच पर जांच पर जांच और नतीजा वही ढाक के तीन पात। मतलब किसी तरह, किसी प्रकार से व किसी भी हालत में सरकार में बैठे बड़े बड़े रसूखदारों-गुनाहगारों तक आंच न आए और शराब माफिया और उच्च पदों पर बैठे राजनीतिज्ञों और आला अफसरों के गठजोड़ पर पर्दा डाल दिया जाए।

कांग्रेस नेताओं ने एसईटी की रिपोर्ट के 10 बिंदुओं से शराब माफिया और खट्टर सरकार का गठजोड़ साफ होना बताया। इसीलिए अब एसईटी की जांच के ऊपर एक और विजिलेंस जांच बैठा सारे मामले को दबाने की साजिश की जा रही है। साफ है कि बिल्ली को दूध की रखवाली नहीं बनाया जा सकता। जब भाजपा-जजपा सरकार ही शराब घोटाले में संलिप्त है, तो फिर जांच होगी कैसे? कांग्रेस पार्टी व हरियाणा की जनता की स्पष्ट मांग है कि हाईकोर्ट के सिटिंग जज की देखरेख में जांच हो ताकि खट्टर सरकार में बैठे बड़े-बड़े रसूखदारों और गुनाहगारों के चेहरे बेनकाब हो सकें।

# कोरोना में तैनात आयुष चिकित्सकों ने मांगी एक्सटेंशन

**चंडीगढ़।** कोरोना काल में राज्य के चिकित्सा ढांचे की मजबूती के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्त बीएएमएस डाक्टर्स अब अपने एक्सटेंशन (सेवा विस्तार) के लिए दर बदर हैं। सेवा विस्तार की दरख्वास्त लेकर डाक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मुलाकात की।

स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने डाक्टरों की उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद डाक्टरों का प्रतिनिधिमंडल डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के आवास पर पहुंचा। डिप्टी सीएम ने बीएएमएस डाक्टर्स की बात को सुना और आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर संबंधित विभाग से बात करेंगे। अनुबंध आधार पर नियुक्त किए गए इन डाक्टरों ने बताया कि बीते अप्रैल महीने में प्रदेश सरकार ने 219 बीएएमएस डाक्टर्स को 89 दिनों के नियुक्त किया था। पिछले महीने की आठ तारीख को उनका अनुबंध खत्म हो गया।

**स्वास्थ्य मंत्री व डिप्टी सीएम से की मुलाकात**

मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारियों से मिलकर एक्सटेंशन की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन डाक्टरों को सेवा विस्तार नहीं मिला। इन डाक्टरों का कहना है कि सरकार का नारा है कि कोरोना योद्धाओं को सम्मान दिया जाएगा, परंतु आयुष डॉक्टरों को अपनी रोजी-रोटी के लिए, और मान सम्मान के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। 25 दिन बीत जाने के बावजूद आज आयुष डॉक्टरों को दोबारा ज्वाइन नहीं कराया गया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर डाक्टर प्राइवेट अस्पतालों में नौकरी कर रहे थे। प्राइवेट नौकरी छोड़कर अनुबंध आधार पर सरकार की नौकरी ज्वॉइन की। लेकिन अब एक्सटेंशन न मिलने की वजह से डाक्टर बेरोजगार हो गए हैं। डाक्टरों ने सरकार को याद दिलाया कि उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर कोविड सेंटर और कंटेनमेंट जोन में जाकर सेवा दी है।

# करोड़ों की लूट और दो हत्याओं में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एसपी शशांक सावन के आदेश अनुसार चौकी अनाज मंडी कैथल पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो मोस्टवांटेड अपराधी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल, एक मिस और पांच कारतूस, एक बैंक से लूटी गई 1,15,500 रुपये नकदी और वारदात में प्रयुक्त स्वीफ्ट गाड़ी बरामद हुई हैं।

पुलिस अधीक्षक शशांक सावन ने बताया कि चौकी अनाज मंडी कैथल प्रभारी सबइंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने तेजीमान चौक चंदाना रोड कैथल पर नाकाबंदी कर संदिग्ध स्वीफ्ट कार को रुकने का संकेत किया, चालक ने गाड़ी रोककर फरार होने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस उसे काबू कर लिया। चालक की पहचान दिनेश उर्फ फौजी निवासी



**चौकी अनाज मंडी व सीआईए-टू पुलिस की गिरफत में हत्या, लूट व छीना-झपटी के मामलों में वांछित शातिर अपराधी।**

सेय जिला भिवानी के रूप में हुई, उसके पास 32 बोर का एक पिस्टल बरामद हुआ, जिसकी मैगजीन में 5 कारतूस मिले। दूसरे मामले में शुक्रवार को चौकी अनाज मंडी प्रभारी एसआई शमशेर सिंह की टीम ने पैदल आ रहे संदिग्ध शिवम निवासी शामलो कलां जिला जींद को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ।

# निगमों व परिषदों में बनेगी प्रॉपर्टी आईडी : दुष्यंत

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के नौ नगर निगमों में अगले एक सप्ताह में, 15 नगर पालिका और नगर परिषदों के अधीन आने वाले क्षेत्रों में आगामी 15 दिनों के अंदर प्रॉपर्टी आईडी तैयार कर दी जाएगी। हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि कंट्रोल्ड एरिया में रजिस्ट्रियां करने का एक खास मैकेनिज्म बनाया जाएगा।

राजस्व विभाग के अलावा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, एचएसआईआईडीसी, वन विभाग जैसे संबंधित विभाग रजिस्ट्री के लिए अगर 14 दिनों के अंदर-अंदर अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं देते हैं तो उसे डीम्ड स्वीकृति समझकर रजिस्ट्री कर दी जाएगी। इसके

**नई रजिस्ट्री प्रणाली में प्रदेश वासियों को मिलेंगी ढेरों सुविधाएं**

**दो सप्ताह में एनओसी नहीं मिली तो डीम्ड मंजूरी के साथ होगी रजिस्ट्री**

**बहादुरगढ़, सोनीपत अंबाला व फरीदाबाद से मिली हैं शिकायतें**

अलावा जो अध्यादेश लाया जा रहा है उसमें कृषि भूमि व खाली पड़ी जमीन की अलग-अलग श्रेणी की जाएंगी। कंट्रोल्ड एरिया में रजिस्ट्री के लिए वर्ष 2017 में कृषि भूमि के क्षेत्र को दो कनाल किया गया था



उसको अब वर्ष 2017 के संशोधन से पहले की भांति एक एकड़ किया जाएगा।

उन्होंने बताया शहरों में प्रॉपर्टी टैक्स को ऑनलाइन भरने की सुविधा की जाएगी ताकि रजिस्ट्री के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) स्वतः लिया जा सके। रजिस्ट्री कार्यालय में मानव-हस्तक्षेप कम से कम हो, सभी संबद्ध विभागों को आगामी एक माह में लिंक कर दिया जाएगा ताकि तत्काल रजिस्ट्री हो सके। भविष्य में कूपन लेने की आवश्यकता नहीं होगी। डिप्टी सीएम ने बताया कि विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्री-डीड का एक नमूना अपलोड किया जाएगा ताकि कोई भी व्यक्ति इसे पढ़कर अपनी मर्जी अनुसार डीड करवा सकें।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि लॉकडाउन के दौरान गुरुग्राम, बहादुरगढ़, सोनीपत, अंबाला व फरीदाबाद में अवैध तरीके से रजिस्ट्रियां करने की शिकायतें मिली हैं, इन मामलों में मंडल आयुक्तों को 14 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में जो भी दोषी पाया गया उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## निगम ने अवैध रूप से चल रहीं पांच डेयरियों को किया सील

**करनाल।** डेयरी शिफ्टिंग मामले में रुचि न दिखाने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ तीसरी बार कार्रवाई करते शुक्रवार को शहर के बसंत विहार एरिया में नगर निगम ने पांच डेयरियों को सील करने की कार्रवाई की। स्मरण रहे कि इससे पहले 21 जुलाई को भी नगर निगम की ओर से तीन डेयरियों को सील कर पांच डेयरियों में मौजूद 11 पशुओं को कब्जे में लिया था।

उपायुक्त एवं नगर निगम के आयुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि नगर निगम की ओर से शहर के बसंत विहार एरिया में अवैध रूप से चलाई जा रही पशु डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई। इस दौरान पांच डेयरियों को सील किया, पांच डेयरियां पशुओं से खाली दिखाई देने पर कोई कार्रवाई सम्भव नहीं हुई, जबकि एक डेयरी से एक पशु को कब्जे में लिया।

# सामुदायिक भवन व वैलकम गेट का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में पूरे हरियाणा का सर्वांगीण विकास हो रहा है, वहीं पूंडरी क्षेत्र में भी विकास की बयार बह रही है। सभी कार्यों को जल्द अमलीजामा पहनाकर क्षेत्र के लोगों को विकास में भागीदार बनाकर सौगात देंगे। यह क्षेत्र इन सभी विकास कार्यों के पूरा होने से एक अलग पहचान बनाएगा। हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन व विधायक रणधीर सिंह गोलन गांव टीक में लगभग 50 लाख रुपये से बने सामुदायिक हॉल व 5 लाख रुपये से तैयार वैलकम गेट का शुभारंभ उपरांत ग्रामीणों से रूबरू हो रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव में वाल्मीकि चौपाल, बाजीगर चौपाल, हेड़ी व मुस्लिम चौपाल के एस्टिमेट तैयार करें, ताकि जल्द ही इन सभी चौपालों को तैयार कराया जा सके। गांव में किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं रहने दी जाएगी।



**गांव टोक में सामुदायिक हॉल का उद्घाटन करते चेयरमैन रणधीर गोलन।**

कम्यूनिटी हॉल से ग्रामीणों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर क्षेत्र, वर्ग के लिए विशेष योजनाएं बनाई हैं, ताकि सभी को इन योजनाओं का लाभ मिले। विशेष तौर से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा मुहैया कराना सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री हर रोज नई-नई सौगातें प्रदेश वासियों को दे रहे हैं। पूंडरी हलके के किसी भी गांव की गली को कच्चा नहीं रहने दिया जाएगा। इसके साथ-साथ जितने भी सार्वजनिक सामुदायिक भवन है या अन्य मांगे हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

इस मौके पर कार्यकारी अभियंता बनारसी दास, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र शर्मा, विनोद कुमार, कर्मबीर, मुनीष खुराना, सरपंच विक्रम सिंह, रामफल टीक, सतपाल, रामकुमार, राजेश, सुरेंद्र, कर्मदेव, नाथा राम, ईषम सिंह, रामभक्त, साहब सिंह, ज्ञाना गुज्जर, सुभाष प्रजापत, सुरेश कुमार, कृष्ण, बलजीत, मंदीप गोलन, पवन, ईश्वर, विक्की टीक, संजू, सुरेंद्र श्योकंद, रकम सिंह, बीरा नंबरदार, निजी सचिव संजीव कुमार गामड़ी आदि मौजूद रहे।

# जाट शिक्षण संस्थान व एलआईसी ऑफिस में बांटे मास्क व सैनिटाइजर

**कैथल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुदीप सुरजेवाला ने शुक्रवार को कैथल में जाट शिक्षण संस्था के प्रधान इंद्र नौच व समस्त संस्था के सहयोग से जाट कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, बीएड कॉलेज, आईटीआई, शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल व सर छोटूराम अकेडमी के स्टाफ व एलआईसी के ऑफिस में पहुंचकर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. रमेश तितरम और साथियों सहित एलआईसी ऑफिस में पांच सर्जिकल मास्क और हैंड सैनिटाइजर की बोतलें वितरण की।

डॉ. रमेश तितरम सहित सभी साथियों ने कोविड 19 महामारी से निजात दिलाने में कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रणदीप सुरजेवाला द्वारा कैथल, कुरुक्षेत्र व जींद जिलों सहित उत्तरी हरियाणा में दिए जा रहे सहयोग व जनसेवा में निरंतर अग्रसर



रहने पर आभार व्यक्त किया। जाट शिक्षण संस्था के उपप्रधान राकेश राकेश नैन, महासचिव शमशेर सिंह ढुल, कोषाध्यक्ष गुरुदेव नैन, बन्नी सिंह संधू, एडवोकेट गंगा बिशन, कुलदीप सिंह, धर्मपाल सिंह, रामदिया पुनिया, विक्रम अटैला, सत्यवान शेरगढ़, डॉ. मोहकम ढुल, सुरेंद्र रांझा, विवेक गुप्ता, मुकेश बेरवाल, विनोद चहल भैणीमाजरा, दलबीर पुनिया, कुलदीप शेरगढ़, सोमदत्त, रोहताश शर्मा, सुरेश बजरंगी, रवि गोयल, नरेश भारती, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र शर्मा और बलवंती आदि लोग उपस्थित रहे।

# नये जेफिरस जी14 के साथ धूम मचाने के लिए आसुस आरओजी पूरी तरह तैयार

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**प्रमुख** ताइवानी टेक कंपनी, आसुस रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) ने शुक्रवार को 'स्टेट-ऑफ-द-आर्ट' उत्पाद, जेफिरस जी14 को लॉन्च करके एक उत्कृष्ट गेमिंग अनुभव देने वाली सोच को मजबूती प्रदान की है। आसुस आरओजी का प्रमुख उत्पाद नया एएमडी रिजेन 9 4900 एचएस प्रोसेसर के साथ 8 कोर तक और 16 थ्रेड्स तक का पावर पैक परफॉर्मेंस देता है। इसमें स्वनिर्धारित इंटेलिजेंट कूलिंग सिस्टम है, जिसमें यूजर्स को लुभाने वाला एनवीआईडीआईए का आरटीएक्स 2060 मैक्सक्यू जीपीयू तक और यूएचडी रेजोल्यूशन पैनटोन सत्यापित 100% एसआरजीबीकलर सटीक डिस्प्ले तक शामिल है। आसुस इंडिया ने जेनबुक 14, वीवोबुक एस एस14, वीवोबुक अल्ट्रा के15, वीवोबुक अल्ट्रा 14/15, वीवोबुक फ्लिप14 और जेफिरस जी15 को शामिल करके एएमडी पोर्टफोलियो को भी बढ़ाया है।

नये उत्पाद के लॉन्च के अवसर पर, अर्नाल्ड सु, बिजनेस हेड, कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी, सिस्टम बिजनेस ग्रुप, आसुस इंडिया ने बताया कि जेफिरस जी14 वास्तव में आसुस का आकर्षक तकनीकी और डिजाइन आधारित उत्कृरूट रचना है। इस तरह के शक्तिशाली एएमडी रीजेन 4000 सीरीज एचएस प्रोसेसर के साथ 14-इंच फॉर्म फैक्टर में गेमिंग लैपटॉप के लिए पहली बार हमारा मुख्य फोकस पतला और हल्का होना है, जो गेमर्स और कन्टेंट बनाने वालों के लिए बेजोड़ परफॉरमेंस प्रदान करेगा। नई एएमडी रीजेन 4000 सीरीज एचएस प्रोसेसर आसुस और एएमडी के बीच ठोस सहयोग का एक बेहतरीन उदाहरण हैं जो उच्चतर प्रदर्शन देते हैं और हमारे ग्राहकों को असाधारण क्षमताएं प्रदान करते हैं। हम काम और जीवन के अनुभवों को बढ़ाने वाले 'इंटेलिजेंट एज सॉल्यूशंस' देने के उद्देश्य से, पतले और हल्के कंज्यूमर नोटबुक के साथ अपने एएमडी पोर्टफोलियो का निर्माण भी कर रहे हैं। हमें भरोसा है कि जेफिरस जी14 और शेष एएमडी रेंज भारतीय लोगों में काफी लोकप्रिय होगी।

**नये रीजेन 4000 सीरीज मोबाइल प्रोसेसर के साथ आसुस एएमडी पोर्टफोलियो को मजबूती मिली**

विनय सिन्हा, मैनेजिंग डायरेक्टर-सेल्स, एएमडी इंडिया ने कहा कि एएमडी और आसुस दोनों में गेमिंग को लेकर समान उत्साह हैं और ये सभी के लिए हायर परफॉरमेंस वाली कंप्यूटिंग ला रहे हैं। हम आरओजी जेफिरस जी14 के लॉन्च के साथ, जिसमें हमारा नया रीजेन 9 4900एचएस मोबाइल प्रोसेसर और हमारे नवीनतम प्रोसेसर द्वारा संचालित वीवोबुक पोर्टफोलियो का विस्तार शामिल है, अपने रिश्ते को मजबूती प्रदान करने को लेकर उत्साहित हैं। हमारी 7 एनएम प्रोसेस टेक्नोलॉजी और जेन 2 कोर आर्किटेक्चर 8 कोर और 16 थ्रेड तक हैं, जो जी14 को बिना रुकावट के गेमिंग, कन्टेंट क्रिएशन और अन्य प्रचलित वर्कलोड के लिए अत्यंत शक्तिशाली मशीन बनाते हैं।

# कैंसर बीमारी में हरियाणा देश में तीसरे स्थान पर : संतोष दहिया

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय महिला शक्ति मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संतोष दहिया ने बताया कि आठ अगस्त को सीएचसी लाडवा और नौ अगस्त को सीएचसी मथाना में फ्री कैंसर चेकअप कैंप लगाया जा रहा है। यह कैंप अखिल भारतीय महिला शक्ति मंच एवं फेथ इन टुमारो कैंसर फाउंडेशन की तरफ से लगाया जा रहा है। जिसका मकसद है कि कैंसर जैसी भयानक बीमारी से लोगों को अवेयर करना और समय रहते इलाज करना।

डॉक्टर संतोष दहिया ने बताया कि लोग कैंसर के नाम से डरते हैं लेकिन लोगों को डरने की बजाय बचने के उपायों की तरफ ध्यान देना होगा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर प्रीवेंशन एंड रिसर्च के अनुसार कैंसर के मामले में हरियाणा तीसरे स्थान पर है। केरला मिजोरम के बाद हरियाणा का नंबर आता है जबकि दिल्ली का नंबर हरियाणा के बाद आता है। वर्ष 2012 के अनुसार 1300 लोग हर रोज कैंसर से मरते हैं जबकि तबाकू पीने से कैंसर होने के कारण 3500 लोग मरते हैं। पिछले 3 साल में अकेले हरियाणा में कैंसर से मरने



**जानकारी देती अखिल भारतीय महिला शक्ति मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संतोष दहिया।**

वालों की संख्या लगभग 15000 लोग मर चुके हैं। डॉ दहिया ने लोगों से आह्वान किया कि वह समय रहते अपना चेकअप और इलाज करें। इसलिए अखिल भारतीय महिला शक्ति मंच और फेस इन टुमारो कैंसर फाउंडेशन ने मिलकर यह निर्णय लिया कि 8 अगस्त को सीएससी लाडवा और 9 अगस्त को सीएचसी में थाना में फ्री कैंसर चेकअप कैंप लग रहा है जिसमें दिल्ली से डॉक्टर आ रहे हैं।

## धरती पर भगवान का कोई रूप है तो वह डॉक्टर है

**रेवाड़ी।** धरती पर भगवान का अवतार यदि कोई है तो वह डाक्टर्स हैं। इस वैश्विक महामारी में ये दुनिया ने देख लिया कि किस तरह से स्वास्थ से जुड़े सभी स्टाफ ने जनता की सेवा की है, इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि हम स्वास्थ विभाग से जुड़े लोगों का ध्यान रखें। यह बात रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने कुतुबपुर स्थित प्राइमरी स्वास्थ केंद्र के मेडिकल स्टाफ को पीपी किट, सेनिटाइजर और मास्क प्रदान करते हुए कही।

चिरंजीव राव ने कहा कि हीरो कंपनी इस कार्य में हमारी मदद कर रही है। मुझसे भी जितनी मदद बनती है मैं स्वास्थ विभाग और जनता की सेवा कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार, प्रशासन और आम जनता को भी स्वास्थ विभाग के सभी स्टाफ के साथ खड़ा होना चाहिए, ताकि इनका हौसला बढ़े। विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि कोरोना के केस बढ़ना चिंता का विषय है। इस महामारी से लड़ने के लिए मास्क व सेनेटाईजर से बढ़िया और कोई सुरक्षा का साधन नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित कैंटर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराया



**रादौर।** जठलाना रोड पर शुक्रवार तड़के लगभग चार बजे एक मुर्गों की फीड से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे को तोड़ता हुआ पुलिया से जा टकराया। सौभाग्य से कैंटर चालक को आंशिक रूप से चोटें आईं। जबकि दुर्घटना में कैंटर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गांव कुटेल, जिला करनाल निवासी कैंटर चालक सोनू ने बताया कि वह कैंटर में फीड लोड करके रादौर आया था। इस दौरान जब वह जठलाना रोड पर जा रहा था तो शहर के सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट के पास सड़क पर अचानक एक घोड़ा उसके सामने आ गया। घोड़े को बचाने के चक्कर में कैंटर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे को तोड़ता हुआ पुलिया से जा टकराया।

### बर्तनों की दुकान से हजारों की नकदी चोरी



**रादौर।** रादौरी रोड पर स्थित एक बर्तनों की दुकान के गल्ले से एक व्यक्ति हेराफेरी से हजारों रुपये चुरा ले गया। चोर फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने प्रभावित दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। गडरिया मोहल्ला रादौर निवासी बलदेव सिंह ने रादौर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर के रादौरी रोड पर बर्तनों की दुकान चलाता है। छह अगस्त की दोपहर को लगभग डेढ़ बजे एक अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर बर्तन खरीदने के लिए आया। इस दौरान जब वह बर्तन देने के लिए दुकान में इधर-उधर हुआ तो आरोपी ने उसके गल्ले में रखे 25,600 रुपये लेकर मौके से फरार हो गया। लगभग 20 दिन पहले 16 जुलाई को इसी प्रकार शहर के रादौरी रोड पर उधम सिंह कॉलोनी में स्थित गांव खुर्दबन निवासी सोनू के एसआर करियाना स्टोर पर भी 2 अज्ञात व्यक्तियों ने इसी प्रकार हेराफेरी से दुकान के गल्ले से चार हजार रुपये चुरा लिये थे। इस प्रकार शहर के रादौरी रोड पर 2 दुकानदारों को अज्ञात व्यक्ति हेराफेरी से अपना निशाना बनाकर हजारों रुपये चोरी कर चुके है।

### पूर्व विधायक ने डीसी को सौंपे 49 हजार 100 रुपये के चेक



**रादौर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सहयोग से पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा ने हरियाणा कोरोना रिलीफ फंड में 49 हजार 100 रुपये के चेक जिला उपायुक्त को भेंट किए। श्याम सिंह राणा ने कहा कि महामारी के इस दौर में सभी को राष्ट्र की सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए। सभी लोग अपनी समर्थता के अनुसार कोरोना रिलीफ फंड में सहयोग करें। वहीं सरकार द्वारा जारी किये दिशा निर्देशों का सभी पालन करें। तभी हम कोरोना वायरस की बीमारी पर फतह हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर सरपंच गोलनपुर रणधीर, सरपंच कर्मसिंह नाचरौन, पार्षद अभिषेक मौदगिल, संजीव शर्मा कांसापुर आदि मौजूद थे।

### नाबालिग की हत्या मामले में महिला सहित तीन गिरफ्तार

**कैथल।** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग की हत्या और शव खुर्दबुर्द करने के मामले में कलायत पुलिस ने मृतका के भाई, चचेरे भाई और मां को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक शंशाक सावन ने बताया कि थाना प्रबंधक कलायत इंस्पेक्टर सोमबीर की अगुवाई में एसआई गुरदेव सिंह की टीम ने मृतका के भाई प्रवेश, चचेरे भाई विकास और माता रानी देवी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि किसी व्यक्ति द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम कैथल को दी गई सूचना की मार्फत कलायत पुलिस ने वीरवार सुबह गांव पहुंचकर जलती चिता से नाबालिग का अधजला शव कब्जे में लिया था। एएसआई कुलबीर सिंह की सूचना पर थाना कलायत में मामला दर्ज किया था। घटना की पृष्ठभूमि में नाबालिग द्वारा जिला जींद निवासी अपने किसी परिचित से बातचीत करना बताया है।

### अमेरिका भेजने के नाम पर 20 लाख ठगे, गिरफ्तार

**कैथल।** विदेश में सैटल कराने का झांसा देकर धोखाधड़ी पूर्वक नकदी एंठने वाले जाली एजेंटो पर लगाम कसते हुए चौकी भागल पुलिस द्वारा जिला करनाल निवासी एक कबूतरबाज को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से सात हजार रुपये बरामद किए हैं। एसपी शशांक सावन ने बताया कि सुखप्रीत सिंह निवासी भागल की शिकायत पर 5 जून को थाना चीका में दर्ज मामले के अनुसार आरोपी जगदीश निवासी मोड़ी जिला करनाल ने उसे अमेरिका में सैटल कराने के सब्जबाग दिखाकर 20 लाख रुपये ले लिए। अमेरिका में उसे पुलिस ने पकड़ और कई माह की जेल काटने के बाद भारत भेज दिया। चौकी प्रभारी भागल एसआई केहर सिंह ने आरोपी जगदीश निवासी मोड़ी जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया।

### ओपी जिंदल की याद में किया पौधारोपण



**कुरुक्षेत्र।** स्टील जगत में क्रांति लाने वाले प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी व पूर्व उर्जा मंत्री स्व. ओमप्रकाश जिंदल के जन्मदिवस पर शाहबाद हलका में मदनपुर, अजराना कलां, अजराना खुर्द, बस स्टैंड सहित अनेक स्थानों पर पौधारोपण किया गया व ओमप्रकाश जिंदल को पुष्प अर्पित किए गए। कांग्रेस नेत्री सुनीता नेहरा ने कहा कि ओमप्रकाश जिंदल ने जीवन में संघर्ष के बल पर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया। ओपी जिंदल को श्रद्धांजलि देते हुए सुनीता नेहरा ने कहा कि ओपी जिंदल ने जहां देश को औद्योगिक क्रांति का सूत्र दिया। वहीं हमेशा ही गरीबों, किसानों, कामगारों, दलित, पिछडों व हर जरूरतमंद के लिए काम करते रहे। उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया और गरीबों, असहाय लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए हरदम काम काम किया। इस अवसर पर पवन सैनी कल्याणा, कार्तिकेय कक्कड़, जग्गी मुंडे, ओंकार सिंह, सुक्खा सिंह, राजिन्द्र सिंह, हरविंद्र सिंह, रामरत्न, गोपाल राम, परमजीत सिंह, मोहन कश्यप, ताराचंद, धर्मपाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही जिंदल हाउस में ओपी जिन्दल की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में जगपाल सिंह, सुभाष बारना, रामकुमार सैन, श्यामलाल, विनोद शेखरी, रामकरण, जयसिंह, जीत राम, धर्म सिंह, सोमनाथ, माया राम, राम चरित्र, कुड़ा राम, राज कुमार, ओमप्रकाश आदि शामिल थे।

# ईरान को दुनिया में आतंकवाद का नंबर एक प्रायोजक बताया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत कैली क्राफ्ट ने ईरान को दुनिया में आतंकवाद का नंबर एक प्रायोजक बताया और रूस तथा चीन को आगाह किया कि अगर वे ईरान पर संयुक्त राष्ट्र हथियार प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव को बाधित करेंगे तो वे भी आतंकवाद के सह-प्रायोजक बन जाएंगे।

राजदूत कैली क्राफ्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र को उम्मीद है कि रूस और चीन आतंकवाद के नंबर एक प्रायोजक देश के सह-प्रायोजक नहीं बनेंगे और पश्चिम एशिया में शांति की महत्ता को पहचानेंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि ईरान का समर्थन करने पर रूस और चीन के बीच भागीदारी बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा, वे अपनी सीमाओं के बाहर केवल अराजकता, संघर्ष और अफरातफरी को बढ़ावा देने वाले हैं इसलिए हमें उन्हें अलग-थलग करना होगा। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने बुधवार को एलान किया था कि उनका देश ईरान पर अनिश्चितकाल के लिए हथियार प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव पर अगले हफ्ते मतदान कराने की सुरक्षा परिषद से अपील करेगा। ईरान पर हथियार प्रतिबंध की अवधि 18 अक्टूबर को समाप्त हो रही है।

# भारत एवं अमेरिका के संबंधों पर महत्ता की बात दोहराई

## जयशंकर, पोम्पिओ ने कोविड-19 एवं हिंद-प्रशांत को लेकर फोन पर की बातचीत



**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष माइक पोम्पिओ ने फोन पर बात की, जिसमें उन्होंने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी से निपटने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत अंतरराष्ट्रीय चिंता के मामलों के संबंध में द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय सहयोग को लेकर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता कैले ब्राउन ने बताया कि दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत और विश्वभर में समृद्धि एवं शांति कायम रखने और सुरक्षा मजबूत करने में भारत एवं अमेरिका के संबंधों की महत्ता की बात दोहराई। भारत और अमेरिका ने संसाधन समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर बातचीत की। इस क्षेत्र में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इस मामले पर 2018 में गोवा में हुई भारत-अमेरिका समुद्री सुरक्षा वार्ता के तीसरे दौर में भी विस्तार से बातचीत हुई थी।

अमेरिका रणनीतिक रूप से अहम भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत को बड़ी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। ब्राउन ने कहा, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों में निकट सहयोग जारी रखने एवं इस वर्ष बाद में अमेरिका भारत टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता और चतुष्पक्षीय वार्ता को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने हिंद-प्रशांत में अहम समुद्री मार्गों को चीन के प्रभाव से मुक्त करने के लिए नई रणनीति विकसित करने के मकसद से नवंबर 2017 में चतुष्पक्षीय गठबंधन को आकार दिया था।पहली टू प्लस टू वार्ता सितंबर 2018 में नई दिल्ली में हुई थी। ब्राउन ने बताया कि फोन पर बातचीत के दौरान जयशंकर और पोम्पिओ ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने, अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया को समर्थन देने और क्षेत्र को अस्थिर करने वाले हालिया कदमों समेत अंतरराष्ट्रीय चिंता के मामलों पर जारी द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। दोनों नेता कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान लगातार संपर्क में हैं। इस महामारी से विश्वभर में सात लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और करीब एक करोड़ 90 लाख लोग संक्रमित हैं।

# ट्रंप प्रशासन कर रहा चीनी कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी

## जो अमेरिका में सूचीबद्ध हैं और अमेरिकी ऑडिट प्रावधानों का पालन नहीं करती हैं

**ललित के झा।** वाशिंगटन

**ट्रंप** प्रशासन ऐसी चीनी कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, जो अमेरिका में सूचीबद्ध हैं और अमेरिकी ऑडिट प्रावधानों का पालन नहीं करती हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। वाल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्ताव के मुताबिक न्यूयार्क स्टॉक एक्सचेंज या नास्डैक जैसे अमेरिकी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध चीनी कंपनियां अमेरिकी नियामकों के लेखा परीक्षण के अधीन होंगी या उन्हें शेयर बाजार से हटा दिया जाएगा।

समाचार पत्र ने कहा कि इन नियमों का पालन करने के लिए चीनी लेखा परीक्षकों को अपने लेखांकन के कागजात अमेरिकी सरकार के विशेष ऑडिट नियामक सार्वजनिक कंपनी लेखा निरीक्षण बोर्ड की निगरानी के साथ साझा करना होगा। रिपोर्ट में वित्त मंत्रालय और प्रतिभूति तथा विनिमय आयोग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि जो चीनी कंपनियां अभी तक सूचीबद्ध नहीं हुई हैं, लेकिन अमेरिका में एक प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की योजना बना रही हैं, उन्हें एनवाईएसई या नास्डैक पर सार्वजनिक होने से पहले इन नियमों का पालन करना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रतिभूति तथा विनिमय आयोग के अध्यक्ष जे क्लेटन ने कहा ये सिफारिशें कांग्रेस के कानून के अनुरूप हैं और बराबरी के मुकाबले के महत्व पर केंद्रित हैं। इस संबंध में अमेरिकी सीनेट ने मई में कानून पारित किया था, जिसके बाद यह कदम उठाया गया है। कानून के अनुसार तीन साल में इन नियमों का पालन नहीं करने वाली चीनी कंपनियों को शेयर बाजार से हटा दिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन का ताजा कदम चीनी कंपनियों पर नकेल कसने की कोशिश का हिस्सा है।

### ट्रंप ने टिकटॉक, वीचैट पर प्रतिबंध लगाने के किए आदेश




**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक और वीचैट जैसी लोकप्रिय चीनी ऐप्लीकेशन पर प्रतिबंध लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए और उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा एवं देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को दो अलग-अलग कार्यकारी आदेशों में कहा कि प्रतिबंध 45 दिन में लागू होगा। उल्लेखनीय है कि भारत टिकटॉक और वीचैट पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश है। भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए यह प्रतिबंध लगाया था। भारत ने 106 चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत के इस कदम का ट्रंप प्रशासन और अमेरिकी सांसदों ने स्वागत किया था। ट्रंप ने कांग्रेस को भेजी शासकीय सूचना में कहा कि चीन की कंपनियों द्वारा विकसित एवं उनके मालिकाना हक वाली मोबाइल ऐप का अमेरिका में प्रसार राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, इस समय, खासकर एक मोबाइल ऐप टिकटॉक से निपटने के लिए आदेश दिया गया है।

### दवाओं के लिए चीन, अन्य देशों पर निर्भरता खत्म करेगा अमेरिका : ट्रंप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका दवाओं एवं चिकित्सा आपूर्ति के लिए चीन तथा अन्य देशों पर अपनी निर्भरता खत्म करेगा। उन्होंने कहा कि घातक कोरोना वायरस फैलाकर बीजिंग ने अमेरिका और दुनिया को जो घाव दिया है, उसकी कीमत उसे चुकानी होगी। ट्रंप ने व्हर्लपूल के विनिर्माण संयंत्र का दौरा करने के लिए ओहायो जाने से पहले बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, चीन ने जो किया वह भयानक है। चाहे वह इसे रोकने में असक्षम था या उसने जानबूझकर यह किया लेकिन यह भयानक चीज है न केवल अमेरिका के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए। बहुत भयानक चीज। उन्होंने कहा कि बीजिंग ने कोरोना वायरस फैलाकर अमेरिका और दुनिया को जो घाव दिया है, उसकी कीमत उसे अदा करनी पड़ेगी।

# तालिबान के 400 कैदी रिहा करने का फैसला लेगा पारम्परिक परिषद

## अफगानिस्तान में चिर शान्ति के लिए वार्ता एक अहम कदम है

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी में एक पारम्परिक परिषद 400 तालिबान को छोड़ने पर फैसला करने के लिए शुक्रवार को खुलेगा। अफगान राजनीतिक नेतृत्व और तालिबान के बीच शांति समझौते को लेकर बातचीत शुरू करने की राह में यह आखिरी बाधा है। अफगानिस्तान में चिर शान्ति के लिए बातचीत एक अहम कदम है। वार्ता से ही इस बात का फैसला होगा कि एक शांतिपूर्ण अफगानिस्तान कैसा दिखेगा, कौन से संवैधानिक परिवर्तन किए जाएंगे, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा कैसे की जाएगी और दोनों पक्षों के हथियारों से लैस हजारों लोगों का भविष्य तय होगा।

अमेरिका ने बुधवार को एक बयान में कहा था कि वह पारम्परिक परिषद या जिरगा का स्वागत करता है। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ यह स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर तालिबान के साथ शांति वार्ता की दिशा में आगे बढ़ना है तो 400 कैदियों को रिहा करना ही होगा। पोम्पिओ ने एक बयान में कहा था कि हम मानते हैं कि सब कैदियों की रिहाई के हक में नहीं है लेकिन इस मुश्किल कदम से जरूरी परिणाम निकल कर आएंगे। बयान से यह संकेत मिले कि अमेरिका 400 तालिबान को रिहा न करने के फैसले को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। तालिबान के मुख्य वार्ताकार, मुल्ला अब्दुल गनी बरादर से इस सप्ताह वीडियो कॉल पर बात करने वाले पोम्पिओं ने कहा था कि तालिबान वार्ता शुरू होते ही हिंसा कम करने को तैयार हो गया है।

तालिबान के राजनीतिक प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने भी पहले कहा था कि तालिबान और काबुल के नेतृत्व के बीच वार्ता में स्थाई संघर्ष विराम प्रमुख एजेंडा होगा। गौरतलब है कि अमेरिका और तालिबान के बीच फरवरी में हुए समझौते के तहत काबुल को पांच हजार तालिबान को रिहा करना था जबकि तालिबान को एक हजार सरकारी और सैन्य कर्मियों को छोड़ना था।

# अमेरिका से व्यापार तनाव के बावजूद जुलाई में बढ़ा चीन का निर्यात

## साल भर पहले की तुलना में 7.5 फीसद हुई बढ़ोत्तरी

**बीजिंग।** कोरोना वायरस महामारी और अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव के बाद भी जुलाई महीने में चीन का निर्यात साल भर पहले की तुलना में 7.5 प्रतिशत बढ़ गया। इससे संकेत मिलता है कि चीन की अर्थव्यवस्था कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप से उबरने लगी है।

शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने के दौरान अमेरिका को चीन के निर्यात में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान चीन का कुल निर्यात 237.6 अरब डॉलर रहा। यह जून 2020 की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक है। जुलाई माह के दौरान चीन का आयात 1.4 प्रतिशत कम होकर 175.3 अरब डॉलर रहा। चीन में कोरोना वायरस महामारी का प्रकोप सबसे पहले शुरू हुआ। दिसंबर 2019 में महामारी की शुरुआत के बाद चीन ठप्प होने वाली पहली वैश्विक अर्थव्यवस्था रहा। हालांकि उसने महामारी पर सबसे पहले काबू भी किया और मार्च में सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी ने कोविड-19 पर विजय का दावा किया।

इससे पहले जून तिमाही में चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। चीन की जीडीपी में यह वृद्धि मार्च तिमाही की 6.8 प्रतिशत की गिरावट के बाद आई। चीन का निर्यात वैश्विक औसत की तुलना में तेज गति से सामान्य स्थिति में लौट रहा है। इससे पता चलता है कि चीन के विनिर्माता महामारी से अब भी जूझ रही अन्य अर्थव्यवस्थाओं की हिस्सेदारी पर कब्जा जमाने लगे हैं।

# भारत की पहली किसान रेल को महाराष्ट्र के देवलाली से हरी झंड़ी दिखाई



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए देश की पहली किसान रेल को हरी झंड़ी दिखाकर महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्थित देवलाली से बिहार के दानापुर के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि किसान रेल से सस्ती दरों पर कृषि उत्पादों, खासतौर से जल्दी खराब होने वाली उपज के परिवहन में मदद मिलेगी, और यह पहल किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने में सहायक होगी। तोमर ने कहा कि भारतीय रेलवे ने कोविड-19 महामारी के बीच देश भर में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 96 मार्गों पर 4,610 रेलगाड़ियों का संचालन किया। इस आयोजन की अध्यक्षता करने वाले रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की भलाई के लिए कई उपाए किए हैं और इससे देश के किसान आत्मनिर्भर व समृद्ध होंगे। इस आभासी समारोह में रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगड़ी, महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल भी शामिल हुए।

किसान रेल एक साप्ताहिक सेवा है, जो हर शुक्रवार को देवलाली से सुबह 11 बजे चलेगी और अगले दिन शाम पौने सात बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में यह रेलगाड़ी प्रत्येक रविवार को दानापुर से दोपहर 12 बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम पौने आठ बजे देवली पहुंचेगी। एक फेरे में यह रेलगाड़ी 31.45 घंटे में कुल 1,519 किलोमीटर की दूरी तय करेगी तथा इस दौरान नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, बुरहानपुर, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, सतना, कटनी, मानिकपुर, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और बक्सर में रुकेगी।

# कोरोना महामारी के चलते फ्रांस का निर्यात 21.5 प्रतिशत घटा

**पेरिस।** फ्रांस ने शुक्रवार को 2020 की पहली छमाही के लिए विदेश व्यापार के आंकड़े जारी किए, जिससे पता चलता है कि कोरोना वायरस महामारी के चलते मची आर्थिक तबाही से यूरोपीय देश बुरी तरह पीड़ित हैं।

इन आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान फ्रांस का निर्यात 2019 की पहली छमाही के मुकाबले 21.5 प्रतिशत घट गया। यह 2009 में महामंदी के दौरान पहली छमाही में हुई गिरावट के मुकाबले अधिक है। हालांकि, फ्रांस के आयात में भी कमी आई है, जिससे व्यापार घाटे की कुछ भरपाई हुई। फ्रांस के विदेश व्यापार मंत्री फ्रेंक रिस्टर ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण रूप से ये आंकड़े आश्चर्यजनक नहीं हैं, क्योंकि हम जिस संकट से गुजर रहे हैं, वह असाधारण है।

# महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व में एसएलपीपी ने आम चुनाव में दर्ज की शानदार जीत

## इससे पहले यह संसदीय चुनाव दो बार स्थगित हुए थे

**कोलंबो।** महिंदा राजपक्षे की पार्टी श्रीलंका पीपल्स पार्टी (एसएलपीपी) ने आम चुनाव में शुक्रवार को शानदार जीत दर्ज की। इस जीत को महिंदा राजपक्षे की राजनीति में वापसी के तौर पर भी देखा जा रहा है। इससे पहले यह चुनाव दो बार स्थगित हुए थे।

चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम परिणामों के अनुसार 225 सदस्यीय संसद में एसएलपीपी ने अकेले 145 सीटें जीती और सहयोगियों दलों के साथ कुल 150 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस तरह पार्टी को दो-तिहाई बहुमत मिल गया है। उसने बताया कि पार्टी को 68 लाख यानी 59.9 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अपने श्रीलंकाई समकक्ष महिंदा राजपक्षे को उनकी पार्टी के संसदीय चुनाव में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने तथा विशेष संबंधों कोई नई उंचाईयों पर ले जाने के लिए काम करेंगे। राजपक्षे ने इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, फोन पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपका शुक्रिया। श्रीलंका के लोगों के समर्थन के साथ, दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्साहित हूं।

श्रीलंका और भारत अच्छे मित्र एवं सहयोगी हैं। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने नवम्बर में एसएलपीपी की टिकट पर ही चुनाव में जीत दर्ज की थी और निर्धारित सयम ए छह महीने पहले ही चुनाव कराने की घोषणा कर दी थी। नतीजों के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी केवल एक सीट ही अपने नाम कर पाई। उसे केवल 2,49,435 यानी दो प्रतिशत वोट ही मिले।

राष्ट्रीय स्तर पर वह पांचवे नंबर पर ही। 1977 के बाद ऐसा पहली बार है कि विक्रमसिंघे को संसदीय चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। आंकड़ों के अनुसार एसजेबी 55 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही, तमिल पार्टी टीएनए को 10 सीटे और मार्क्सवादी जेवीपी को तीन सीट हासिल हुई।

### 7,200 से ज्यादा उम्मीदवार 22 चुनावी जिलों से मैदान में थे


**यहां** 1.6 करोड़ से अधिक लोगों को 225 सांसदों में से 196 के निर्वाचन के लिए मतदान करने का अधिकार था। वहीं 29 अन्य सांसदों का चयन प्रत्एक पार्टी द्वारा हासिल किए गए मतों के अनुसार बनने वाली राष्ट्रीय सूची से होगा। पहले यह चुनाव 25 अप्रैल को होने वाले थे लेकिन कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर इसकी तारीख बढ़ाकर 20 जून की गई। इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारियों के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तारीख आगे बढ़ाकर पांच अगस्त कर दी गई। करीब 20 राजनीतिक दलों और 34 स्वतंत्र समूहों के 7,200 से ज्यादा उम्मीदवार 22 चुनावी जिलों से मैदान में थे।

# भारत में गेमिंग श्रेणी पर ध्यान केंद्रित कर रही है हरमन

**नई दिल्ली।** ऑडियो समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी हरमन भारत में गेमिंग श्रेणी पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी तेजी से बढ़ रहे इस क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए चैनल के विस्तार तथा बिक्री व विपणन के प्रयासों में निवेश कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

हरमन के पास एकेजी, हरमन कार्डन, इनफिनिटी और जेबीएल जैसे ब्रांड हैं। कंपनी ने हाल ही में गेमिंग पसंद करने वाले उपभोक्ताओं के लिए भारत में हेडसेट की नई श्रृंखला जेबीएल क्वांटम पेश की है। हरमन के उपाध्यक्ष (लाइफस्टाइल ऑडियो) विक्रम खेर ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने इस रेंज को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण रूप से निवेश किया है... हम उम्मीद करते हैं कि गेमिंग हमारी वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि गेमिंग खंड में इस वर्ष के भीतर हमारे राजस्व में 10 प्रतिशत योगदान देने की क्षमता है। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि हम सही समय पर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। भारत में मांग काफी अधिक रही है।

# वैक्सीन पर काम कर रही है अरविंदो फार्मा, बीआईआरएसी से मिलेगा वित्त पोषण




**हैदराबाद।** दवा कंपनी अरबिंदो फार्मा लिमिटेड कोविड-19 की वैक्सीन सहित कई वायरल वैक्सीन बनाने पर काम कर रही है और उसे जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने वित्त पोषण के लिए मंजूरी दी है।

कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा, वर्ष (वित्त वर्ष 2019-20) के दौरान हमने ऑरो वैक्सीन के जरिए प्रोफेक्टस बायोसाइंसेज की आरएंडडी परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करके वैक्सीन खंड में अपनी उपस्थित को मजबूत किया है। इन आरएंडडी परिसंपत्तियों के उपयोग से कई वायरस वैक्सीन विकसित की जा ही हैं, जिसमें कोविड-19 के लिए वैक्सीन भी शामिल है। अरविंदो फार्मा ने कहा कि नवंबर 2019 में उसकी सहायक कंपनी ऑरो वैक्सीन एलएससी ने प्रोफैक्टस बायोसाइंसेज इंक यूएसए के कुछ कारोबार का 80 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया।

दवा कंपनी ने वार्षिक रिपोर्ट में कहा, हमारी संभावित वैक्सीन का बीआईआरएसी (जैव प्रौद्योगिकी उद्योग शोध सहायता परिषद, जैव प्रौद्योगिकी विभाग) ने मूल्यांकन किया। बीआईआरएसी ने हमारे मंच का बड़े पैमाने पर मूल्यांकन किया और हमें बताया कि हमारी वैक्सीन को प्रारंभिक विकास के लिए वित्त पोषण के लिए चुना गया है। कंपनी न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (पीसीवी) विकसित कर रही है। इस उत्पाद के वैश्विक बाजार का आकार 6.2 अरब अमेरिकी डॉलर है।

कंपनी ने पहले और दूसरे चरण के अध्ययन को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। तीसरे चरण का क्लीनिकल अध्ययन दिसंबर 2020 तक शुरू होने का अनुमान है। अरविंदो फार्मा ने कहा कि अंतिम उत्पाद को वित्त वर्ष 2021-22 के अंत तक पेश किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## टीवी टुडे नेटवर्क का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 75 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** टीवी टुडे नेटवर्क ने शुक्रवार को बताया कि जून 2020 तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 74.99 प्रतिशत घटकर 12.76 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले की समान अवधि में उसे 51.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय 32.64 प्रतिशत घटकर 175.45 करोड़ रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 260.5 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का कुल व्यय 18.92 प्रतिशत घटकर 147.64 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 182.11 करोड़ रुपये था। शेयर बाजार को अलग से दी गई एक जानकारी में टीवी टुडे ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 10 अगस्त 2020 से अपने अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र मेल टुडे के प्रिंट संस्करण को निलंबित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि, मेल टुडे की सामग्री डिजिटल प्रारूप में प्रकाशित होती रहेगी।

## दक्षिणी प्यूर्टो रिको में 4.8 तीव्रता का भूकंप

**सान जुआन।** दक्षिणी प्यूर्टो रिको में बृहस्पतिवार देर रात 4.8 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप हल्की गहराई और उसी क्षेत्र में आया जहां पिछले साल दिसंबर से भूकंप आने का सिलसिला जारी है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक यह भूकंप 12 किलोमीटर की गहराई में दक्षिणी नगर गुयानिला में आया। शुरुआत में भूकंप के झटके 5.1 तीव्रता के बताए गए थे। नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है हालांकि प्यूर्टो रिको के निवासियों को झटके के कारण अपने बिस्तर हिलते हुए महसूस हुए। द्वीप के भूकंप नेटवर्क के निदेशक विक्टर ह्यूरफेनो ने कहा, यह हर जगह महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि यह जनवरी के शुरु में आए 6.4 तीव्रता के भूकंप के बाद से महसूस किए गए कई झटकों में से एक है। जनवरी के भूकंप में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और प्यूर्टो रिको के दक्षिणी तट के आस-पास लाखों डॉलर का नुकसान हुआ था।

## हाजिर मांग से सोना वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा बाजार में शुक्रवार को सोना 75 रुपये की तेजी के साथ 55,920 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर महीने में डिलीवरी सोना अनुबंध की कीमत 75 रुपये यानी 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,920 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 16,468 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली से सोना कीमतों में तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में सोना 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,072.20 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## भेल ने सागरदिघी बिजली संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू किया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल ने शुक्रवार को कहा कि उसने पश्चिम बंगाल में 660 मेगावाट क्षमता वाले सागरदिघी सुपरक्रिटिकल तापीय बिजली परियोजना का निर्माण कार्य शूरू कर दिया है। भेल ने एक बयान में कहा कि परियोजना के लिए पूर्व इंजीनियरिंग गतिविधियों को पूरा करने के बाद जीरो डेट से ही परियोजना का काम शुरू किया गया। कंपनी ने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि पारंपरिक रूप से काम शुरू करने में जीरो डेट के बाद कुछ महीने लगते हैं। जीरो डेट वह तारीख है, जिससे परियोजना का कार्यान्वयन शुरू होता है। कंपनी ने बताया कि यह एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि आमतौर पर निर्माण कार्य शुरू होने में जीरो डेट से कुछ महीनों का वक्त लगता है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 3,500 करोड़ रुपये है और इसे भेल ने कड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच हासिल किया था।


## इंडियन ओवरसीज बैंक ने आधार दर घटाकर 9.35 फीसद की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने अपनी आधार दर 0.10 प्रतिशत घटाकर 9.35 प्रतिशत कर दी है। आईओबी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, बैंक की संपत्ति देनदारी प्रबंधन समिति ने आधार दर 9.45 प्रतिशत से कम कर 9.35 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। नई दर 10 अगस्त, 2020 से प्रभाव में आएगी। आधार दर न्यूनतम ब्याज दर है, इससे नीचे बैंक ग्राहकों को कर्ज नहीं दे सकता।

## कोल इंडिया ने कोयले की ई-नीलामी में दर्ज की 22 प्रतिशत वृद्धि

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान ई-नीलामी की चार व्यवस्थाओं के तहत कोयला आवंटन में 21.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस दौरान उसने 197.6 लाख टन कोयले की ई-नीलामी की। साल भर पहले की इसी तिमाही में कंपनी ने 162.6 लाख टन कोयले की ई-नीलामी की थी। ई-नीलामी की चार व्यवस्थाओं में कच्चे कोयले की हाजिर ई-नीलामी, बिजली उत्पादकों के लिए विशेष अग्रिम ई-नीलामी, गैर- बिजली क्षेत्र के लिए विशिष्ट ई-नीलामी और विशेष हाजिर नीलामी शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि इस दौरान गैर बिजली क्षेत्र की खरीद में तीन गुना वृद्धि आई है। इस क्षेत्र को कंपनी ने जून 2020 तिमाही में 66.6 लाख टल कोयले की ई-नीलामी की, जो साल भर पहले की समान तिमाही में महज 22 लाख टन थी। हाजिर ई-नीलामी के तहत कोल इंडिया ने जून तिमाही में 244 लाख टन कोयले की पेशकश की। यह साल भर पहले के 98 लाख टन से 149 प्रतिशत अधिक है। जून महीने में कंपनी ने 37 लाख टन कोयले की ई-नीलामी की, जो साल भर पहले से 77 प्रतिशत अधिक है। जून 2019 में कंपनी ने 21 लाख टन कोयले की ई-नीलामी की थी। कोल इंडिया का घरेलू कोयला आपूर्ति में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान है।

## लेबनान में बचावकर्ताओं को मलबे में और शव मिले



**बेरूत।** बेरूत में हुए भीषण विस्फोट के तीन दिन बाद भी बचावकर्ताओं के दल शवों की तलाश के लिए शुक्रवार को मलबा खंगालते रहे। इस घटना में करीब 150 लोगों की जान चली गई है और हजारों जख्मी हो गए हैं तथा शहर में बड़े पैमाने पर तबाही मची है। अधिकारियों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कम से कम तीन शव बरामद किए गए, जिसके बाद मृतकों की संख्या 149 हो गई। विस्फोट ने अनाज के बड़े गोदाम को तबाह कर दिया और बंदरगाह के इलाकों में तबाही मचाई। शहर के कई इलाकों में शीशा और मलबा बिखरा है। फ्रांस और रूस के बचाव दल खोजी कुत्तों के साथ शुक्रवार को बंदरगाह में खोज अभियान चला रहे थे। इससे एक दिन पहले फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने घटनास्थल का दौरा किया था और सहायता का वादा किया था। यह विस्फोट 2750 टन एमोनियम नाइट्रेट में हुआ था। विस्फोटक और उर्वरक के काम में आने वाले रसायन को 2013 में एक पोत से जब्त किया गया था और तभी से यह बंदरगाह पर रखा हुआ था। विस्फोट के बाद सरकार ने जांच शुरू कर दी है। वहीं सरकार की जबर्दस्त आलोचना भी हो रही। कई देशवासी घटना के लिए लापरवाही और भ्रष्टाचार को कसूरवार ठहरा रहे हैं। विस्फोट के पीड़ितों का पता लगाने में मदद के लिए कई देशों ने खोज एवं बचाव दल भेजे हैं। अनाज गोदाम के पास मलबे में मिले लोगों में जोई अकीकी भी शामिल हैं। 23 वर्षीय अकीकी बंदरगाह के कर्मी हैं और विस्फोट के बाद से ही लापता थे। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं। बेरूत के करीब तीन लाख लोग अपने घर नहीं लौट पा रहे हैं, क्योंकि विस्फोट के कारण उनके घरों के दरवाजे-खिड़कियां उड़ गईं। कई इमारतें रहने लायक नहीं हैं। अधिकारियों ने 10 से 15 अरब अमेरिकी डॉलर के नुकसान का अंदाजा लगाया है। अस्पताल पहले से ही कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहे थे। वे अब घायलों ने निपटने में संघर्ष कर रहे हैं। जांच बंदरगाह तथा सीमा शुल्क विभाग पर केंद्रित है। 16 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है तथा अन्य से पूछताछ की गई है।

# खलासी प्रणाली समाप्ति को रेलवे तैयार, पद पर अब नई भर्ती नहीं

**एक जुलाई 2020 से इस पद पर नियुक्तियों को मिली मंजूरी की समीक्षा कर स्थिति भर्ती बोर्ड को बताई जाएगी**



**नई दिल्ली।** रेलवे अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर काम करने वाले बंगला चपरासियों या खलासियों की नियुक्ति की औपनिवेशिक काल की प्रणाली को समाप्त करने की तैयारी कर रहा है। इस पद पर अब कोई नई भर्ती नहीं की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को आदेश जारी किया।

रेलवे बोर्ड ने आदेश में कहा है कि टेलीफोन अटेंडेंट सह डाक खलासी (टीएडीके) संबंधी मामले की समीक्षा की जा रही है। आदेश में कहा गया है, टीएडीके की नियुक्ति संबंधी मामला रेलवे बोर्ड में समीक्षाधीन है, इसलिए यह फैसला किया गया है कि टीएडीके के स्थानापन्न के तौर पर नए लोगों की नियुक्ति की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जानी चाहिए और न ही तत्काल नियुक्ति की जानी चाहिए।

आदेश में कहा गया है, इसके अलावा, एक जुलाई 2020 से इस प्रकार की नियुक्तियों को दी गई मंजूरी के मामलों की समीक्षा की जा सकती है। इसकी स्थिति बोर्ड को बताई जाएगी। इसका सभी रेल प्रतिष्ठानों में सख्ती से पालन किया जाए।

अस्थाई कर्मी के तौर पर रेलवे में भर्ती होने पर टीएडीके कर्मी करीब तीन साल की जांच प्रक्रिया के बाद चतुर्थ श्रेणी के कर्मी बन जाते हैं। इससे पहले, दूरदराज के इलाकों में तैनात या असुविधाजनक समय पर काम करने वाले अधिकारियों के लिए टीएडीके नियुक्त किए जाते थे, ताकि उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। टीएडीके फोन कॉल सुनने या फाइलें लाने-ले जाने के काम में मदद करते थे।

इन टीएडीके कर्मियों को अकसर टिकट जांचकर्ता, कुली, वातानुकूलित डिब्बों के लिए मैकेनिक और रसोइया बना दिया जाता था। अधिकारियों बताया कि समय के साथ टीएडीके की भूमिका घरेलू सहायकों और उसके बाद कार्यालय चपरासी तक सिमट गई। टीएडीके कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों के बीच रेलवे ने इस पद की समीक्षा के आदेश दिए थे। नीति की समीक्षा के लिए रेलवे मंडल के नौ सदस्यों की एक संयुक्त सचिव स्तर की समिति बनाई थी। टीएडीके कर्मी के लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं कक्षा उत्तीर्ण है। इन कर्मियों को प्रति माह 20,000 से 25,000 रुपये वेतन दिया जाता है। रेलवे के चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों के समान लाभ दिए जाते हैं।

## कच्चा मकान ढहने से पति पत्नी की मौत

**आजमगढ़ (उप्र)।** जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के मसूरियापुर गांव में मिट्टी का एक कच्चा मकान ढहने से पति और पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात झिनकराम (55) और उनकी पत्नी कलावती देवी (51) घर मे सोए हुए थे। रात करीब दो बजे उनका कच्चा मकान ढह गया। मकान के मलबे में पति और पत्नी दोनों दब गए। पुलिस ने बताया कि आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे को हटा कर उन्हें बाहर निकाला। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर सुबह पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मृतकों के परिजन को मुआवजा देने का आश्वासन दिया।

## सुशांत मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

# लॉ स्टूडेंट की एनआईए जांच की मांग खारिज रिया से ईडी ने लगातार नौ घंटे किए सवाल

**कोर्ट ने लॉ स्टूडेंट की याचिका खारिज करते हुए कहा, क्यों इस मामले में बेवजह दखल दे रहे हो**



**एजेंसी। दिल्ली**

**सुशांत** आत्महत्या मामले में अब दिलचस्प मोड आ गया है। सुप्रीम कोर्ट में बिहार सरकार ने जहां रिया की याचिका खारिज करने की मांग करते हुए कहा कि याचिका गलत सोच के साथ और समय पूर्व दाखिल की गई है। वहीं एक लॉ स्टूडेंट ने भी सुशांत की आत्महत्या के मामले की सीबीआई या एनआईए से जांच कराने के आदेश पारित करने की मांग के साथ याचिका दाखिल की है। जिस पर सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिका कर्ता से पूछा है कि क्या तुम अजनबी हो। जो इस मामले में बेवजह दखल दे रहे हो। इस केस को सुशांत के पिता लड़ रहे हैं। हम तुम्हारी याचिका खारिज करते हैं।

इधर ईडी ने रिया से नौ घंटे तक मैराथनी पूछताछ की। उनसे सवालों की झड़ी लगा दी। ईडी ने अगली पूछताछ के लिए आठ अगस्त को बुलवाया है।

बिहार सरकार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में पटना में दर्ज प्राथमिकी मुंबई स्थानांतरित करने के लिए अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती की याचिका गलत सोच के साथ और समय पूर्व दाखिल की गई है। यह विचार करने के योग्य नहीं है, इसीलिए इसे खारिज किया जाना चाहिए।

मुंबई के उपनगर बांद्रा के अपने अपार्टमेंट में 34 वर्षीय सुशांत सिंह राजपूत 14 जून को छत से फांसी से लटके मिले थे। मुंबई पुलिस घटना के विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है। पटना निवासी राजपूत के 77 वर्षीय पिता कृष्ण किशोर सिंह की प्राथमिकी पर बिहार पुलिस ने भी कार्रवाई शुरू कर दी थी।

मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड के निर्देशकों आदित्य चोपड़ा, महेश भट्ट और संजय लीला भंसाली समेत 56 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। बिहार सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि मामले की संवदेनशीलता, दो राज्यों का मामला होने तथा कई आरोपियों की मुंबई में मौजूदगी को देखते हुए सरकार ने इसकी सीबीआई से जांच कराने की पुलिस महानिदेशक की सिफारिश का संज्ञान लिया है।

यह हलफनामा पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उपेंद्र शर्मा ने राज्य सरकार के वकील केशव मोहन के जरिए दाखिल किया है। 28 पन्नों के हलफनामे में कहा गया है कि इस मामले में राज्य की पुलिस का अधिकार क्षेत्र बनता है क्योंकि अपराध के परिणाम पटना के रहने वाले व्यक्ति को भुगतने पड़े हैं। वह हैं मृतक अभिनेता के पिता, जो बिहार में रहते हैं। हलफनामे में बताया गया कि बिहार पुलिस ने मृतक अभिनेता के पिता कृष्ण किशोर सिंह की प्राथमिकी पर जांच के दौरान मुंबई में सुशांत के मित्र महेश शेट्टी और पूर्व महिला मित्र अभिनेत्री अंकिता लोखंडे समेत दस लोगों से पूछताछ की है। रिया की याचिका पर न्यायालय के निर्देश पर बिहार सरकार की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने हलफनामे में कहा है।

## रिया चक्रवर्ती धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश हुईं

**अभिनेत्री ने कोर्ट में सुनवाई तक मेरे बयान दर्ज नहीं न किए जाए**

**रिया पर सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप**



**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धन शोधन मामले में केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश हुईं। निदेशालय ने पूछताछ के लिए सात अगस्त को रिया चक्रवर्ती को तलब किया था, लेकिन अभिनेत्री ने एजेंसी से अपील की थी कि उच्चतम न्यायालय में उनकी याचिका की सुनवाई होने तक धनशोधन मामले में उनका बयान दर्ज नहीं किया जाए।

चक्रवर्ती ने न्यायालय में याचिका दायर करके बिहार पुलिस द्वारा दर्ज मामले को स्थानांतरित कर मुंबई पुलिस को सौंपे जाने का अनुरोध किया था। हालांकि निदेशालय ने अभिनेत्री का आग्रह खारिज कर दिया। रिया के वकील सतीश मानशिंदे ने कहा कि ईडी द्वारा मीडिया में अभिनेत्री के आग्रह को खारिज करने की जानकारी देने के बाद वह निदेशालय के कार्यालय में पेश हुईं। वकील ने अपने बयान में कहा कि 28 वर्षीय अभिनेत्री कानून का पालन करने वाली नागरिक हैं और वह पुलिस के साथ जांच में सहयोग करेंगी। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का शव 14 जून को उपनगरीय मुंबई स्थित उनके आवास में फांसी से लटका मिला था। राजपूत के पिता के के सिंह ने चक्रवर्ती और उनके कुछ रिश्तेदारों के खिलाफ पटना पुलिस में 25 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी और उन पर धोखाधड़ी करने एवं अभिनेता को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। सिंह द्वारा राजपूत के बैंक खातों में वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाए जाने के बाद ईडी ने 31 जुलाई को चक्रवर्ती और उनके परिवार के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था।


## 20 लाख के पार पहुंचे कोरोना पॉजिटिव, गायब हुई सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 20 लाख से अधिक हो जाने को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि अब सरकार गायब हो गई है।उन्होंने ट्वीट किया, 20 लाख का आंकड़ा पार, गायब है मोदी सरकार। कांग्रेस नेता ने 17 जुलाई का अपना एक ट्वीट रीट्वीट भी किया। जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इसी गति से मामले बढ़ते रहे तो 10 अगस्त तक संक्रमण के मामले 20 लाख को पार कर जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 24 घंटे में कोविड-19 के रिकॉर्ड 62,538 मामले आने के साथ ही संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 20,27,074 पर पहुंच गई और 886 और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या 41,585 हो गई।

## भारत में पहली बार एक दिन में 60,000 पॉजिटिव, कुल मामले बीस लाख के पार पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत में 24 घंटे के भीतर पहली बार कोविड-19 के 60,000 से अधिक मामले आने के साथ ही संक्रमण के कुल मामलों की संख्या शुक्रवार को 20 लाख के पार चली गई। जबकि इस बीमारी से उबरने वाले मरीजों की संख्या 13.78 लाख पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।



महज दो दिन पहले ही कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 19 लाख के पार पहुंची थी। देश में कोविड-19 के मामलों को एक लाख तक पहुंचने में 110 दिन का वक्त लगा था। अब 59 दिन में यह आंकड़ा 10 लाख के पार चला गया। इसके बाद संक्रमण के मामलों को 20 लाख का आंकड़ा पार करने में महज 21 दिन का वक्त लगा।

यह लगातार नौवां दिन है जब कोविड-19 के एक दिन में 50,000 से अधिक मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार एक दिन में कोविड-19 के 62,538 मामले आने से संक्रमण के कुल मामले 20,27,074 पर पहुंच गए।

बीते 24 घंटे में 886 और लोगों के इस संक्रामक रोग से दम तोड़ने से मृतकों की कुल संख्या 41,585 पर पहुंच गई। साथ ही इस दौरान कोरोना वायरस संक्रमण से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर शुक्रवार को 13,78,105 हो गई यानी कि स्वस्थ होने वाले मरीजों की दर 67.98 प्रतिशत है। देश में अब भी 6,07,384 मरीज कोरोना से संक्रमित हैं।

## नोएडा में मुठभेड़ की घटनाओं में दो बदमाश घायल, दो हो गए फरार

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में बृहस्पतिवार देर रात दो थाना क्षेत्रों में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ की दो अलग-अलग घटनाओं में घायल दो बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं दो बदमाश भागने में सफल रहे।



पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी अभिनेंद्र सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर रात थाना बादलपुर पुलिस रोजा रेलवे फाटक के पास निरीक्षण कर रही थी। तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो, बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस पार्टी पर जान से मारने की मंशा से गोली चला दी।

सिंह के अनुसार जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली कपिल नामक बदमाश के पैर में लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि उसका एक साथी मौके से भाग गया। कपिल के पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा व कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश गाजियाबाद के एक व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में वांछित चल रहा था। वह अनिल दुजाना तथा बिल्लू दुजाना गिरोह का सक्रिय सदस्य है।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि एक अलग घटना में थाना जारचा पुलिस व बदमाशों के बीच बृहस्पतिवार की देर रात को चौना गांव के नहर की पटरी पर मुठभेड़ हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली गौरव निवासी तिलपता थाना सूरजपुर को लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि उसके कब्जे से थाना कासना क्षेत्र से लूटा गया मोबाइल फोन, चोरी की एक बाइक, देसी तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। सिंह के अनुसार उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है।

# अब दिल्ली विवि में पोर्टल से प्रश्नपत्र ले और उत्तर पुस्तिका दे सकेंगे

## उच्च न्यायालय ने कुछ निर्देशों के साथ ओपन बुक परीक्षा कराने के डीयू के फैसले को बरकरार रखा

**डीयू 10 से 31 अगस्त तक ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा (ओबीई) कराएगा**



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कुछ दिशा-निर्देशों के साथ 10 अगस्त से अंतिम वर्ष के स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा कराने की दिल्ली विश्वविद्यालय को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि छात्रों को ईमेल और विश्वविद्यालय के पोर्टल के जरिए प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए जाएं। उन्हें उत्तर पुस्तिका अपलोड करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए।

उच्च न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दिए गए फैसले में कहा कि विश्वविद्यालय को छात्रों को ऑटो जेनरेटेड ईमेल भेजने का निर्देश दिया जाता है जिसमें यह जानकारी हो कि उनकी उत्तर पुस्तिका मिल गई है।

न्यायमूर्ति सिंह ने कहा, मैं छात्रों और दिल्ली विश्वविद्यालय को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देती हूं। अदालत ने उस याचिका पर यह फैसला दिया जिसमें विश्वविद्यालय के यूजीसी के दिशा निर्देशों के अनुसार, अंतिम वर्ष के स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा कराने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

डीयू 10 से 31 अगस्त तक ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा (ओबीई) कराएगा और जो छात्र ऑनलाइन परीक्षा में नहीं बैठेंगे उन्हें बाद में सामान्य रूप से परीक्षा कक्ष में बैठ कर परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा जो सितंबर में आयोजित कराई जाएगी। उच्च न्यायालय ने फैसला देते हुए यह भी निर्देश दिया कि नोडल अधिकारी और सेंट्रल ईमेल आईडी की जानकारियां डीयू की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाए और उसने साझा सेवा केंद्रों (सीएससी) को अपने सभी केंद्रों को सूचित करने के लिए कहा है। सीएसई उन छात्रों को सेवाएं मुहैया कराने के लिए बनाए गए हैं। जिनके पास ओपन बुक परीक्षा देने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है।

उसने कहा, प्रश्नपत्र को डाउनलोड करने और उत्तर पुस्तिका अपलोड करने में दिक्कतों समेत छात्रों द्वारा उठाए मुद्दे को हल करने के लिए एक अधिकारी होना चाहिए। अगर समस्या का समाधान नहीं होता है तो ऐसे में मामले को शिकायत समिति के पास भेजा जाए।

अदालत ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रतिभा रानी के नेतृत्व में शिकायत समिति का पुनर्गठन किया और कहा कि समिति ओपन बुक परीक्षा के चलने तक काम करेगी और छात्रों की शिकायतों को पांच दिनों के भीतर हल किया जाए।

उसने कहा कि ओबीई के नतीजे जल्द ही घोषित किए जाए और उत्तर पुस्तिका को मूल्यांकन के लिए भेजा जाए। अदालत ने डीयू और समिति ने परीक्षाएं खत्म होने के बाद अपनी-अपनी रिपोर्टें भेजने के लिए कहा।

विश्वविद्यालय ने पहले अदालत को सूचित किया था कि ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा कराने के पीछे का विचार छात्रों को एक जगह एकत्रित होने से रोकना है जहां कोविड-19 वैश्विक महामारी को देखते हुए शारीरिक दूरी बनाए रखना मुश्किल होगा।

## भूस्खलन से 70 मजदूरों के मलबे में फंसे होने की आशंका



**इडुक्की (केरल)।** इडुक्की जिले के राजमाला के पेत्तिमुदी में मूसलाधार बारिश के कारण शुक्रवार सुबह भूस्खलन हुआ। जिसमें एक चाय बागान के कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण बिजली की लाइन प्रभावित होने से इलाके में संचार सेवाएं बाधित हैं। उन्होंने बताया कि कम से कम 70 लोगे के वहां फंसे होने की आशंका है। भूस्खलन के कारण करीब 10 मजदूरों के घर वहां धंस गए हैं। पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर मौजूद हैं और जिला प्रशासन ने अस्पतालों से भी हर स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा है। भारत के मौसम विज्ञान विभाग ने इलाके में रेड अलर्ट भी घोषित कर दिया है।

# संक्षिप्त समाचार

### भड़काऊ पोस्ट पर डॉक्टर सहित तीन गिरफ्तार

**बहराइच (उप्र)।** अयोध्या में राम मंदिर भूमि पूजन समारोह के दिन सोशल मीडिया पर कथित रूप से उन्माद फैलाने वाले भड़काऊ संदेश वायरल करने के आरोप में पुलिस ने जिले के जरवल क्षेत्र से एक डॉक्टर व उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने शुक्रवार को बताया, बीते बुधवार को जरवल थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बे में हीरा मस्जिद के बगल में डॉक्टर अलीम के क्लीनिक पर कुछ लोग बैठकर मोबाइल द्वारा साम्प्रदायिक सद्भाव व राष्ट्रीय अखंडता के विरुद्ध चित्रों, संदेशों व आलेखों का व्हाट्सऐप व ट्विटर के जरिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस ने डॉक्टर अलीम के क्लीनिक पर छापेमारी की तो वहां उक्त डॉक्टर तथा उसके दो अन्य सहयोगी साहिबे आलम व कमरूद्दीन ऐसा करते हुए मिले। तीनों जरवल क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों के मोबाइल में भड़काऊ संदेश व चित्र मिले तो पुलिस ने सबके मोबाइल जब्त कर तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गुरुवार को तीनों को जेल भेजा दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए तीनों आरोपियों के संपर्कों की छानबीन की जा रही है। गौरतलब है कि राम जन्म भूमि पूजन से पूर्व मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विपिन मिश्र ने सोशल मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से सचेत किया था कि सोशल साइट्स पर पुलिस की सतर्क दृष्टि है। सोशल मीडिया पर व्यक्ति, जाति, वर्ग, धर्म व समुदाय से संबंधित अमर्यादित, अभद्र व भड़काऊटिप्पणियों पर कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा अध्यक्ष पॉजिटिव नहीं होने के बावजूद पृथकवास में

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रमुख सुरेश कश्यप कोरोना वायरस से संक्रमित न पाए जाने के बावजूद एहतियाती कदम के तौर पर पृथकवास कर रहे हैं। पार्टी के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। कश्यप हाल ही में बिजली मंत्री सुखराम चौधरी के संपर्क में आए थे जो बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। प्रवक्ता ने बताया कि कश्यप एहतियाती कदम के तौर पर पृथक-वास कर रहे हैं। वहीं, पुलिस ने बताया कि शिमला में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के कार्यालय को शुक्रवार को सैनिटाइजेशन के काम के लिए बंद कर दिया गया है। शिमला पुलिस ने एक फेसबुक पोस्ट में बताया कि बुधवार को एसपी कार्यालय आया एक पुलिसकर्मी अगले दिन कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया, इसलिए एसपी कार्यालय शुक्रवार को सैनिटाइजेशन के काम के लिए बंद रहेगा।

### मिजोरम के राज्यपाल ने लॉकडाउन के दौरान लिखीं 13 किताबें

**आइजोल।** मिजोरम के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लागू लॉकडाउन के समय को व्यर्थ नहीं जाने दिया बल्कि किताबें और कविताएं लिखकर राजभवन में अपने खाली वक्त का सदुपयोग किया। उन्होंने मार्च से लेकर अब तक कम से कम 13 किताबें लिखीं जिनमें अंग्रेजी तथा मलयालम भाषाओं में लिखीं कविताओं का संग्रह भी शामिल है। पिल्लई ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन से उन्हें किताबें पढ़ने तथा लिखने के लिए और अधिक खाली वक्त मिला। उन्होंने कहा, राजभवन में किसी को आने की अनुमति नहीं थी। लोगों के साथ मेरा संवाद भी बंद था और मेरी सभी आगामी यात्राओं को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया। इसका मतलब पढ़ने और लिखने के लिए और अधिक वक्त मिला। पिल्लई ने कहा कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान आधिकारिक ड्यूटी के बाद अपना ज्यादातर समय पढ़ने और लिखने में बिताया। उन्होंने कहा, मैं सुबह चार बजे उठ जाता और व्यायाम करने के बाद पढ़ना और लिखना शुरू कर देता। राज्यपाल का मानना है कि नेताओं और जन कार्यकर्ताओं को लोगों को शिक्षित करने के लिए किताबें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। यह पूछने पर कि किताबें लिखने के लिए उनकी प्रेरणा का स्रोत क्या है, पर प्रख्यात वकील ने कहा कि वह बचपन से आम जनजीवन और ग्रामीण राजनीति में सक्रिय रहे हैं और वकालत करते हुए ग्रामीण जनता के साथ उनके घुलने-मिलने और बाद में नेता बनने ने उन्हें किताबें लिखने के लिए प्रेरित किया। पिल्लई के अनुसार कोरोना वायरस ने दुनिया पर बहुत ज्यादा असर डाला है लेकिन इसका सकारात्मक पक्ष भी है। उन्होंने कहा कि इस वायरस ने मानवता को सिखाया कि हम एक-दूसरे पर कितने निर्भर हैं और इसने मनुष्यों के बीच प्यार बढ़ाया। मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरामथंगा उनकी कुछ किताबों का शनिवार को एक कार्यक्रम में विमोचन करेंगे। पिल्लई ने तीन दशक पहले लिखना शुरू किया था। उनकी पहली किताब 1983 में प्रकाशित हुई थी। राज्यपाल बनने से पहले तक उनकी 105 किताबें प्रकाशित हो चुकी। अभी तक उन्होंने अलग-अलग श्रेणी में कम से कम 121 किताबें लिखी हैं।

### पाकिस्तानी सेना ने पुंछ के अग्रिम इलाके में गोलाबारी की

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों में शुक्रवार को गोलीबारी की और गोले दागे। जिसका भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी बल ने लगातार चौथे दिन नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तानी सेना ने सुबह करीब साढ़े छह बजे पुंछ जिले के बालाकोटे में बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार दाग संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने इसका मुंह तोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना ने पिछले तीन दिनों में कस्बा, कृष्णाघाटी, बालाकोटे, मनकोट, मेंढर, किरनी, पुंछ जिले के सेक्टरों और राजौरी जिले में सुंदरबानी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाकों में गोलाबारी की है।

### हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री धूमल पृथक-वास में

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और उनके सभी कर्मचारी एहतियाती तौर पृथक-वास में रहेंगे। राज्य के ऊर्जा मंत्री के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया है। धूमल ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि वह अब पृथक-वास में हैं। भाजपा के राज्य प्रमुख सुरेश कश्यप के साथ हाल ही में उन्होंने एक बैठक की थी, जो ऊर्जा मंत्री सुख राम चौधरी के सम्पर्क में आए थे। चौधरी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्ट बृहस्पतिवार को हुई थी।

### बिहार के आईपीएस अधिकारी को पृथकवास से मुक्त किया

**मुम्बई।** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने यहां एक कोविड-19 पृथक केंद्र में रखे गए बिहार के आईपीएस अधिकारी विनय तिवारी को गृह राज्य जाने की अनुमति दे दी। सेंट्रल पटना के पुलिस अधीक्षक तिवारी सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले में रिया चक्रवर्ती के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की जांच के सिलसिले में रविवार को मुम्बई पहुंचे थे। यहां पहुंचने के साथ ही उन्हें 15 अगस्त तक पृथक-केंद्र में रहने को कहा गया। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार पुलिस के आग्रह पर तिवारी को कोरोना वायरस के मद्देनजर पृथक-वास की तय अवधि से एक सप्ताह पहले छोड़ दिया गया। अधिकारी ने बताया कि वह शाम को पटना के लिए रवाना होंगे।

### पिलाटस विमान धनशोधन मामले में कई शहरों में मारे छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2009 में भारतीय वायु सेना के लिए 75 पिलाटस प्रशिक्षक विमानों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धनशोधन के मामले में विभिन्न शहरों में कई परिसरों पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी दिल्ली में कई और गुरुग्राम एवं सूरत में एक-एक स्थान समेत कम से कम 14 परिसरों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने सौदे की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है और वह यह कार्वाई धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत साक्ष्य एकत्र करने के लिए कर रही है। यह मामला फरार चल रहे हथियार कंसल्टेंट संजय भंडारी से जुड़ा हुआ है जो देश-विदेश में कथित तौर पर अघोषित संपत्ति रखने और भ्रष्टाचार के मामले में पहले से ही सीबीआई और ईडी की अलग-अलग जांच का सामना कर रहा है। सीबीआई ने पिछले साल जून में 2,895 करोड़ के पिलाटस सौदे में आपराधिक मामला दायर किया था। सीबीआई ने स्विट्जरलैंड की कंपनी पिलाटस एयरक्राफ्ट लिमिटेड, रक्षा मंत्रालय, भारतीय वायु सेना के अज्ञात अधिकारियों और भंडारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। 2009 में हुए इस करार के लिए स्विस कंपनी बोली लगाने वाली कंपनियों में से एक थी।



# लॉकडाउन अवधि में संबंधों के प्रति विश्वासघात बढ़ा

**हाल ही में एक डेटिंग ऐप द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में पता चला है कि लॉकडाउन की अवधि में संबंधों में विश्वासघात बढ़ा है। प्रस्तुत है इसके कारणों की पड़ताल**

वर्तमान में कोरोना वायरस के कारण पिछले कुछ महीनों से लगे लॉकडाउन की अवधि में कई प्रेम कहानियां सामने आई हैं और अब वे अपने प्रिय से मिलने हेतु उत्साहपूर्वक प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रारंभ से ही तय था कि इस वायरसजनित बीमारी से छुटकारा पाने की कोई तय समय सीमा नहीं हो सकती, लेकिन एक बात तो बिलकुल तय थी कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती और बाहरी वातावरण का इसपर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं होता और ये निर्बाध गति से बढ़ता ही रहता है।

ग्लीडेन नाम के एक डेटिंग ऐप ने हाल ही में अनलॉक 1.0 के प्रारंभ होते ही एक सर्वेक्षण कराया था और इसमें उसने पाया कि इस के यूजर्स में से 75 प्रतिशत लोग अवसर मिलते ही अपने प्रेमी/प्रेमिका से मिलना चाहते हैं। ये सर्वे ऐसे 1000 यूजर्स के बीच प्रस्तुत किया गया था जो दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बंगलुरू, चेन्नई, पुणे तथा हैदराबाद जैसे महानगरों में रहते हैं। सर्वेक्षण से मिले निष्कर्ष अत्यंत उत्साहजनक हैं और इनमें संबंधों में होने वाले विश्वासघात के भी अछूते कारण सामने आए हैं। प्रस्तुत है इनके बारे में संक्षिप्त जानकारी–



## दिल है कि मानता नही ·

क्या आप अपने ही जीवनसाथी से विश्वासघात और प्यार दोनों करते रह सकते हैं? इस प्रश्न का उत्तर उतना ही भ्रामक है जितना ये प्रश्न लेकिन यूजर्स के पास इसका कोई अपवाद भी नहीं है। उनमें से 45.6 प्रतिशत लोगों ने बताया कि वर्तमान में उनके वर्तमान संबंध पर पिछले संबंधों को अधिक प्रभाव नहीं होता, जबकि 47 प्रतिशत लोगों का मानना था कि वे दो अलग अलग लोगों के साथ समान स्तर पर भावनात्मक नहीं हो सकते। लेकिन 7.4 प्रतिशत लोगों इस बिंदु पर अनिर्णय की स्थिति में पाए गए।

## पार्टनर क्यों करते हैं विश्वासघात

जीवनसाथी के साथ विश्वासघात को दुनिया भर में वर्जित माना जाता है और इसके कई कारक हैं। किसी संबंध में अंतरंगता का अभाव तथा एक दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित कर पाने में विफलता इस स्थिति की ओर बढ़ने वाला पहला कदम माना जा सकता है।

रोचक तथ्य ये है कि सर्वे में 37 प्रतिशत लोगों का मानना है कि वे इस दिशा में इसलिये बढ़ते हैं क्योंकि वे संबंधों में कुछ नया प्रयोग करने या फिर अपनी पुराने संबंधों में ही नयापन लाने के लिए ही ऐसा करते हैं। लगभग 36 प्रतिशत लोग विश्वासघात इसलिए कर बैठते हैं क्योंकि वे अपने साथी की बजाय किसी और से प्यार करते हैं, जबकि 27 प्रतिशत लोगों ने विश्वासघात इसलिये किया क्योंकि उनका वर्तमान साथी भावनात्मक और शारीरिक स्तर पर उनके अनुकूल नहीं है।

## रात है समस्या की जड़

ये भी पाया गया है कि लोग रात में होने वाली क्लब पार्टी या फिर सामाजिक आयोजनों में नए संपर्क बनाने का प्रयास करते हैं। ऐसे आयोजनों में कार्यालय की ओर से होने वाले आयोजन या फिर किसी से मिलने के दौरान ऐसा संभव होता है। लगभग 23 प्रतिशत लोगों का मानना है कि वे नए साथी की तलाश किसी पार्टी के दौरान ही अधिक करते हैं जबकि 22 प्रतिशत लोगों का मानना है कि वे ऐसा किसी यात्रा या फिर अवकाश के दौरान कर सकते हैं। लगभग 19 प्रतिशत लोगों ने उस समय को इसके लिए उपयुक्त बताया जब उनका साथी घर पर न हो या फिर वो कार्यालय के काम से बाहर गया हो। इसके साथ ही लगभग 12 प्रतिशत लोग ऐसा अपने कार्यालय में ही करने का प्रयास करते हैं। 24 प्रतिशत लोगों ने ऐसा करने के लिए कोई भी माध्यम काम में लाने की बात स्वीकार की।

## आकस्मिक संबंध की चाहना

ऐसा प्रतीत होता है कि आकस्मिक संबंध ऐप यूजर्स में से 38 प्रतिशत लोगों के लिए एक जरूरत है और वे ऐसा बिना किसी गंभीर प्रतिबद्धता के करना पसंद करेंगे।

लगभग 23 प्रतिशत लोग रोमांस के पारंपरिक माध्यम अपनाना चाहते हैं जबकि 39 प्रतिशत लोग इसे एक बार के संबंध के तौर पर लेना पसंद करते हैं और वे इसे किसी प्रकार की गंभीरता प्रदान करना नहीं चाहते।

# 'अभिनय के प्रति सच्चा बने रहना चाहता हूं'


## अभिनेता ताहिर राज भसीन का कहना है कि उनके हर प्रोजेक्ट से उन्हें इस प्रक्रिया के प्रति सच्चे बने रहने की प्रेरणा मिलती है

अभिनेता ताहिर राज भसीन भी बाहर से आए एक अभिनेता हैं और उनका इस इंडस्ट्री में कोई संपर्क नहीं है। उन्होंने फिल्म मर्दानी से एक विलेन के रूप में अभिनय जीवन में पदार्पण किया था और इसके बाद से उनका कॅरियर आगे ही बढ़ता जा रहा है। मर्दानी में उनके उत्कृष्ट अभिनय के कारण ही उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग ऐक्टर तथा बेस्ट विलेन का पुरस्कार मिला था। ताहिर ने पीछे मुड़कर न देखने का निर्णय किया और परिणाम सबके सामने है। मंटो, छिछोरे तथा अन्य कई फिल्मों में उनके दमदार अभिनय के कारण ही उन्हें फिल्म 83 तथा लूप लपेटा जैसी फिल्में मिलीं। उन्हें ये सोचकर रोमांच होता है कि इस इंडस्ट्री में उन्होंने अपने दम पर अपनी जगह बनाई है। उन्होंने बताया, 'बॉलिवुड में अपनी अब तक की यात्रा से मैं गर्वान्वित अनुभव करता हूं। जब आप प्रारंभ से ही किसी काम को करते हैं तो आपको मिलने वाली पहचान की सम्मान करना आ जाता है। उससे आपको कई काम भी मिलते हैं और ये सब आपको अपने परिश्रम के आधार पर ही मिलते हैं। मैंने आज तक जो काम किया है उसे मैं अपने विविध अनुभव के तौर पर लेता हूं।' उन्होंने जिन निर्देशकों के साथ काम किया है उनका भी धन्यवाद करते हुए कहा, 'मेरा सौभाग्य है कि मैंने कुछ शीर्ष निर्देशकों के साथ काम किया। इससे एक व्यक्ति तथा अभिनेता के रूप में मुझे बहुत लाभ हुआ। मेरे हर प्रोजेक्ट से मुझे इस प्रक्रिया के प्रति सच्चे बने रहने की प्रेरणा मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि आपको अपना रोल प्रामाणिक ढंग से करना होता है। मेरे कॅरियर का अगला चरण और भी उत्साहपूर्ण होने वाला है। लूप लपेटा एक थ्रिलर कॉमेडी है। तापसी पन्नू जैसी अभिनेत्री के साथ काम करना चुनौतीपूर्ण लेकिन अनुभव देने वाला साबित होगा।' ताहिर ने बताया कि सिनेमा में उनकी यात्रा पर उन्हें गर्व होता है। आगे बताते हुए उन्होंने कहा, 'यशराज फिल्म्स की मर्दानी में काम करने के दौरान मेरी क्षमताओं को विस्तार मिला क्योंकि उसमें मैंने एक मंझी अभिनेत्री रानी मुखर्जी के साथ काम किया था। मेरा उसमें काम काफी रोचक था। वैसी फिल्म में काम करने के बाद किसी कॉलेज की हल्की–फुल्की कहानी वाली फिल्म छिछोरे में काम करना और अब लूप लपेटा में रोमांटिक रोल मिला है। इससे मुझे काम करने का अनुभव मिलने के साथ ही अपनी यात्रा पर गर्व करने का भी अवसर मिला।



ताहिर ने ये भी बताया कि उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा कौन है, 'मेरे लिए वे लोग अधिक महत्वपूर्ण हैं जिनके साथ काम करने के दौरान मुझे कुछ नया सीखने का अवसर मिला। उनके किसी वाक्य या कर्म से मेरे ऊपर बहुत सकारात्मक प्रभाव होता है। मैं मर्दानी के कुछ समय बात अभिनता आमिर खान से मिला था। उन्होंने मुझसे कहा था, 'जीवन में कभी जल्दबाजी में न रहना और जोखिम मोल लेने से घबराना नहीं। उस समय तो मुझे इसमें कुछ अधिक समझ में नहीं आया लेकिन जैसे जैसे समय गुजरता गया मुझे उनके शब्दों का सार समझ आता गया। मेरे दूसरे गुरू हैं नवाजुद्दीन सिद्दीकी जिनके साथ मैंने मंटो नामक फिल्म में काम किया था। उनके काम से मुझे ये सीखने को मिला कि आपको दर्शकों की शक्ति को कम करके नहीं आंकना चाहिये, उनकी शक्ति अपार होती हैं और उसे वैसा ही समझना व्यावहारिक समझदारी होगी।

# कोरोना वायरस : मथुरा में जन्माष्टमी पर नहीं होगा सार्वजनिक आयोजन



**भाषा। मथुरा**

**देश-दुनिया** में कोरोना वायरस संकट के कारण श्रद्धालु इस बार कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर मथुरा में जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर 10 अगस्त की दोपहर से ही 13 अगस्त दोपहर बाद तक सभी श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, लेकिन सभी मंदिरों में भगवान के जन्म एवं नन्दोत्सव कार्यक्रम पूर्ववत विधिवत सम्पन्न किए जाएंगे।

जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र ने बताया, भले ही इस पावन पर्व पर देश-विदेश से आने वाले उनके असंख्य श्रद्धालु इस बार 12 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के जश्न में शामिल नहीं हो सकेंगे, लेकिन जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा, असल में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से चिंतित श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं वृन्दावन के ठा. बांकेबिहारी मंदिर के प्रबंधक मुनीष शर्मा ने सुझाव दिया था कि जन्माष्टमी जैसे पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं के सैलाब को सामाजिक दूरी के दायरे में ला पाना संभव नहीं हो पाएगा, इसलिए बार जन्माष्टमी के सार्वजनिक आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा, इसके बाद हमने मथुरा-वृन्दावन एवं अन्य महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों के मंदिरों के प्रबंधकों, संचालकों तथा सेवायत गोस्वामियों की बैठक बुलाकर बातचीत की, जिसमें सभी ने इस बात पर सहमति जताई।

इसके बाद इस बार जन्माष्टमी का पर्व सार्वजनिक रूप से न मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

> असल में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से चिंतित श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं वृन्दावन के ठा. बांकेबिहारी मंदिर के प्रबंधक मुनीष शर्मा ने सुझाव दिया था कि जन्माष्टमी जैसे पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं के सैलाब को सामाजिक दूरी के दायरे में ला पाना संभव नहीं हो पाएगा, इसलिए बार जन्माष्टमी के सार्वजनिक आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया जाए

# किसी से उलझने से पहले सावधान रहें

## सुशांत की बहन ने इंस्टा पर लिखा

**भाषा। मुंबई**

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने शुक्रवार को अपनी सोशल मीडिया हैंडल पर बिना किसी का नाम लिए लिखा कि किसी से उलझने से पहले लोगों को परिणामों के बारे में सोचना चाहिए। सुशांत 14 जून को बांद्रा स्थित अपने घर में मृत पाए गए थे।



उन्होंने भगवान शंकर की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, किसी ने कहा था कि किसी से उलझने से पहले सावधान रहना चाहिए क्योंकि आपको नहीं पता होगा कि इस आध्यात्मिक संसार में उनकी रक्षा कौन कर रहा है। उन्होंने तस्वीर के कैप्शन में इजस्टिसफॉरसुशांत लिखा। श्वेता ने यह पोस्ट अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धन शोधन मामले में केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के पहले किया।

मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड के निर्देशकों आदित्य चोपड़ा, महेश भट्ट और संजय लीला भंसाली समेत 56 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। मुंबई पुलिस सुशांत सिंह की मौत की घटना के विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है। पटना निवासी राजपूत के 77 वर्षीय पिता कृष्ण किशोर सिंह की प्राथमिकी पर बिहार पुलिस ने भी कार्वाई शुरू कर दी थी।

बिहार पुलिस ने सुशांत के पिता की शिकायत पर उनकी कथित प्रेमिका रिया चक्रवर्ती और उनके परिजन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, आपराधिक षड्यंत्र रचने, धोखाधड़ी और अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया था। इस आधार पर सीबीआई दोबारा प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। रिया ने सर्वोच्च न्यायालय में उनकी याचिका लंबित होने का हवाला देते हुए पहले ईडी के समक्ष पेश होने से इनकार कर दिया था।

# मैन्ग्रोव की बर्बादी के लिए मुम्बई की बाढ़ जिम्मेदार : विशेषज्ञ



**मुम्बई।** पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि अनियोजित निर्माण और मैन्ग्रोव की बर्बादी मुम्बई में हर साल बाढ़ के लिए जिम्मेदार है।तटीय सदाबहार वनस्पति को मैन्ग्रोव कहा जाता है।शहर के पर्यावरणविद देबी गोयनका ने बताया कि मैन्ग्रोव काफी पानी सोख लेते हैं लेकिन मुम्बई में बुनियादी ढांचे के विकास की आड़ में उन्हें नष्ट किया जा रहा है।उन्होंने कहा, मैन्ग्रोव के नष्ट होने का मुख्य कारण यकीनन बाढ़ है, क्योंकि मैन्ग्रोव से ली गई जमीत अब बारिश के पानी को समुद्र में जाने से रोकती है। मैन्ग्रोव की पानी सोखने की क्षमता भी अब कम हो गई है। उन्होंने दावा किया कि आज सबसे बड़ी समस्या सरकारी एजेंसियां है, जिनकी जिम्मेदारी मैन्ग्रोव का संरक्षण करना है लेकिन वे बुनियादी ढांचे के विकास के नाम पर उन्हें बर्बाद कर रहे हैं।उन्होंने कहा, सड़क, ट्रांसमिशन लाइन, माल ढुलाई गलियारा बनाने के लिए मैन्ग्रोव द्वारा मुफ्त में मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक अवसंरचना को बर्बाद किया जा रहा है। गोयनका ने कहा, हमें जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और समुद्र के स्तर में वृद्धि के इस युग में हमारी प्राथमिकताओं की गंभीरता से समीक्षा करने की आवश्यकता है। क्या हमें अधिक सड़कों की आवश्यकता है या हमें मैन्ग्रोव को बरकरार रखने की आवश्यकता अधिक है?

इसी तरह की चिंता मैन्ग्रोव सोसाइटी ऑफ इंडिया (एमएसआई) जैसी एजेंसियों ने भी व्यक्त की। उसने अपनी 2019 की रिपोर्ट में कहा था कि महाराष्ट्र तट रेखा पर मैन्ग्रोव के बर्बाद होने के 75 मामले सामने आए हैं।

# युवा भारतीय राजनीतिज्ञों की मनोस्थिति को जानने में मदद करेगी किताब

**भाषा। नई दिल्ली**

**भारतीय** नेताओं पर लिखी गई एक नई किताब पाठकों को देश के भविष्य के प्रमुख राजनीतिज्ञों के 20 साक्षात्कारों के जरिए मौजूदा भारतीय राजनीति को समझने में मदद करेगी।

इंडिया टूमॉरो: कनवरसेशन विथ नेक्स्ट जेनरेशन ऑफ पॉलिटिकल लीडर नाम से प्रकाशित किताब में 50 साल से कम उम्र के राजनीतिज्ञों के साक्षात्कार हैं जिसके जरिए राहुल गांधी, स्मृति जुबीन ईरानी, वरुण गांधी, उमर अब्दुल्ला, अखिलेश यादव और अन्य के जीवन और व्यक्तित्व को जानने का मौका मिलेगा। इस किताब को शिक्षाविद प्रदीप छिब्बर और हर्ष शाह ने लिखा है। किताब के प्रकाशक ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) के मुताबिक इस किताब में शामिल नेताओं के व्यक्तित्व, महत्वकांक्षा, विचारधारा, रुचि, जुनून और प्रेरणा को जानने की कोशिश की गई जो अगली पीढ़ी के राजनेता हैं और भारत का भविष्य तय करेंगे।

ओयूपी ने कहा, आप उनका नाम जानते हैं लेकिन यह नहीं जानते हैं कि जो हम अखबार और टेलीविजन चैनलों पर कार्यक्रम एवं सामाचार कार्यक्रम में सुनते एवं देखते हैं उसके पीछे क्या है। उदाहरण के लिए , उनके पीछे की प्रेरणा क्या है? उनका राजनीति से परे किस चीज को लेकर जुनून और रुचि है? भारत के कुछ सबसे अहम मुद्दे पर उनकी राय क्या है? क्या उन्हें अपने राजनीतिक करियर को लेकर कोई अफसोस है? उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि किताब में मौजूद 20 राजनीतिज्ञों के साक्षात्कार पूर्ण नहीं हो सकते लेकिन दावा किया कि उम्र, अनुभव, क्षेत्र, राजनीतिक पार्टी, लिंग और सबसे महत्वपूर्ण विचारधारा के आधार पर ईमानदारी से प्रतिनिधित्व में विविधता देने की कोशिश की गई है।

# सिंधू, प्रणीत और सिक्की चार महीने बाद कोर्ट पर लौटे

**कोरोना ब्रेक के बाद पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन स्टेडियम में शुरू किया अभ्यास**



एजेंसी। नई दिल्ली

**विश्व** चैंपियन पीवी सिंधू, बीसाई प्रणीत और एन सिक्की रेड्डी कोरोना वायरस के कारण चार महीने तक कोर्ट से दूर रहने के बाद शुक्रवार को हैदराबाद स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में कड़ी सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत अभ्यास के लिए पहुंचे। तेलंगाना सरकार से एक अगस्त को मंजूरी मिलने के बाद साइ ने ओलंपिक का टिकट हासिल करने वाले संभावित आठ खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय बैडमिंटन शिविर शुरू करने का फैसला किया।

राष्ट्रीय मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि मैं इस लंबे ब्रेक के बाद अभ्यास के लिए अपने शीर्ष खिलाड़ियों को वापस देखकर बहुत खुश हूं। हम सुरक्षित वातावरण में प्रशिक्षण फिर से



शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में जो आठ खिलाड़ी शामिल है उनमें लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल, पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत, महिला युगल खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा और पुरुष युगल में चिराग शेट्टी एवं सत्विक साईराज की जोड़ी भी शामिल है। हैदराबाद में रहने वाली साइना ने शुक्रवार को अभ्यास में भाग नहीं लिया, जबकि मार्च में अपने-अपने घरों में चले गए अन्य खिलाड़ी अभी वापस नहीं लौटे हैं। सिंधू शुक्रवार को अभ्यास शुरू करने पहुंचने वाली सबसे पहली खिलाड़ी थीं, जिन्होंने गोपीचंद और विदेशी कोच पार्क तेइ-सांग की देख-रेख में अभ्यास किया। रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू के पिता पीवी रमन्ना ने कहा कि सिंधू ने शुक्रवार सुबह 6:30 से 8:30 तक अभ्यास किया। गोपी और पार्क भी मौजूद थे। वह इस सप्ताह इसी समय में हर रोज अभ्यास करेगी। शाम में वह सुचित्रा अकादमी में फिटनेस प्रशिक्षण करेंगी। उन्होंने कहा कि वह घर में भी अभ्यास कर रही है इसलिए शारीरिक रूप से अच्छी स्थिति में है, लेकिन अक्टूबर तक कोई टूर्नामेंट नहीं है इसलिए वह चीजों को आराम से ले रही है। वह कार्यभार को ज्यादा नहीं बढ़ा रही है। हमें सतर्क रहना है। सिंधू के बाद प्रणीत और सिक्की ने 8.30 से 10.30 बजे तक अभ्यास किया।

विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज प्रणीत ने कहा कि आखिरकार लंबे समय के बाद प्रशिक्षण प्राप्त करना अच्छा था। मैंने लगभग 8:30-45 बजे अभ्यास शुरू किया। गोपी सर और नए कोच अगुस द्वी संतोसो और कुछ फीडर थे। सभी प्रोटोकॉल जैसे कि सैनिटाइजिंग, तापमान मापने वाला और ऑक्सीमीटर वहां रखा हुआ है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मार्च में लॉकडाउन लगने के बाद से अपने घरों में है। कोविड-19 महामारी के कारण दुनियाभर में बैडमिंटन सहित सभी खेलों को रोकना पड़ा था। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पहले हैदराबाद में एक जुलाई से राष्ट्रीय शिविर आयोजित करने की योजना बनाई थी, लेकिन राज्य सरकार से हरी झंडी नहीं मिली।

### ब्रेक के बाद कोर्ट में उतरना था थका देने वाला

सिक्की ने कहा कि इतने लंबे ब्रेक के बाद कोर्ट में उतरना थका देने वाला था। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा लेकिन यह थका देने सत्र था। हर कोई चीजों को फिर से शुरू करने के लिए बहुत खुश था। वहां सिर्फ मैं, कोच नामरिह सुरतो और स्पारिंग के लिए इंडोनेशियाई जोड़ी थी। हमारी योजना धीरे-धीरे लय हासिल करने की है। अपनी महिला युगल खिलाड़ी अश्विनी के बारे में पूछे जाने पर सिक्की ने कहा कि उनके लिए अभी यहां आने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि टूर्नामेंट और पृथकवास नियमों के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। अभ्यास सत्र का आयोजन राज्य सरकार के नियमों के अलावा स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशानिर्देशों और साइ द्वारा तैयार किए गई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। एथलीटों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, अकादमी को रंग के हिसाब से अलग-अलग क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। ग्रीन जोन या खेल के मैदान के अंदर केवल एथलीटों और कोचों को जाने की अनुमति है, जबकि सहायक कर्मचारियों और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। खेल के क्षेत्र में उनकी पहुंच प्रतिबंधित है।

# टेनिस में आयु सत्यापन के लिए उठ रहे टीडब्ल्यू-थ्री परीक्षण पर सवाल

एजेंसी। नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) ने खेल में उम्र की धोखाधड़ी से निपटने के लिए टीडब्ल्यू-थ्री परीक्षण शुरू करने की घोषणा की है, लेकिन विशेषज्ञों ने इस लोकप्रिय विधि की सीमित सीमाओं का जिक्र करते हुए एफईएलएस तरीका या एपिजेनेटिक क्लॉक जैसी अधिक विश्वसनीय तकनीकों को अपनाने का सुझाव दिया है। टैनर व्हाइटहाउस 3 (टीडब्ल्यू-थ्री) विधि के उपयोग को लेकर विशेषज्ञ बंटे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) भी मानती है कि यह काफी हद तक अनिर्णायक है। इसका हालांकि व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। देश में प्रमुख खेल संघों जिनमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई), अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) खिलाड़ियों का टीडब्ल्यू-थ्री परीक्षण करवाते हैं।

हड्डी की परिपक्वता का आकलन टैनर-व्हाइटहाउस (टीडब्ल्यू) या एफईएलएस विधि से किया जाता है। रक्त के नमूने, अल्ट्रासाउंड और एमआरआई गैर-विकिरण तरीके हैं, लेकिन आईओसी के अनुसार वे भी पर्याप्त नहीं हैं। टीडब्ल्यू-थ्री विधि में व्यक्ति की हड्डी की परिपक्वता की जांच करने के लिए बाएं हाथ और कलाई का एक्स-रे किया जाता है, जिससे उनकी



हड्डी की उम्र निर्धारित की जा सके। कलाई के स्कैन में उम्र का अनुमान उन 20 हड्डियों को देखकर लगाया जाता है, जो शुरू में अलग-अलग होती है, लेकिन उम्र बढने के साथ में मिल जाती हैं। रेडियोग्राफ के लिए बाएं हाथ और कलाई के उपयोग करने का एक कारण यह है कि ज्यादातर लोग दाएं हाथ से सक्रिय होते हैं। ऐसे में बाएं हाथ की तुलना में दाहिने हाथ के चोटिल होने की अधिक संभावना होती है। डॉ. सुनीता कल्याणपुर और उनके रेडियोलॉजिस्ट पति अर्जुन कल्याणपुर ने एआईएफएफ के लिए लगभग 3,000 फुटबॉलरों पर टीडब्ल्यू-थ्री परीक्षण किए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि यह 100 प्रतिशत सटीक नहीं है, लेकिन यह वास्तविक उम्र का निर्धारण करने के बहुत करीब है।

अर्जुन ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में तकनीक में काफी बदलाव आया है। हम डेनमार्क के एक सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं। प्रक्रिया बहुत अधिक परिष्कृत है। इसमें एक मिनट से कम समय लगता है और बच्चों को कोई जोखिम नहीं होता है। पहले वास्तविक उम्र के साथ अंतराल चार साल तक था, लेकिन अब मुश्किल से 6 से 9 महीने है। विशेषज्ञों का हालांकि मानना है कि किसी भी तकनीक का इस्तेमाल करने पर जांच कर निकाली गई उम्र और जैविक उम्र से दो-तीन साल का अंतर हो सकता है। मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के फिजियो अमांडा जॉनसन ने कहा कि जिस बच्चे का जल्दी विकास होता है वह 13-14 साल की उम्र में 16 साल का लग सकता है। शोध से पता चला है कि टीम के खेल में जो बच्चे बड़े और मजबूत होते हैं, उनके चुने जाने की संभावना अधिक होती है। ऐसे बच्चे परीक्षण के दौरान जैविक रूप से अधिक परिपक्व होते हैं।

### अलग-अलग बच्चों के विकास की गति होती है अलग-अलग


अमांडा ने यह भी बताया कि एमयूएफसी ने हड्डी और जैविक आयु के अंतर की जांच के लिए एक अध्ययन किया था। उन्होंने कहा कि इस अध्ययन में पाया गया कि लगभग 30 फीसद खिलाड़ियों का शुरुआती विकास या तो देर से होता है या जल्दी होता है। ऐसे में आयु-निर्धारित समूहों में प्रशिक्षण से गुजरने वाले कई खिलाड़ी निर्धारित प्रशिक्षण आहार से बेहतर लाभ नहीं उठा सकते हैं। आईओसी ने जून 2010 में इस मुद्दे पर कहा था, अलग-अलग बच्चों के विकास की गति अलग-अलग होती है। एक्स-रे स्कैनिंग द्वारा हड्डियों की आयु का आकलन सीमित है और इससे जैविक आयु का सटीक निर्धारण नहीं होता है। लखनऊ के खेल दवा विशेषज्ञ डॉ. सरनजीत सिंह ने कहा कि इसके लिए एपिजेनेटिक वॉच तरीका ज्यादा सटीक है। उन्होंने कहा कि एपिजेनेटिक वॉच विधि में हम मिथाइल समूहों के आणविक मार्कर को देखते हैं, जिन्हें डीएनए से जोड़ा या हटाया जा सकता है। डीएनए मार्कर के अध्ययन को एपिजेनेटिक्स कहा जाता है और वर्तमान में अध्ययन का एक बहुत ही नया और सक्रिय क्षेत्र है।

# बीसीसीआई का दावा, यूएई में आईपीएल कराने को सैद्धांतिक मंजूरी मिली

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कराने की मंजूरी मिल गई है और आठ फ्रेंचाइजी टीमों ने अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए कोविड-19 जांच प्रोटोकॉल और पृथकवास शुरू करके अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि लिखित में मंजूरी अगले कुछ दिनों में कभी भी मिल सकती है।

शीर्ष सूत्र ने कहा कि हमें सैद्धांतिक रूप से मंजूरी मिल गई है और लिखित में मंजूरी कभी भी मिल जाएगी। ज्यादातर फ्रेंचाइजी बीसीसीआई के आदेश के अनुसार 20 अगस्त के बाद बेस के लिए रवाना होंगी। चेन्नई सुपरकिंग्स 22 अगस्त को रवाना होने के लिए तैयार है। मुंबई इंडियंस ने अपने भारतीय खिलाड़ियों को अपने बेस पर पृथकवास में रख दिया है। कुछ फ्रेंचाइजी अपने खिलाड़ियों के लिए उनके संबंधित शहरों में कोविड-19 परीक्षण का इंतजाम कर रही हैं, जिसके बाद वे यूएई जाने के लिए अपने प्रस्थान बेस (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरू) जाएंगी। फ्रेंचाइजी के वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, अगर उनका पीसीआर परीक्षण हो जाएगा और इसकी रिपोर्ट नेगेटिव होगी तो यह अच्छा होगा। इससे वे 24 घंटे के अंतर पर दो परीक्षण करा सकते हैं जैसा कि यूएई



**अगले कुछ दिनों में मिल सकती है लिखित में मंजूरी**

**20 अगस्त के बाद बेस के लिए रवाना होगी ज्यादातर फ्रेंचाइजी**

रवाना होने से पहले बीसीसीआई की मानक परिचालन प्रक्रिया में जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि दो परीक्षण अनिवार्य हैं, ज्यादातर फ्रेंचाइजी भारत से रवाना होने से पहले कम से कम चार परीक्षण कराएंगी।

खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को इस शर्त पर अपने परिवार को ले जाने की अनुमति दी गई कि वे बायो-बबल में ही रहें। हालांकि पता चला है कि टीम में कुछ खिलाड़ी कड़े पृथकवास प्रोटोकॉल में जाने के पक्ष में नहीं हैं। एक सीनियर खिलाड़ी ने कहा कि मेरा पांच साल का बच्चा है और मैं इन हालात में अपने परिवार के साथ यात्रा करने का जोखिम नहीं ले सकता क्योंकि स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोपरि है।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनव बिंद्रा आभासी दौड़ में लेंगे भाग



**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा कोविड-19 महामारी के प्रभावित लोगों के लिए कोष जुटाने की पहल सनफीस्ट इंडिया रन ऐज वन में हिस्सा भाग लेंगे। ऑनलाइन तरीके से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए 99 रुपये का पंजीकरण शुल्क है। इसका आयोजन 15 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा। इससे जमा धनराशि कोरोना वायरस महामारी से प्रभावितों की मदद की जाएगी। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में बिंद्रा ने कहा कि हममें से बहुत से लोग भाग्यशाली हैं कि उनके पास फोन या लैपटॉप हैं। हम घर पर आराम से बैठे हैं। देश भर में अन्य लोग इतने भाग्यशाली नहीं रहे हैं। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले इस निशानेबाज ने कहा कि सनफीस्ट इंडिया रन ऐज वन अभियान के साथ, हमें उन लोगों के साथ एकजुटता दिखाने का मौका मिलता है, जिन्होंने अपनी आजीविका खो दी है या आजीविका को खोने का खतरा है।

### शुभंकर पहले दिन के खेल के बाद 110वें स्थान पर

**हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2020 इंग्लिश चैंपियनशिप के पहले दिन पार-71 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 110वें स्थान पर हैं, जिससे उनका कट हासिल करना मुश्किल होगा। होनबरी मैनर मैरियट होटल और कंट्री क्लब कोर्स में शर्मा में पहले दो होल में बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की, लेकिन वह लय को बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने चार बर्डी और इतने ही बोगी लगाई। कोरोना महामारी के प्रभाव के कम होने के बाद पिछले सप्ताह उन्होंने हीरो ओपन से वापसी की थी लेकिन वहां भी कट हासिल करने में नाकाम रहे थे। सात खिलाड़ी सात अंडर-64 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### मुंबई सिटी एफसी ने पाउलो मचाडो से करार खत्म किया

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग की फ्रेंचाइजी मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को पुष्टि की कि पुर्तगाल के अनुभवी मिडफील्डर पाउलो मचाडो ने आपसी सहमति से टीम से अलग होने का फैसला किया। 34 साल के मचाडो अगस्त 2018 में क्लब से जुड़े थे। उन्होंने क्लब के साथ अपने दो साल के समय के दौरान अमरिंदर सिंह के साथ टीम की कप्तानी का भी दारोमदार संभाला था। वह अपने शुरुआती सत्र में टीम के सभी 18 लीग मैचों में मैदान पर उतरे थे। इस दौरान उन्होंने क्लब को दूसरी बार प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। 2019 के सत्र में वह चोटिल होने के कारण नौ मैच ही खेल सके थे। मुंबई सिटी एफसी के सह-मालिक बिमल पारेख को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पाउलो इन दो वर्षों में एक सच्चे पेशेवर की तरह रहे। क्लब पर उनका प्रभाव बहुत अधिक रहा है। हम क्लब में उनके योगदान के लिए आभारी हैं।

### कोरोना महामारी के चलते 66 खिलाड़ी एनएफएल से हटे

**वाशिंगटन।** कोरोना वायरस महामारी के कारण कुल 66 खिलाड़ियों ने 2020 एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग) से हटने का फैसला किया है। गुरुवार को हटने की अंतिम तारीख थी और जिन खिलाड़ियों ने मेडिकल आप्ट-आउट करने का फैसला किया है, उन्हें 350,000 डॉलर का वजीफा मिलेगा, जबकि जिन्होंने स्वेच्छा से हटने का फैसला किया है, उन्हें भविष्य के वेतन से अग्रिम वेतन के रूप में 150,000 डॉलर मिलेंगे। आगामी सत्र 10 सितंबर से शुरू होगा।

### पेरेज कोरोना पॉजिटिव, दूसरी एफ-1 रेस में नहीं लेंगे भाग

**सिल्वरस्टोन।** सर्गियो पेरेज कोरोना वायरस की जांच में फिर पॉजिटिव आए हैं, जिससे वह इस हफ्ते दूसरी फार्मूला वन रेस में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। मेक्सिको के ड्राइवर को पृथकवास में सात दिन बिताने के बाद वापसी की उम्मीद थी, लेकिन उनकी रेसिंग प्वाइंट टीम ने शुक्रवार को सुबह कहा कि वह दोबारा जांच में पॉजिटिव आए हैं। टीम ने कहा कि वह शारीरिक रूप से ठीक हैं और उबर रहे हैं। उसने कहा कि पूरी टीम सर्गियो और उनके परिवार के अच्छा होने की कामना करती है, हम उनकी वापसी के लिए उत्सुक हैं। इसका मतलब है कि जर्मनी के अनुभवी निको हल्केनबर्ग फिर से रविवार को ग्रां प्री की 70वीं वर्षगांठ के मौके पर ब्रिटिश ग्रां प्री में पेरेज की जगह लेंगे। पिछले हफ्ते इसी जगह हुई रेस के दौरान इंजन समस्या के कारण शुरुआत नहीं कर पाए थे।

# फेसबुक पर आईसीसी वीडियो चैनल 1.65 अरब बार देखा गया

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वीडियो चैनल को फेसबुक पर इस साल शुरुआती छह महीनों में सबसे ज्यादा लोगों ने देखा जो अन्य वैश्विक खेल महासंघों की तुलना में दोगुने से अधिक है। आईसीसी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

आईसीसी ने कहा कि इसके वीडियो चैनल पर 2020 की पहली छमाही में व्यूज की संख्या 1.65 अरब थी, जो सोशल मीडिया के इस मंच पर अन्य शीर्ष खेल संस्थानों की तुलना में कहीं अधिक है। आईसीसी ने कहा कि यह नतीजे फेसबुक के क्राउडटैंगल्स एनालिसिस से लिए गए हैं। उसने कहा कि पिछले 12 महीनों की तुलना में इसका फेसबुक चैनल अपने वर्ग में सबसे ज्यादा व्यस्त पेज रहा। आईसीसी ने कहा कि इस चैनल मे इतिहास में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला दिन तब था जब बांग्लादेश ने अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप 2020 के फाइनल में भारत पर जीत हासिल की थी, जिसे 44 लाख दर्शकों ने देखा। उसने कहा कि मार्च में आस्ट्रेलिया में हुए महिला टी-20 विश्वकप में चैनल को 1.1 अरब वीडियो व्यूज मिले जो 2018 चरण की तुलना में 1900 प्रतिशत ज्यादा थे, जिसे यह अब तक सबसे ज्यादा देखा गया आईसीसी महिला टूर्नामेंट बन गया।

## पीसीबी ने 63 ग्राउंड स्टाफ के लिए वित्तीय पुरस्कार की घोषणा की

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को उन 63 ग्राउंड स्टाफ के लिए वित्तीय पुरस्कार की घोषणा की, जिन्होंने 2020 पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के दौरान चार शहरों में बेहतरीन काम किया। पीएसएल का पिछला चरण 20 फरवरी को शुरू हुआ था, लेकिन मार्च में कोविड-19 के कारण इसे ग्रुप चरण के बाद निलंबित कर दिया गया था क्योंकि पीसीबी ने खुलासा किया था कि एक विदेशी खिलाड़ी में कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखे थे। पीसीबी ने कहा, कराची, लाहौर, मुल्तान और रावलपिंडी के 63 ग्राउंड स्टाफ (मैदान पर काम करने वाले) को अगस्त के महीने में उनके वेतन का 50% बोनस मिलेगा।

# सीपीएल के लिए यात्रा करने वाले 162 सदस्य कोविड-19 जांच में नेगेटिव

एजेंसी। पोर्ट आफ स्पेन

**कैरेबियाई** प्रीमियर लीग (सीपीएल) में हिस्सा लेने के लिए त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यात्रा करने वाले खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ, मैच अधिकारियों और प्रशासकों के 162 सदस्यीय दल को कोविड-19 जांच में नेगेटिव पाया गया है। सीपीएल की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार लीग की सुरक्षा के लिए कड़े प्रोटोकॉल के अंतर्गत तीन खिलाड़ी और एक कोच यात्रा नहीं कर सके हैं। टूर्नामेंट 18 अगस्त से शुरू होगा और त्रिनिदाद में दो स्थलों पर 33 मैच खेले जाएंगे। पहले मैच में पिछले साल की उप विजेता गुयाना एमेजन वारियर्स का सामना त्रिनबागो नाइटराइडर्स (टीकेआर) से होगा। फाइनल 10 सितंबर को खेला जाएगा।

**18 से टूर्नामेंट शुरू त्रिनिदाद में दो स्थानों पर खेले जाएंगे 33 मैच**

**10 सितंबर को खेला जाएगा फाइनल**

यह पहली बार है जब भारतीय क्रिकेटर सीपीएल में हिस्सा लेंगे। मुंबई के 48 साल के लेग स्पिनर प्रवीण ताम्बे टीकेआर की ओर से खेलेंगे, जिन्होंने हाल में घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। हर व्यक्ति का 72 घंटे पहले परीक्षण किया गया, ताकि यात्रा करने वाले सभी सदस्य वायरस मुक्त रहें। जमैका में बसे एक खिलाड़ी को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया था और वह दो अन्य के साथ ट्रेनिंग कर रहा था इसलिए सभी तीनों को हटने को कहा गया। एक कोच आस्ट्रेलिया में बसे हैं, जिन्हें भी पॉजिटिव पाया गया जिससे वह भी यात्रा नहीं कर सके। इन 162 लोगों को अधिकारिक होटल में 14 दिन के लिए पृथकवास में रखा जाएगा जहां उनकी नियमित तौर पर जांच होगी।

# युवा खिलाड़ियों के लिए शुरुआत में सही तकनीक सीखना जरूरी: भरत छेत्री

एजेंसी। बेंगलुरु

**भारत** के पूर्व हॉकी कप्तान भरत छेत्री का मानना है कि खिलाड़ियों को सफलता के लिए कम उम्र में सही तकनीक सीखना जरूरी है। उन्होंने युवाओं से बेसिक्स पर काम करने का आग्रह किया। भारत के लिए 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि एक पूर्व खिलाड़ी के रूप में आप जानते हैं कि इस खेल में सफल होने के लिए सही तकनीक का होना कितना महत्वपूर्ण है।

छेत्री ने कहा कि मैं एक गोलकीपर था और हमारे लिए वास्तव में यह महत्वपूर्ण था कि हम बुनियादी तकनीक को सीखें। उन्होंने कहा कि हमारे समय में हमें सही चीजों के बारे में बाद में पता चला जब हमने दुनिया



भर में खेलकर अनुभव हासिल किया। देश में मौजूदा दौर के युवा खिलाड़ियों के लिए फायदे की बात है कि उनके पास सुविधाओं और कोचिंग का बढ़िया स्तर भी मौजूद है। हॉकी दुनिया भर में विकसित हुई है और छेत्री ने कहा कि वह वास्तव में खुश हैं कि भारत में खेल से जुड़े लोग भी व्यापार को अच्छी तरह से सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें बहुत सारे कारक शामिल हैं, जैसे कि युवा खिलाड़ियों के लिए अधिक मौके और खेल के सभी मूल सिद्धांतों पर उन्हें जानकारी देना। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि देश में युवा अपने संबंधित कॅरियर से जुड़ी चीजो में जल्दी सही तकनीक सीखे क्योंकि इससे वह दूसरे खिलाड़ियों से बेहतर होंगे। पूर्व गोलकीपर ने कहा कि वह अपने कॅरियर में बहुत कुछ हासिल नहीं कर सके, लेकिन वह युवा खिलाड़ियों को उनके सपनों को साकार करने में मदद करना चाहते हैं। भारतीय टीम की लंदन 2012 ओलंपिक में अगुवाई करने वाले छेत्री ने कहा, ईमानदारी से कहूं, तो जब भी मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मुझे लगता है कि मैं जो हासिल करना चाहता था उसके मुताबिक सफल कॅरियर नहीं बना पाया।

## लंदन मैराथन में सिर्फ शीर्ष धावक लेंगे भाग

**लंदन।** कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित हुई लंदन मैराथन का आयोजन चार अक्टूबर को होगा, जिसमें सिर्फ शीर्ष धावक भाग लेंगे और सामान्य से अलग मार्ग का उपयोग किया जाएगा। मैराथन पूर्वी लंदन में ग्रीनविच में शुरू करने के बजाय इसका आयोजन सेंट जेम्स पार्क के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में होगा जहां दर्शकों को आने की अनुमति नहीं होगी। 42.2 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए धावकों को इस पार्क का चक्कर लगाना होगा। यह हालांकि बकिंघम पैलेस के सामने पारंपरिक स्थान पर समाप्त होगी। इस मैराथन में भाग लेने वाले खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक क्वालीफिकेशन के पात्र होंगे। टोक्यो ओलंपिक का आयोजन 2021 तक के लिए स्थगित हो गया है। ओलंपिक मैराथन चैंपियन एलियड किपचोगे और केनेनिसा बेकेले को पुरुषों की दौड़ में शामिल होने की उम्मीद है।

# सेविला और वोल्वस यूरोपा लीग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ड्यूसबर्ग।** सेविला ने अंतिम-16 के मुकाबले में रोमा को 2-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल खिताब को रिकार्ड छठी बार जीतने की ओर कदम बढ़ाया। सेविला के अलावा वॉल्वरहैम्प्टन, बेयर लीवरकुसेन और बेसल ने भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सर्जियो रेगुलोन ने मैच के 21वें मिनट में पहला गोल दागा, जबकि यूसुफ ईन-नेसरी ने मध्यांतर से ठीक पहले 44वें मिनट में इस बढ़त को दोगुना कर दिया।

क्वार्टर फाइनल में सेविला का सामना मंगलवार को वोल्वस से होगा। इंग्लैंड की इस टीम ने ओलंपिआकोस को 1-0 से हराकर कुल 2-1 की एग्रीगेट बढ़त के साथ 48 साल में पहली बार यूरोपा लीग के क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई किया। राउल जिमीनेज ने नौवें मिनट में मैच का इकलौता गोल किया। बेयर लीवरकुसेन ने रेंजर्स को 1-0 से हराया जिसे क्वार्टर फाइनल में इंटर मिलान से भिड़ना है। बासेल ने फाबियान प्रेई को हराया। क्वार्टर फाइनल में इस टीम का सामना शाख्तर डोनेट्स्क से होगा। क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने वाली आठ टीमें सात अलग-अलग देशों की है जिसमें से सिर्फ इंग्लैंड की दो टीमें वोल्वस और मैनचेस्टर यूनाइटेड हैं।





**ऑटोमेशन भारत में निर्माण उद्योग के लिए 'वोकल फार लोकल' कथा का प्रमुख चालक बन जाएगा। कोविड-19 उपरांत दौर में व्यापार के प्रसार में सहायक रोबोट्स किस प्रकार महत्वपूर्ण होंगे इसे स्पष्ट रूप से समझा रहे हैं प्रदीन डेविड।**

# कोबोट्स

# सहायक रोबोट्स का जमाना

दुनिया मंदी की हालत में है और वैश्विक अर्थव्यवस्था ने इतिहास में सबसे बुरी चोट खाई है। कच्चे तेल की नकारात्मक कीमत से लेकर विश्वव्यापी तालाबंदी तक, सुधार की संभावनाओं को देखते हुए, इसने वैश्विक अर्थव्यवस्था को घुटनों के बल ला दिया है। वैश्विक मामलों के 80 लाख तक पहुंचने से, घातक महामारी के असर को भौगोलिक सीमाओं से परे देखा जा सकता है। इसके कारण जीवन पद्धति में भारी बदलाव आया है और समूची दुनिया नयी सहजता के साथ सामने आ रही है। जैसा कि प्रसिद्ध कहावत है, 'प्रत्येक संकट एक अवसर लेकर आता है' और इस महामारी ने व्यापारों को रचनात्मक होने तथा इस प्रवाह में टिकने का एक नवोन्मेषी नजरिया अपनाने का अवसर प्रदान किया है। अधिकांश देश चाहे वो विकसित हों या विकासशील- स्थिति से मुकाबला करने तथा किसी भी भावी मुसीबतों के लिए तैयार रहने के लिए सक्रिय रूप में पूर्णतया आत्मनिर्भरता के अवसर तलाश रहे है।

## भारतीय परिदृश्य

उत्पादनकारी निर्माण क्षेत्र कोरोना वायरस के कारण सबसे बुरी प्रभावित हुआ है। बिजनेस प्रकाशन के अनुसार, मौसम आधारित समायोजित आईएचएस मार्केट इंडिया मैन्यूफेक्चरिंग परचेसिंग मैनेजजर इंडेक्स (पीएमआई), निर्माण ईकाई का स्वास्थ्य चिंतन, इस साल मार्च में 51.8 से नीचे गिरकर अप्रैल में 27.4 पर आ गया। शेष दुनिया की तरह, भारत भी, कोविड -19 वायरस का भारी संक्रमण अनुभव कर रहा है और धीरे-धीरे महामारी के दूसरे चरण में पहुंच गया है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत 2018 के अंत तक दुनिया की छठा सबसे बड़ा उत्पादनकारी देश था। हालांकि, उत्पादनकारी निर्माण क्षेत्र होने से पिछले 15 सालों में बिजनेस स्थितियों में जबरदस्त गिरावट सामने आई है, समायोजित आईएचएस मार्केट इंडिया मैन्यूफेक्चरिंग परचेसिंग मैनेजजर इंडेक्स (पीएमआई), निर्माण ईकाई का स्वास्थ्य चिंतन, इस साल मार्च में 51.8 से नीचे गिरकर अप्रैल में 27.4 पर आ गया।

जैसा कि समूचे देश में वर्तमान तालाबंदी खुलने का चरण आरंभ है, सोशल डिस्टेंसिंग, सख्त स्वच्छता उपाय अनुपालन, तथा सुदूर रहकर काम करना, सभी नयी सहजता का अंग बन गए हैं। निर्माण क्षेत्र, हालांकि उन चुनींदा स्थानों में से एक है, जहां ऑनलाइन बैठकें ही बहुत ज्यादा की जा सकती हैं। आखिरकार, काम की अधिकांश प्रकृति स्थल आधारित, प्रत्यक्ष और समय संवेदित है, इसलिए घर से काम करना हमेशा एक विकल्प नहीं है।

## भारत के लिए अवसर

जमीनी सच्चाई यह है कि कोविड-19 के जल्द किसी समय दबने की संभावना नहीं है। इसलिए हमारा दैनिक जीवन को जल्द, संक्रमण के खतरे की रोकथाम के उचित उपाय अपनाने होंगे। फारेस्टर एनालिटिक्स के अनुसार, हम महामारी के दूसरे चरण में कदम रख रहे हैं, जो हमें स्थिति को अपनाने और काबू पाने के लिए तैयार करता है। आगे बढ़ते रहने के लिए, इंडस्ट्री को नयी सहजता के साथ समायोजन बैठाने और रणनीति बनाने की जरूरत है कि किस तरह अभी तक हो चुकी हानि की पूर्ति की जाएं, वो भी क्षमता को उन्नत तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करते हुए।



## नया नजरिया: सहायक रोबोट्स या कोबोट्स

हालांकि सरकार की आत्मनिर्भर भारत अभियान की पहल कामकाज को फिर से शुरू करने तथा खुद को स्थिर करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने का एक उल्लेखनीय कदम है, मगर यह जरूरी है कि विनिर्माता तकनीक के साथ जुड़ने और मशीनीकरण को अपनाने की आवश्यकता पहचानें। असलियत में, ईवाई द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि दुनिया के 41 फीसदी नियोक्ता उत्पादकता घटने की कमी को पूरा करने तथा संकट उपरांत दुनिया के लिए तैयार होने की कोशिश में तेजी से मशीनीकरण योजना की ओर बढ़ रहे हैं। कर्मचारियों और तकनीकी की निष्ठा का सामान्यीकरण ऐसा मार्ग प्रशस्त करेगा, जो सेक्टर को प्रगति की ओर ले जाएगा, भारतीय बिजनेस को स्थिरता देगा और आत्मनिर्भरता में सक्षम बनाएगा।

इंडस्ट्री को पुनगर्ठित करना और उसे तकनीक अनुकूल बनाना नयी प्रकार की चुनौतियां लेकर आता है। निर्माण उद्योग द्वारा झेली गयी कुछ बाधाओं में, भारी मात्रा में अकुशल मजदूर होना, बिक्री पटल पर स्थान की कमी, जटिल नयी तकनीक को संचालित करने वाले तकनीकी विशेषज्ञों की कमी होना शामिल हैं। 'सहायक रोबोट्स या कोबोट्स' एक उन्नत रोबोट तकनीक है, जो इन सारी चुनौतियों के निपटने का उत्तम समाधान प्रदान करती है, जो भारतीय मिल मालिकों को एक आसान मशीनीकरण समाधान प्रस्तावित करती हैं।

## मानव रोबोट सहयोग के जरिए उत्पादन कार्य को सशक्त बनाना

हालांकि औद्योगिक रोबोट्स सालों से हमारे पास रह रहे हैं, मगर सहयोगी रोबोट्स ज्यादा नयी तकनीक हैं। कोबोट्स एक उन्नत रोबोटिक भुजा है, जो पूर्व के औद्योगिक रोबोट मशीनों के विपरीत इंसानों के रूप में उसी कार्यदायरे में साझीदारी के लिए बनाए गए हैं, वो भी बिना किसी प्रकार की बोझिल घेराबंदी या बाड़बंदी किए (जोखिमपूर्ण संभावना के पूर्वानुमान को देखते हुए)। यह उनकी उन्नत सुरक्षा खूबियों की मेहरबानी है, जो 65 एकाधिकारों से सर्वर्धित है, जिनमें सुरक्षात्मक रोक शामिल है, जो कोबोट के गति मार्ग बाधित होने की स्थिति में सक्रिय हो जाती है, जिससे सुनिश्चित होता है कि कोबोट के संपर्क में आने वाले व्यक्ति को कोई हानि न पहुंचे। महज कोबोट में एंड-ऑफ-आर्म-टूलिंग में बदलाव के जरिए, यह विभिन्न प्रकार के कामों में उपयोगी हो सकता है, इन कामों में सीएनसी और अन्य मशीनों की देखभाल से लेकर, डिस्पेंसिंग, गुणवत्ता जांच, उठाना और रखना, पेंच कसना आदि अनेक काम आते हैं। यह खूबी उन्हें प्रत्येक इंडस्ट्री अनेक प्रकार के कार्य करने में उपयोग होने वाला बहुआयामी बनाती है।

> **इंसानों और कोबोट्स् को एक साथ काम करने की अनमुति देने से कोबोट्स मानव कार्यकर्ताओं के बीच संपर्क की आवश्यकता घटाते हैं, सुनिश्चित करते हैं कि वे सुरक्षित सामाजिक दूरी वाले मानक बरकरार रखते हैं। यह भीड़ में एकत्रित कतारों तथा श्रमिकों से भरपूर कारखाना छतों में खासतौर पर जरूरी हैं जिन्हें यह सुनिश्चित करने के उपाय अपनाने पड़ेंगे कि लोगों के बीच दूरी बनी रहे लेकिन कार्यक्षमता न प्रभावित हो।**

कोबोट्स वे सभी कार्य संभाल सकते हैं, जिनकी काफी दोहराव, पूर्वानुमान और गुणवत्ता की जरूरत होती है, साथ ही साथ वे काम भी जो श्रमदक्षता जोखिम प्रस्तुत करते हैं। लोगों को फिर उन कार्यभारों की आवश्यकता पर ध्यान देने की मोहलत मिलती है, जिनमें मानसिक प्रयासों और इंसानी बुद्धि की आवश्यकता होती है, जो श्रमिक के योग्यता निखार की ओर ले जाती है। मौजूदा महत्वपूर्ण दौर में, यह उद्योग अग्रणियों की प्राथमिकता बन गया है कि न केवल उस कार्य संपादन में अपनी कार्यशक्ति का समझदारी से इस्तेमाल करें, जिनमें इंसानी हस्तक्षेप की आवश्यकता है, जबकि कोबोट वो काम भी संभाल सकता है, जो लोगों के शारीरिक व मानसिक तनाव का कारण बन सकता है।

मानव रोबोट सहयोग इंडस्ट्री 4.0 के प्रमुख चालकों में से एक है, असलियत में, एमआईटी टेक्नोलाजी रीव्यू में प्रकाशित व उसके द्वारा बीएमडब्लू असेम्बली प्लांट पर कराए गए अध्ययन में पाया गया है कि मजदूरों के नीरस-समय में 85 फीसदी की उल्लेखनीय कमी आई है जब वे रोबोट के साथ मिलकर काम करते हैं। इस तरह, कोबोट्स, घरेलू उत्पादन को बेहतर बना सकते हैं और मेक इन इंडिया मिशन में सहायता कर सकते हैं। कोविड-19 दौर में, जब निर्माता श्रमिक अनिश्चितता की समस्याओं से जूझ रहे हैं और मशीनीकरण की आवश्यकता को पहचान रहे हैं, लेकिन सशंकित हैं कि कैसे शुरुआत करें, कोबोट्स बाजार में एक सबसे त्वरित समाधान है, जो भारतीय निर्माताओं द्वारा झेली जा रही मशीनीकरण की अनेक आम समस्याओं को समाधान करता है।

## कोबोट्स उत्पादन कार्य को कैसे प्रोत्साहित करते हैं

**सोशल डिस्टेंसिंग:** इंसानों और कोबोट को एक साथ काम करने की अनमुति देने से, कोबोट्स मानव कार्यकर्ताओं के बीच संपर्क की आवश्यकता घटाते हैं, सुनिश्चित करते हैं कि वे सुरक्षित सामाजिक दूरी वाले मानक बरकरार रखते हैं। यह भीड़ में एकत्रित कतारों तथा श्रमिकों से भरपूर कारखाना छतों में खासतौर पर जरूरी हैं, जिन्हें यह सुनिश्चित करने के उपाय अपनाने पड़ेंगे कि लोगों के बीच दूरी बनी रहे, लेकिन कार्यक्षमता न प्रभावित हो। मूलत, यह व्यापारों को उत्पादकता बढ़ाने में सक्षम बनाता है साथ ही कोविड-19 संक्रमण को रूझान को समतल बनाने में सहायता करता है।

**आंशिक मशीनीकरण:** भारी मशीनरी वाला जटिल मशीनीकरण महंगा, अधिक जगह लेने वाला है, जिसे अधिक कारखानेदारों के लिए संचालित करना कठिन होता है। हालांकि, कोबोट्स समूचे प्लांट के बजाय विशेष उपयोगों का मशीनीकरण सक्षम बनाता है, जिससे पूर्जीगत खर्च उल्लेखनीय रूप से घटता है। इस आंशिक मशीनीकरण का अर्थ है कि निर्माता छोटी शुरुआत कर सकते हैं और उपयोगों को पहचान सकते हैं जिसमें उच्च पूर्वानुमान, एकरसता, या इंसानों के लिए संभावित श्रमदक्षता शामिल होती है, इनके संभाल कार्य में कोबोट्स का उपयोग होता है। उदाहरण के लिए, बाक्सटर लैब में, कोई देख सकता है कि कोबोट्स बोतलों को डिब्बों में रख रहे हैं, जबकि इंसान ऐसा करने के लिए कोबोट के लिए खुले डिब्बों को हाथों से पकड़े हुए है। इस तरह दोनों, एक साथ काम कर रहे हैं और प्रक्रिया उन्नत क्षमता के लिए केवल आंशिक रूप से मशीनीकृत है।

**त्वरित नियोजन एवं व्यवहारिक पुनर्नियोजन:** उनके उपयोग एवं स्थापन की आसानी का अर्थ है कि कोबोट्स आज बाजार में तीव्रतम मशीनीकरण समाधानों में से एक हैं। हालांकि पारंपरिक मशीनीकरण समाधानों की तैनाती में महीनों लग सकते हैं, मगर एक कोबोट सरल उपयोग के लिए एक ही दिन में स्थापित किया जा सकता है, यहां तक नए रोबोट उपयोगकर्ताओं द्वारा भी। साथ ही, कोबोट को बार बार विभिन्न कार्यों के लिए क्रमादेशित किया जा सकता है, मसलन अनेक उपयोगों के साथ लाइटवेट टूल जैसे काम करना। इस अनिश्चित वातावरण में, अनेक उत्पादनकर्ताओं को आवश्यकताओं की आपातकालिकता तथा बदलती उपभोक्ता मांगों के आधार पर विभिन्न उत्पादों पर ध्यान देने के लिए अपनी असेम्बली लाइन को पुनर्निर्देशित करने की जरूरत है। कोबोट्स लचीले हैं और आवश्यकतानुसार उन्हें पुन: स्थापित करना आसान है, वे हाई मिक्स/लो वाल्यूम प्रोडक्शन में सक्षम बनाते हैं।

## लोकतांत्रिक मशीनीकरण

जैसा कि उपरोक्त रेखांकित खूबियों से आप देख सकते हैं कि सहायक रोबोट्स आसान हैं, इन्हें त्वरित ढंग से स्थापित किया जा सकता है, उनमें लो फुटप्रिंट होता है और ये लचीले पुनर्नियोजन में सक्षम हैं। कोबोट द्वारा सहायता से मानव रोबोट साझा उपक्रम के साथ मिलकर, हर स्तर के निर्माताओं के लिए आसानी से इस इंडस्ट्री 4.0 तकनीक को नियुक्त करना संभव बन जाता है। कोबोट्स भारतीय कारखानेदारों द्वारा झेली जा रही मशीनीकरण की समस्याएं कम करते हैं, उन्हें अपने मौजूदा विक्रेता मंचों को बुनियादी स्तर पर बदले बिना रोबोटिक तकनीक का उपयोग करने का अवसर देते हैं। जैसा कि लघु मध्यम कंपनियां भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव निर्मित कर रही हैं, यह महत्वपूर्ण है कि वे मेक इन इंडिया सपनों को साकार करने के लिए गुणवत्ता के वैश्विक मानदंडों पर खरे उतरने के लिए मशीनीकरण में सक्षम हों।

अंत में कोविड-19 वायरस ने दुनिया को असमंजस की स्थिति में ला दिया है, व्यापारों में हलचल मचा दी है और जल्द राहत पाने का कोई संकेत नहीं नजर आ रहा है। यदि कुछ है, जो महामारी ने दिखाया है, तो वह है जीवन की अनिश्चितता और किसी भी भावी उथलपुथल की संभावना के मद्देनजर तैयारी के लिए समझदारीपूर्ण फैसलों में निवेश करने की आवश्यकता। वैश्विक उत्पादन के नए गंतव्य के रूप में भारत पर नजर होने के कारण, उद्योगों को दीर्घकालिक सुधार अवधि के लिए तैयार होने की जरूरत है जहां यह परम महत्वपूर्ण बन गया है कि सीखें कि मानव पूंजी और उत्पादन क्षमताओं का कैसे प्रबंधन करें। कोबोट्स सभी स्तर के निर्माताओं को उन क्षेत्रों के मशीनीकरण का अवसर देते हैं, जिन्हें पहले मशीनीकरण के लिए बहुत छोटा या बहुत महंगा समझा जाता था, जो उपरोक्त खूबियों के जरिए मशीनीकरण की बाधाओं में कमी लाते हैं जो कि पारंपरिक रोबोट्स और मशीनीकरण समाधान प्रदान नहीं कर सकते। वे निर्माताओं को तेजी से बदलती मांगों के मद्देनजर दक्षता बढ़ाने में सक्षम बनाते हैं।

**- लेखक साउथ एशिया, यूनिवर्सल रोबोट्स, के जनरल मैनेजर हैं।**

# लॉग टर्म कोर्स की बजाए रोजगार पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं आज के युवा

**एक** ऑनलाइन शैक्षिक कंपनी, टलेंटेज और मार्केट रिसर्च एजेंसी कान्तार TNS के एक ताजा सर्वे के अनुसार भविष्य में लंबी अवधि के कॅरियर की योजना बनाना संभव नहीं होगा, क्योंकि विकास की गति जॉब मार्केट में बढ़ रही है और युवाओं को लगातार समय की मांग के मुताबिक खुद को ऐसे परिवेश में ढालना बेहद जरूरी होगा। वहीं इससे पहले किए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक आधा से ज्यादा नौकरी तलाश करने वालों ने लंबी अवधि के कॅरियर के उचित अवसर और विकास के लिए अपने कौशल को बढ़ाने के लिए लॉकडाउन अवधि का उपयोग किया। नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव लॉकडाउन की वजह से आया है, संभवत: उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं। डेटा साइंस और एनालिटिक्स कोर्स (22 प्रतिशत), इसके बाद डिजिटल मार्केटिंग (20 प्रतिशत), और वित्त और जोखिम प्रबंधन (16 प्रतिशत) शीर्ष पाठ्यक्रमों में से थे, जो नौकरी ढूढ़ने वालों द्वारा चुने गए थे।

**गेजिंग इन टू द फ्यूचर :** यंग इंडिया, देयर एस्पिरेशंस एंड कॅरियर चॉइस के एक सर्वेक्षण के अनुसार, अल्पकालिक पेशेवर योजना (short-term professional plan) ही एक सही रास्ता है। उत्तरदाताओं ने कहा कि वे तेजी से एक 'नौकरी' के बारे में सोचेंगे और 'कॅरियर' नहीं, क्योंकि उनके आसपास की चीजें तेजी से बदल रही हैं और वे अगले पांच वर्षों में भी ऐसे जीवन कॅरियर की कल्पना नहीं कर सकते हैं, जब बहुत सारे वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के होते हुए भी शायद ही कुछ ऐसे होंगे जो एक उचित परिपेक्ष्य में, अनुकूल और लाभप्रद रोजगार दे सकेंगे।

टलेंटेज ने 20,000 छात्रों में से ऐसे उत्तरदाताओं (Respondents) की पहचान की है, जिन्होंने इस संस्था में पिछले वर्ष नामांकन किया था, उनमें से 60 उत्तरदाताओं ने इस सर्वे में भाग लेने के लिए फाइनल कट दिया है। सर्वेक्षण पर आधारित यह अध्ययन लगभग पांच वर्षों तक किया गया, जिसमें से मानव संसाधन प्रमुखों, सीएक्सओ, कॅरियर काउंसलर और समाजशास्त्रियों के उत्कृष्ट विचारों को संज्ञान में लिया गया, ताकि इस उभरते हुए झुकाव की विस्तृत तस्वीर सामने आ सके और उम्मीदवारों को सही मार्गदर्शन मिल सके।



टलेंटेज के सीईओ आदित्य मालिक ने एक बिजनेस समाचार पत्र में दिए गए एक वक्तव्य में बताया कि 29 साल की औसत आयु के साथ भारत 2020 तक दुनिया का सबसे युवा देश होगा। उन्होंने बताया की वो युवा भारतीयों के विचारों को, उनके कॅरियर के विकल्पों की संभावनाओं को और उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में समझना चाहते थे। अध्ययन में पाया गया कि डिग्रियों का कम्पित अधिग्रहण कॅरियर का एक नया मापदंड होगा, जैसा कि उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें क्रियाशील और व्यावहारिक तजुर्बों से सीखना होगा और जरूरत पड़ने पर और अधिक डिग्री हासिल करनी होगी। विशेषज्ञों ने इस सर्वेक्षण पर विचार विमर्श किया और पाया की शिक्षा सिर्फ एक बार का मामला नहीं होगा बल्कि एक सतत प्रक्रिया होगी, जिसमें युवा जैसे जैसे आगे बढ़ते जाएंगे, डिग्रियां हासिल करते रहेंगे।

आदित्य मालिक ने आगे बताया कि कॉर्पोरेट दुनिया के साथ बढ़ती निराशा युवाओं के जूनून को काम में परिवर्तित करने में उन्हें आगे ले जाएगी। लीक से हटकर बढ़ते हुए पाठ्यक्रमों ने नए कॅरियर को पंख दे दिए हैं। और आज के युवा भी शायद इसे ही ज्यादा महत्व दे रहे हैं और अपना रुझान भी इसी पर केंद्रित कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि उद्यमिता, रचनात्मकता और नवाचार के लिए आज एक बहुत बड़ा स्कोप खुल गया है, यह स्वीकार करते हुए कि वे इस बात को लेकर निश्चित नहीं थे कि यह कितना आकर्षक होगा, क्योंकि इसके लिए बहुत अधिक प्रयास और परिश्रम की आवश्यकता होती है। तो अगर आप एक युवा हैं और अपने कॅरियर को लेकर गंभीर हैं तो शायद आप अच्छी तरह से समझ गए होंगे कि शार्टटर्म का कोई मनचाहा कोर्स आपको सही दिशा में ले जाएगा या फिर कोई लॉन्गटर्म वाला कोर्स।